आज का **तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 27°C |

**इनसाइड न्यूज**

**रेस के नाम पर कत्ल!** लखनऊ की सड़कों पर दौड़ा आतंक, 8 बाइक...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 31 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 286 www.janexpresslive.com/epaper




राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा... 12

## परिवार का सोचते हैं, लाखों युवाओं का क्या सोचेंगे: योगी ने सपा पर साधा निशाना, बोले

# 2017 के पहले चीन के माल से पटा पड़ा था यूपी का बाजार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज को युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 का उद्घाटन किया। यूपी मार्ट नामक डिजिटल पोर्टल की भी शुरुआत की। इस दौरान एमएसएमई विभाग का तीन सरकारी संस्थानों और 14 शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्योग 2017 से पहले भी थे, लेकिन उस समय की सरकार इसके महत्व को समझ नहीं पाई। इन्हें बंद कराने का प्रयास किया। सपा का नाम लिए बगैर कहा कि जिनकी सोच परिवार तक सीमित हो वो लाखों युवाओं के बारे में कैसे सोचेंगे? 2017 के पहले लोग चीन का सामान खरीदते थे। यानी पैसा हमारा होता था और मुनाफा चीन को होता था। फिर वही पैसा देश से बाहर चला जाता था। आज अगर कोई सामान बिकता है, तो वह एक जिला एक उत्पाद का बिकता है। यानी मुनाफा भी हमारा और पैसा भी हमारे देश में रहता है।

### इनोवेटिव स्टार्टअप और ब्रांड्स की प्रदर्शनी लगी

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी प्रदेश के युवाओं को फ्रेंचाइजी व्यवसाय, बिजनेस ऑन व्हील्स, और अन्य इनोवेटिव बिजनेस मॉडल्स की दिशा में प्रेरित किया। कॉन्क्लेव में देशभर के ब्रांड्स, उनकी मशीनरी, स्टॉल्स और लाइव मॉडल्स की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। दो दिवसीय इस आयोजन में युवाओं को नए कारोबार के आइडिया दिखाए जाएंगे। पोर्टल के जरिए युवा उद्यमियों को मशीनरी और संसाधन से जोड़ने की सुविधा मिलेगी।



### कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला सेक्टर है

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार देने वाला कोई क्षेत्र है तो वह एमएसएमई सेक्टर है। उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ के आसपास किसान हैं और अकेले एमएसएमई सेक्टर में पौने दो करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। खेती के लिए सरकार का अगर प्रोत्साहन बंद हो जाए तो 3 करोड़ परिवार प्रभावित होते हैं। तीन करोड़ परिवार का मतलब 15 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं। अगर पौने दो करोड़ एमएसएमई से जुड़े हैं, तो लगभग 5 करोड़ लोग होते हैं। इसलिए हमने एक जिला एक उत्पाद लॉन्च किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ युवा नकल करने का प्रयास करते हैं। किसी को कोई काम करता देखकर वो भी वही काम करने लगते हैं। उन्हें उस काम की जानकारी नहीं होती है और न ही स्टेट या सेंट्रल गवर्नमेंट की स्कीम की जानकारी होती है। फिर वो बिना ट्रेनिंग के लोन लेते हैं। कर्ज बढ़ने लगता है फिर वो पलायन करने की सोचते हैं, तब तक बहुत देर हो जाती है। ऐसे युवाओं का इस कॉन्क्लेव में जानकारियां मिलेंगी।

### न कर्फ्यू खुलता था, न व्यवसाय होता था

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार में राज्य में हर तीसरे दिन दंगा होता था। सवेरा गुंडागर्दी से होता था। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं था, तो उसकी पूंजी क्या सुरक्षित रहेगी? कोई उद्यमी आता नहीं था। जो था वो पलायन करने के लिए मजबूर था। यह उत्तर प्रदेश की 2017 के पहले की तस्वीर है। महीनों-महीनों कर्फ्यू लगा रहता था। ना कर्फ्यू खुलता था ना व्यवसाय होता था। पिछली सरकारों की अराजकता, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार ने सूक्ष्म और लघु उद्योगों को तोड़ दिया था। इस वजह से बड़ी संख्या में इन उद्योगों का पलायन हुआ। कारीगर हतोत्साहित हुए। वे दूसरा काम ढूंढ़ने लगे। हमारी सरकार बनी। हमने उन्हें प्रोत्साहित किया। एक जिला एक उत्पाद योजना शुरू की, जो आज पूरे देश में एक ब्रांड बनी है। आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है। इसके बारे में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं वोकल फिर लोकल।

### यूपी मार्ट पोर्टल लॉन्च हुआ

मुख्यमंत्री यूपी मार्ट पोर्टल को लॉन्च किया। यह पोर्टल युवाओं को मशीनरी और संसाधनों के ऑनलाइन सप्लायर्स नेटवर्क से जोड़ने का एक बड़ा प्लेटफॉर्म होगा, जहां उद्यमी मशीनरी खरीदने, ब्रांड्स से जुड़ने और अपने व्यवसाय की शुरुआत के लिए जरूरी संपर्क बना सकेंगे। इसमें स्टार्टअप, एमएसएमई प्रतिनिधियों, युवा उद्यमियों, स्किल ट्रेनिंग संस्थाओं, सरकारी योजनाओं से जुड़े अफसरों और बैंक प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। यह एक्सपो युवाओं को न केवल मोटिवेट करेगा, बल्कि उन्हें व्यवसायिक अवसरों से जोड़ने का मंच भी प्रदान करेगा।

### 10 साल में 10 लाख युवाओं को सीएम युवा रोजगार से जोड़ना है

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यूपी दिवस के मौके पर सीएम योगी में सीएम युवा योजना लॉन्च की थी। 6 लाख से अधिक आवेदन हमारे पोर्टल पर आए। 68000 से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ते हुए 2000 करोड़ से अधिक का ऋण दिया गया। पीएम मोदी का सपना युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं देने वाला बनाना है। आज युवा खुद अपनी कामयाबी की गाथा बता रहे हैं। साढ़े 7 लाख से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी दी गई। सीएम युवा योजना के तहत 5 लाख तक बिना गारंटी के पैसा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# देश को मिले 109 नए आईएफएस अधिकारी

## सबसे ज़्यादा मध्य प्रदेश से, 21वीं सदी का सबसे बड़ा बैच



- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी से 111 प्रशिक्षु अधिकारियों ने पूरा किया प्रशिक्षण, दो भूटान से
- दीक्षांत समारोह में न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन ने बांटे प्रमाण पत्र और दिए जीवन मंत्र
- 22 महिला अधिकारियों सहित प्रशिक्षण में 50 प्रशिक्षुओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

भारतीय वन सेवा को देश के लिए इस साल 109 नए अफसर प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में 2023-2025 बैच के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया। कुल 111 अधिकारियों ने प्रशिक्षण पूरा किया, जिनमें दो अधिकारी भूटान से थे। यह बैच 21वीं सदी का अब तक का सबसे बड़ा बैच रहा। बुधवार को वन अनुसंधान संस्थान के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन ने सभी अधिकारियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी और नियमों के पालन की सीख दी, साथ ही कहा, नियम तोड़ने पर तात्कालिक लाभ हो सकता है, लेकिन दीर्घकाल में ईमानदारी ही सफलता दिलाती है। आईजीएनएफए के निदेशक डॉ. जगमोहन शर्मा ने बताया कि अब तक 14 मित्र देशों के 367 अधिकारी यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इस बैच में 22 महिला अधिकारी शामिल थीं और 50 प्रशिक्षुओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

### राज्यों के अनुसार आईएफएस अधिकारियों की संख्या

- मध्य प्रदेश – 17
- उत्तर प्रदेश – 12
- एजीएमयूटी – 7
- ओडिशा, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल – 6-6
- हिमाचल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश – 5-5
- झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान– 4-4
- हरियाणा, असम, उत्तराखंड – 3-3
- बिहार – 2
- पंजाब, त्रिपुरा, तेलंगाना – 1-1
- भूटान – 2

### प्रमुख पुरस्कार विजेता

- **सर्वांगीण उत्कृष्टता पुरस्कार** मिधुनमोहन एसबी (केरल)
- **सर्वश्रेष्ठ वानिकी पुरस्कार** पृथ्वीराज (उत्तर प्रदेश)
- **मुख्य वानिकी टॉपर**, हिल स्मृति, वन्यजीव प्रबंधन, सुलोचना नायडू पुरस्कार – अजय गुप्ता (मध्य प्रदेश)
- **कार्य योजना अभ्यास पुरस्कार** नीलम एम (उत्तर प्रदेश)
- **'द स्पिरिट ऑफ 1982' प्रथम** पृथ्वीराज (उत्तर प्रदेश)
- **द्वितीय**-शुभम सिंह (कर्नाटक)

# पत्रकार के भाई पर दो बार जानलेवा हमला पुलिस ने निभाया '151 वाला ड्रामा'

**हरदोई में पुलिसिया संवेदनहीनता की हद:** हमलावर बेखौफ, पीड़ित सहमा, क्या यही है योगी राज में कानून-व्यवस्था?

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

**बेनीगंज।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुधार के बड़े-बड़े दावे ज़रूर किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कितनी भयावह है, इसका ताज़ा उदाहरण हरदोई के बेनीगंज कस्बे में देखने को मिला जहां एक पत्रकार के छोटे भाई पर दो बार जानलेवा हमला हुआ, लेकिन पुलिस ने ध्यान देने की बजाय सिर्फ 151 की खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।



### दो बार हमला, दो बार मौत से सामना फिर भी नहीं जागी पुलिस!

पीड़ित आकाश पर पहली बार एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने दो गाड़ियों से हमला किया। दूसरी बार पेशेवर अपराधियों ने साजिशन घेरकर पीटने की कोशिश की। ये हमले किसी मामूली झगड़े के नहीं थे ये सीधा जीवन खत्म करने की कोशिश थी। लेकिन पुलिस ने क्या किया? ना धारा 307 (हत्या की कोशिश) लगी, ना किसी मुख्य आरोपी का नाम एफआईआर में डाला गया। बदले में जो धाराएं लगाईं गईं आईपीसी 115(2), 351(3), 352, 324(3) वो तो पोस्टर फाड़ने या गाली-गलौज के मामलों में लगती हैं और हमलावर? अतुल रैदास और जितेन्द्र बाल्मीकी का चालान सिर्फ धारा 151 में यानी शांति भंग की आशंका का नाटक! जबकि हमला हुआ था बेहद सुनियोजित और जानलेवा।

### एफआईआर में मुख्य आरोपी का नाम तक नहीं!

- सबसे हैरानी की बात ये कि जिस अशोक रैदास ने पीड़ित को कई बार धमकाया, उसका नाम एफआईआर में तक नहीं है!
- एफआईआर में न कोई अपराधी चिन्हित, न ही किसी 'जनता हॉस्पिटल' पक्ष की भूमिका की जांच।
- क्या दरोगा फहीम खान को किसी खास दबाव में विवेचना सौंपी गई है?
- क्या इसी वजह से असली आरोपियों को बचाया जा रहा है?
- अगर अगली बार हमला हुआ, तो शायद जिंदा न बचूं: आकाश
- पीड़ित आकाश की आंखों में अब खौफ नहीं, बेबसी और गुस्सा है।
- अब अगर हमला हुआ, तो शायद जिंदा न बचूं, कहते हुए उसकी आवाज़ भर्राने लगती है।
- क्या पुलिस की नींद तब खुलेगी जब कोई शव उठेगा?
- क्या एफआईआर में सिर्फ नाम न लिखने से अपराध खत्म हो जाता है?
- अगर अब भी कार्रवाई नहीं होती, तो ये मान लेना चाहिए कि अपराधियों को खुली छूट है, और पुलिस केवल नाटक करने का माध्यम बन चुकी है।

### हरदोई की जनता पूछ रही है

- क्या तीसरा हमला तय है?
- क्या यहां अब इंसाफ नहीं मिलेगा?
- क्या अब अपराधी मुस्कुराएंगे और पीड़ित डर से जीएंगे?
- मुख्यमंत्री जी, जवाब चाहिए आज, अभी और हर हाल में।
- वरना हरदोई के लोग कहेंगे यहां न्याय मर चुका है!

### जनता का फूटा गुस्सा न्यायिक जांच की मांग

इस घटना के बाद इलाके में रोष है। पत्रकार संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन सभी एक सुर में मांग कर रहे हैं...

- इस पूरे मामले की न्यायिक जांच हो
- दरोगा फहीम खान को विवेचना से हटाया जाए
- हमलावरों पर आईपीसी 307 की धाराएं लगाई जाएं
- मुख्य आरोपी अशोक रैदास और अन्य अज्ञात हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए
- सवाल उठता है क्या यही है रामराज्य?

### सीएम योगी जी, क्या यह मामला आपकी जानकारी में आएगा?

- ये हमला सिर्फ आकाश पर नहीं था ये हमला है सच्चाई पर, पत्रकारिता पर, और लोकतंत्र की आत्मा पर।

## यूपी: एक अगस्त से स्कूलों में हो रही पढ़ाई का औचक निरीक्षण करेगी 36 अधिकारियों की टीम

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालय में छात्रों के नामांकन, पठन-पाठन, निर्माण समेत विभिन्न योजनाओं की जमीनी हकीकत जांची जाएगी। समग्र शिक्षा के तहत मंडलवार दो-दो कुल 18 मंडलों में 36 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो एक से 14 अगस्त के बीच स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के अनुसार निरीक्षण टीम को मंडल के कम से कम दो जिलों में एक, एक पीएम श्री विद्यालय, 1 केजीबीवी, 1 परिषदीय प्राथमिक, 1 को लोकेटेड आंगनबाड़ी, 1 उच्च प्राथमिक, 1 इंटर, 1 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करना होगा। इन अधिकारियों को निर्माण की प्रगति, विद्यालय जर्जर की स्थिति, स्वीकृत निर्माण की प्रगति, फर्नीचर, नए नामांकन, परिवार सर्वे, आदि की स्थिति देखनी है।

### मुजफ्फरनगर दंगा: साबित नहीं हो सका गुनाह, गवाह भी अपनी बात से मुकर गए, 10 आरोपी दोषमुक्त

**जन एक्सप्रेस। मुजफ्फरनगर**

मुजफ्फरनगर दंगे के दौरान शाहपुर थाना क्षेत्र के काकड़ा गांव में दर्ज किए गए वैमनस्यता फैलाने के मुकदमे में साक्ष्य के अभाव में 10 आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया गया। अपर सत्र न्यायालय-5/विशेष न्यायालय गैंगस्टर एक्ट के पीठासीन अधिकारी काशिफ शेख ने सुनवाई की। सात सितंबर 2013 को नंगला मंदौड़ पंचायत से लौटते समय पुरबालियान गांव में काकड़ा गांव के किसानों की मौत हो गई थी। इसके बाद गांव में तनाव बन गया। वादी इकबाल ने नौ सितंबर 2013 को गांव के ही आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इसके अलावा नूर मोहम्मद की ओर से भी एक तहरीर दी गई थी।

# हरदोई में 'जनता हॉस्पिटल' बना मौत का सौदागर

- पत्रकार की शिक़ायत से हिला स्वास्थ्य विभाग, सीएमओ बदले, लेकिन गुनहगार अब भी आज़ाद
- क्या नवागत सीएमओ डॉ. अरविंद सचान करेंगे सीज़िंग की सर्जिकल स्ट्राइक या हो जाएंगे सिस्टम के आगे बेबस?

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

यह कोई फिल्मी पटकथा नहीं, हकीकत है उस सिस्टम की जो खुद ही मरीज़ों की मौत पर मौन साधे बैठा है। बेनीगंज का जनता हॉस्पिटल अब अस्पताल नहीं, एक कब्रगाह में बदल चुका है–जहां इलाज के नाम पर लूट, झोलाछापों से ऑपरेशन और जिंदगियों की नीलामी होती है। पत्रकार की गूंजती शिकायत पर शासन ने पहली बार चौंक कर देखा–और तत्कालीन सीएमओ को बर्खास्त कर दिया गया। लेकिन सवाल जस का तस है–क्या कुर्सी पर नया चेहरा आने से कानून चलेगा या फिर फाइलों में ही दम तोड़ देगा इंसाफ? अब हरदोई की जनता पूछ रही है–क्या नवागत सीएमओ डॉ. अरविंद सचान उस जनता हॉस्पिटल को सीज़ करेंगे या फिर 'जांच' नाम की नौटंकी के नीचे फिर दबा दी जाएगी पीड़ितों की चीख? क्या अशोक रैदास जैसे संचालकों पर एफआईआर दर्ज होगी या वो फिर से गरीबों की जान से खिलवाड़ करता रहेगा? क्या सीएमओ सचान लूट और लापरवाही के इस अड्डे पर ताला जड़ेंगे या बेनीगंज पुलिस की तरह रिपोर्ट लिखते-लिखते थक जाएंगे?




### जनता हॉस्पिटल की सच्चाई

- बिना रजिस्ट्रेशन, बिना डॉक्टर फर्जी तरीके से चलाया जा रहा था हॉस्पिटल
- झोलाछाप स्टाफ से इलाज – मरीजों की जान से खुला खेल
- इलाज के नाम पर मोटी वसूली गरीबों की मजबूरी का मज़ाक
- मौतों पर पर्दा, प्रशासन मौन बेनीगंज पुलिस भी बनी रह गई तमाशबीन

### सिस्टम जागेगा, या फिर मौतें यूं ही बिकती रहेंगी

- जनता पूछ रही है, जवाब चाहिए अब कोई बहाना नहीं!
- स्वास्थ्य विभाग के ऊपर अब सबसे बड़ा इम्तिहान है–क्या वो गुनहगारों को सज़ा दिलाएगा या अपने ही भ्रष्ट तंत्र के बोझ तले घुट जाएगा?
- इस बार केवल कार्रवाई नहीं, सज़ा चाहिए।
- वरना यह खबर कल सिर्फ अख़बार में नहीं, किसी और की मौत के बाद फिर सड़कों पर होगी।

# मेरठ में सरेआम गोलियां मारकर गैंगस्टर 'मोगली' की हत्या, असलहे लहराते हुए फरार हुए हमलावर



**जन एक्सप्रेस। मेरठ**

पूर्वा शेखलाल में बुधवार शाम गैंगस्टर सलीम उर्फ मोगली की सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने आकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला पूर्वा शेखलाल में बुधवार शाम छह बजे एक बाइक सवार युवक को दो गोलियां मारी गईं। बताया गया कि बाइक सवार के पीछे एक अन्य बाइक पर दो हमलावर पीछा करते आ रहे थे। यहां पहुंचते ही उन्होंने बाइक सवार को गोलियां मारीं और फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। घायल को अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान सलीम (45) पुत्र कुतुबुद्दीन निवासी पहलवान कॉलोनी अब्दुल्लापुर के रूप में हुई। बताया गया है कि कचहरी में उसकी तारीख थी।

### सलीम पर दर्ज थे 10 मुकदमे

मृतक सलीम गैंगस्टर था। उसे लोग सलीम उर्फ दीवाना उर्फ मोगली के नाम से भी जानते थे। लिसाड़ी गेट, ब्रह्मपुरी, मेडिकल समेत कई थानों में उस पर करीब 10 मुकदमे दर्ज थे। कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। उसने किसी को जान से मारने की धमकी दी थी। बताया जा रहा है कि जिसे उसने धमकी दी है, उसी ने ही उसकी हत्या कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए मामले की जांच कर रही है।

### अगस्त महीने में बढ़कर आएगा बिजली का बिल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** अगस्त के महीने में ईंधन अधिगम शुल्क के रूप में बिजली बिलों में 0.24 फीसदी की वृद्धि होगी। जुलाई में उपभोक्ताओं के बिजली बिल में ईंधन अधिभर शुल्क 1.97 फीसदी आया था। अब मई 2025 का ईंधन अधिभार शुल्क अगस्त में वसूला जाना है। वह 0.24 फीसदी है। प्रदेश के उपभोक्ताओं की बिजली दरों में मामूली सी वृद्धि देखने को मिलेगी। इस वृद्धि से अगस्त महीने में कुल लगभग 22.63 करोड़ की वसूली करेगा।

# उत्तराखंड को केंद्र से 615 करोड़ की सौगात, विकास की रफ्तार को मिलेगी नई उड़ान

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

- राज्य की 37 विकास परियोजनाओं को मिलेगा संबल, वित्त मंत्रालय ने 615 करोड़ की विशेष सहायता मंजूर कर दी, जिसमें से 380.201 करोड़ रुपये पहले ही जारी
- मेडिकल कॉलेजों को 218 करोड़, सौंग बांध परियोजना को 70 करोड़ की मदद
- स्वास्थ्य सेवाओं और पेयजल संकट के समाधान की दिशा में बड़ा कदम

उत्तराखंड में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार ने 615 करोड़ रुपये की विशेष आर्थिक सहायता मंजूर की है। इस मदद के तहत राज्य सरकार को विभिन्न योजनाओं के लिए राशि आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह सहायता पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जा रही विशेष योजना के अंतर्गत दी गई है। राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 37 योजनाओं के लिए 619.42 करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसके जवाब में वित्त मंत्रालय ने 615 करोड़ रुपये मंजूर करने की सूचना दी। विशेष रूप से, इस सहायता में राजकीय मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए 218.45 करोड़ रुपये और सौंग बांध पेयजल परियोजना के लिए 70 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है। इन दोनों परियोजनाओं को राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और पेयजल आपूर्ति की मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह राशि उत्तराखंड को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में मदद करेगी।



# बाढ़ का पानी पहुंचने से पहले पहुंचा प्रशासन: 16 राहत केंद्र संचालित, जिलाधिकारी-एसपी ने प्रभावित क्षेत्रों का किया व्यापक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई



यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न संभावित बाढ़ संकट को भांपते हुए जिला प्रशासन पहले ही हरकत में आ गया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार तथा अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने आज बाढ़ संभावित एवं प्रभावित क्षेत्रों का जमीनी निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं का त्वरित मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों ने ग्राम नरोल, निनावली समेत अन्य संवेदनशील गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उन्हें प्रशासनिक सुरक्षा व सहायता का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रामपुरा (माधौगढ़) में संचालित राहत केंद्र का भी भ्रमण किया गया। जहां भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की गई। जनपद की तीनों तहसीलों कालपी, जालौन एवं माधौगढ़ से होकर बहने वाली यमुना नदी का जलस्तर 30 जुलाई को अपराह्न 3 बजे 107.820 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो चेतावनी बिंदु 107 मीटर से ऊपर तथा 108 मीटर के खतरे के बिंदु के निकट है।

जलस्तर में और वृद्धि की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सभी विभागों को पूर्व-सक्रिय मोड में तैनात कर दिया है। अब तक बाढ़ से प्रभावित 11 गांवों के 1150 लोग प्रशासनिक सहायता की परिधि में आ चुके हैं। प्रभावित गांवों में कालपी तहसील के पड़री, रायड़ दिवारा, गूढ़ा खास, उरकराकला, माधौगढ़ तहसील के निनावली जागीर, कुसेपुरा, किशनपुरा, डिकौली जागीर, तथा जालौन तहसील के संकरपुर, भदेख, टिकरी शामिल हैं। प्रशासन द्वारा 16 बाढ़ राहत केंद्र सक्रिय किए गए हैं, जहां आश्रय, भोजन, चिकित्सा, पेयजल और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था है। पशुओं के लिए भी भूसा, टीकाकरण व दवा की आवश्यक आपूर्ति की जा रही है।

जनपद में 36 छोटी नावें, 16 बड़ी नावें और 20 मोटरबोट राहत एवं निकासी कार्यों में तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ टीम भी मौके पर मौजूद है और सक्रिय बाढ़ चौकियों के माध्यम से गांव-गांव सतत निगरानी की जा रही है। सकारात्मक पहलू यह है कि अब तक कोई जनहानि या पशुहानि नहीं हुई है। जिलाधिकारी ने कहा, स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है, और कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर प्रशासनिक तंत्र पूरी क्षमता के साथ तैयार है।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीएम-एसपी ने की अधिकारियों व कर्मचारियों की ब्रीफिंग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तुलसी जन्म जयंती महोत्सव में जनपद आगमन का संभावित दौरा निश्चित होने पर बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने राजापुर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुरक्षा में तैनात किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ किया।

तुलसी जन्म जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री के जनपद आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को तहसील परिसर राजापुर में ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कार्यक्रम से अवगत कराते हुए सतर्कता पूर्वक ड्यूटि का निर्वहन करने के निर्देश दिए। बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत चार अपर पुलिस अधीक्षक, 19 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 27 थानाध्यक्ष, 67 निरीक्षक, 239 उपनिरीक्षक, 35 महिला उपनिरीक्षक, 930 आरक्षी, 118 महिला आरक्षी, 52 यातायात उपनिरीक्षक/आरक्षी, 37 एलआईयू आरक्षी/उपनिरीक्षक, चार पीएससी कंपनी की ड्यूटि लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी यातायात फहद अली सहित अन्य जनपदों के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

गोस्वामी तुलसीदास जन्मस्थली राजापुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के दृष्टिगत कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस टीम द्वारा कस्बा राजापुर, तुलसी घाट, वशिष्ठ गुरुकुलम विद्यालय, लूप लाइन चौराहा, तुलसी रिसोर्ट, गनीवां कृषि विज्ञान केन्द्र, दीन दयाल शोध संस्थान सहित विभिन्न प्रमुख भीड़-भाड़ वाले स्थानों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह

■ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने महिलाओं से की खरीदारी, प्रेरणा टी पॉइंट बना आकर्षण का केंद्र

जन एक्सप्रेस । उरई



राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम एवं संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, ब्लॉक प्रमुख राम राजा निरंजन, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व बीजेपी जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया। महिलाओं की आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाए गए स्टॉलों में प्रमुख रूप से पेड़ा, दाल और स्थानीय उत्पादों की सराहना की गई।जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से खरीदारी भी की। जिससे उन्हें आर्थिक संबल और मनोबल मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रेरणा टी पॉइंट विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

जहाँ चाय पर चर्चा के साथ-साथ संवाद और उत्साह का वातावरण बना। चाय सभी अतिथियों ने न केवल स्वयं पी, बल्कि अन्य को भी पिलाकर 'नारी शक्ति' के प्रयासों को सराहा। इस आयोजन के माध्यम से न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वाले विकासखंडों एवं समूहों को सम्मानित किया गया, बल्कि स्थानीय उत्पादों और महिलाओं की सहभागिता को भी मंच मिला। यह कार्यक्रम प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज के सहयोग से जनपद में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजू, डीडीओ निशान्त पाण्डेय, पीड़ी अखिलेश तिवारी, उपायुक्त महेंद्र चौबे, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# थाना मटौंध पुलिस द्वारा कांवड़ियों की गाड़ी चोरी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



कल बुधवार को थाना मटौंध पुलिस द्वारा कावडियों की गाडी चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।अभियुक्त के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद।गौरतलब हो कि दिनांक 20 जुलाई को जनपद झांसी के थाना टोडीफतेहपुर क्षेत्र के रहने वाले दीपू पुत्र रघुवीर सिंह ने अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 19जुलाई की रात्रि को चार पहिया वाहन चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया।जिसमें गाड़ी को दिनांक 20जुलाई को बरामद कर लिया था।जिसे चोर जौहरी मार्ग पर छोडकर भाग गए थे । इसी क्रम में कल दिनांक 29 जुलाई को थाना मटौंध पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गवाईन नाला के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । तलाशी मे उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। अभियुक्त से उसके साथियों के बारे में पूछताछ कर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं । बरागद माल एक अवैध तमंचा 315 बोर,एक जिन्दा कारतूस 315 बोर गिरफ्तार आरोपी सोमेश्वर तिवारी पुत्र रामकृष्ण तिवारी निवासी ग्राम अछरौड थाना मटौंध जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम चौकी प्रभारी भूरागढ़ अनिल कुमार साहू का0 अश्वनी कुमार का0 अजय कुमार का0 पुष्पेन्द्र कुमार

# सड़क हादसे में इकलौते पुत्र की मौत, परिजनों में कोहराम

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बड़ागांव के पास बाइक में टक्कर मार दी।जिससे बाइक पर सवार युवक की मौके पर मौत हो गई।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम गिरथान निवासी चंद्रकांत उर्फ चंचल पाठक 25 वर्ष वुधवार की सुबह बाइक से उरई आया था। जब वह काम निपटाने के बाद वापस गांव जा रहा था। इसी दौरान झांसी-कानपुर हाईवे पर बड़ागांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने सूचना एंबुलेंस को दी। समय से एंबुलेंस न पहुंचने से घायल करीब आधे घंटे तक वहीं तड़पता रहा, इसके बाद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही हलका इंचार्ज सत्यभान सिंह मौके पर पहुंचे, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और खबर उसके परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह घर में इकलौता था और अपने पिता कालिदास के साथ खेती करके परिवार के भरण पोषण में मदद करता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इकलौते पुत्र की मौत के बाद से पत्नी अपर्णा पाठक, मां पुष्पा देवी व पिता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तुलसी जयंती के अवसर पर आज तुलसी शोध संस्थान में शुरु होगा दो दिवसीय समारोह

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी के अन्तर्गत संचालित तुलसी शोध संस्थान द्वारा 31 जुलाई व एक अगस्त को ''**तुलसी जयन्ती समारोह**'' का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस दो दिवसीय समारोह के प्रथम दिन 31 जुलाई को ग्वालियर की विदुषी उमा कंपूवाले रामकथा साहित्य पर व्याख्यान देंगी। इसके साथ ही उज्जैन के वेद नाट्य संस्थान के कलाकारों द्वारा उर्मिला चरित पर केंद्रित नाट्य प्रस्तुति 'उर्मिला-यशोगान' की प्रस्तुत की जाएगी। समरोह के दूसरे दिन एक अगस्त को डबरा के वरिष्ठ कथाकार डॉ राम गोपाल भावुक शम्बूक चरित पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में वरिष्ठ लोकगायक फूल सिंह मांडरे द्वारा 'बुंदेली में राम' और मणिमाला सिंह द्वारा 'बघेली में राम' की साथी कलाकारों सहित 'लोक के विशिष्ट पदो' की संगीतमय गायन प्रस्तुति की जाएगी।

## जहरीले सर्प के काटने से दम्पति की मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुरा में बीती रात सोते समय दम्पति को जहरीले सर्प ने काट लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई।माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुरा गांव निवासी जगत सिंह पाल 50 वर्ष अपनी पत्नी छोटी बहू 46 वर्ष के साथ मंगलवार को कच्चे मकान के कमरे में सो रहे थे। उसी दौरान किसी जहरीला सर्प घर में घुस आया और उसने दोनों को काट लिया। सांप के काटते ही दम्पत्ति शोर मचाते हुए कमरे से बाहर की की ओर भाग खड़े हुए। उधर शोरगुल सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# डीएम ने किसान दिवस पर किसानों की सुनीं समस्याएं

जन एक्सप्रेस । उरई




जिले में किसान दिवस का आयोजन बुधवार को विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और बिजली, नहर, नलकूप, फसल बीमा सहित कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। डीएम ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का नियमानुसार, प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता को निस्तारण की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। कहा कि कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और किसान दिवस ऐसा मंच है, जहां संवाद के माध्यम से समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी के प्रतिनिधि, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बेतवा नहर प्रखंड प्रथम एवं द्वितीय के अधिशासी अभियंता, नलकूप एवं विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई, जल निगम, डाल नहर विभाग के सहायक अभियंता, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मंडी समिति सचिव, भूमि परीक्षण प्रयोगशाला अध्यक्ष एवं फसल बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक सहित भारतीय किसान संघ के प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर पुलिस ने की चेकिंग व चलाया जन जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । बांदा




बीते बुधवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में थाना AHTU, SJPU, WCSO, GRP, RPF तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान चित्रकूट की संयुक्त टीम व साथी संस्था उ0प्र0 की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बांदा पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया।अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया।

यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक सुरूचि द्विवेदी, उ0नि0 संदीप कुमार यादव, सहायक उ0नि0 विनय कुमार, हे0का0 नीरज कुमार, आरक्षी प्रवेन्द्र कुमार,आरक्षी कृष्ण कान्त, आरक्षी अनिल कुमार, म0आ0 स्वेतलाना मौर्य,म0आ0 रेखा यादव, म0आ0 प्रिंयका चौधरी, म0 आ0 शाहिदा कौशर, ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान चित्रकूट से विनोद कुमार, शिवम यादव, साथी संस्था उ0प्र0 से प्रमोद तिवारी, रेखा चौधरी आदि अधिकारी/कर्मचारी एवं संस्थान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अधिकार मित्रों को विशेषज्ञों ने प्रदान किया प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नियुक्त अधिकार मित्रों (पैरालीगल वालेण्टियर्स) का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकार मित्रों को उनके दायित्वों की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए निदेर्शित किया गया कि समाज के दूर-दराज गावों में निवास करने वाले कमजोर, निर्धन, असहाय व्यक्तियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशा के अनुसार सस्ते व सुलभ न्याय के प्रति जागरूक करें ताकि वह अपने मानवीय सम्मान के साथ जीने के अधिकार के विषय में जागरूक हो सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने अधिकार मित्रों को बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदेश स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तसहील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। उन्होंने अधिकार मित्रों को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा राष्ट्र के लिये मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक वाद पक्षकारों की आपसी सहमति से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाना है। इसलिये आप सभी अपने कार्यक्षेत्र में सामान्य जन के बीच राष्ट्र के लिये मध्यस्थता अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें, जिससे अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सकें।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के अटागांव में बुधवार को अधेड़ ने कमरे में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अटा गांव निवासी ब्रजपाल सिंह 49 वर्ष गुजरात के वापी शहर में सिक्योरिटी की नौकरी करता था। बताया गया कि वह दस दिन पहले गांव आया था। बुधवार सुबह वह खेत पर गया और घर वापस लौटते ही उसने किन्हीं कारणों के चलते कमरे में लगे हुक में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। पति को फांसी पर लटका देख पत्नी सुधा ने शोर मचा दिया। शोरगुल सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने शव को फंदे से उतारकर दाह संस्कार कर दिया।कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि वृजपाल सिंह के छोटे पुत्र रामा की 4 साल पहले एक्सीटेंड में मौत हो गई थी। तभी से वृजपाल तनाव में रह रहे थे। फिर भी जांच की जा रही है। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सुधा देवी पुत्र हरेन्द्र सिंह सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खंदक में गिरी श्रद्धालुओं से भरी पिकअप, एक दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस । जालौन

कोतवाली क्षेत्र में बंगरा मार्ग पर श्रद्धालुओं से भरी पिकअप लोडर छिरिया सलेमपुर गिट्टी प्लांट के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गई। जिसमें सवार श्रद्धालुओं में एक दर्जन लोग घायल हो गए।जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनई परवई, मालूपुर, औरख और बसपुर के 15-17 श्रद्धालु पिकअप गाड़ी से राजस्थान के प्रसिद्ध झांज चौथ मेले में शामिल होने गए थे। जो बुधवार सुबह सभी लोग वापस अपने घरों को लौट रहे थे। इस दौरान जब उनकी गाड़ी छिरिया सलेमपुर गांव के पास पहुंची। तभी सामने से आ रही बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप लोडर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जा गिरी। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस टीम की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। इस हादसे में देव प्रसाद, इंद्रपाल, लालसिंह, अखिलेश, केशव, दशरथ सिंह, बबलू, मलिक चांद, कमल सिंह, छोना, आरजू पाल और दादू पारवाई सहित दर्जनभर लोग घायल हुए।हालांकि गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को हटवाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महावीर फाउंडेशन ट्रस्ट ने दिव्यांगों को बांटे नि:शुल्क सहायक उपकरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय बायोश्री योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से सदर तहसील क्षेत्र के शिवरामपुर और भैसौंधा ग्राम पंचायत में महावीर फाउंडेशन ट्रस्ट लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांगों को नि:शुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत शिवरामपुर और भैसौधा के दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को नि:शुल्क बैटरी साइकिल, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, छड़ी आदि सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र नरेश ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित योजना के तहत दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। जिससे वह समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना जीवन यापन कर सकें। इस दौरान लक्ष्मी देवी, नाथू, नवल प्रजापति, खेमराज, रामबाबू, शांति, आनंद, मोहन, चुन्नी, सुखराम, शिवकुमारी, सहित हजारों लोगों को नि:शुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

इस मौके पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डॉ लवलेश चन्द, उपकोषाध्यक्ष विक्रम सिंह, एलिम्को कंपनी के महेंद्र, अमरेंद्र, रुपेश, अनवरत, बादल, जिला उपाध्यक्ष जानकीशरण आदि मौजूद रहे।



**कैश कांड: सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस वर्मा को...**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के आचरण पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि उनका व्यवहार भरोसे के लायक नहीं है और पूछा कि अगर उन्हें जांच... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# रेस के नाम पर कत्ल

## लखनऊ की सड़कों पर दौड़ा आतंक, 8 बाइक सवार युवकों ने 19 साल के जमान को रौंदकर मार डाला, पुलिस हादसे में तब्दील करने में जुटी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, बल्कि हकीकत की एक ऐसी खौफनाक रात थी, जिसने एक पिता की दुनिया उजाड़ दी। राजा बाजार के कमाल हसन का 19 वर्षीय बेटा जमान हसन 3 जून की रात घर से अपने दोस्त अमान सिद्दीकी के साथ यह कहकर निकला कि थोड़ा घूमने जा रहा हूं लेकिन कुछ घंटों बाद अस्पताल से फोन आया कि जमान जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। सूचना मिली कि जी-20 रोड, थाना गोमतीनगर क्षेत्र में कुछ बाइक सवार युवकों से झगड़ा हुआ, जिसके बाद उसे पहले राम मनोहर लोहिया और फिर अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन 4 जून की रात 11:30 बजे जमान की मौत हो गई। परिवार सदमे में था, मगर दर्द यहीं खत्म नहीं हुआ। जब जमान के दोस्त अमान ने सच्चाई बताई, तो उस रात की असलियत रोंगटे खड़े कर देने वाली थी। सड़क से हटो... हम रेस करने जा रहे हैं! घटना वाली रात आठ युवक चार बाइकों पर आए और धमकी दी यहां से निकल जाओ वरना मार देंगे! जमान और उसका दोस्त अमान उस जगह से अपनी स्कूटी से निकलने लगे। लेकिन थोड़ी ही दूर पहुंचे थे कि पीछे से उन्हीं बाइक सवारों ने टक्कर मार दी और एक ने चीखकर कहा, मार दो सालों को, बचकर न जाने पाए! टक्कर के बाद जमान और अमान दोनों गिर गए। गिरते ही हमलावर युवकों में से दो जिनके नाम सोनू कुमार (निवासी जानकीपुरम) और आदर्श (निवासी मड़ियांव) बताए जा रहे हैं ने अपनी बाइक जमान पर चढ़ा दी और फिर लोहे की रॉड व अन्य हथियारों से बेरहमी से पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी।

### पुलिस ने बताया 'सड़क हादसा'

यह सुनकर रूह कांप जाती है, लेकिन पुलिस का रवैया और भी चौंकाने वाला है। स्थानीय थाना गोमतीनगर ने इस पूरे बर्बर हमले को सिर्फ एक सड़क दुर्घटना बताकर दबाने की कोशिश की। प्रार्थी कमाल हसन का आरोप है कि न सिर्फ मामले की एफआईआर दर्ज नहीं की गई, बल्कि मृतक के दोस्त अमान पर भी बयान बदलने का दबाव बनाया गया ताकि मामला रफा-दफा हो जाए।

### न्याय की भीख मांगता बाप

कमाल हसन ने 9 जून को थाना गोमतीनगर में लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। पुलिस टालमटोल कर रही है, शायद इसलिए कि कुछ रसूखदार चेहरों को बचाया जा सके? आज एक बाप अपने बेटे की हत्या को इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ रहा है। वह सवाल कर रहा है...

- क्या इस शहर की सड़कें अब रेस के नाम पर हत्याओं का अखाड़ा बन चुकी हैं?
- क्या लखनऊ पुलिस अब हत्यारों की ढाल बन चुकी है?
- क्या आम आदमी का बच्चा मर जाए तो उसे इंसाफ नहीं मिलेगा?

### अब आवाज उठाने का वक्त है

इस दर्दनाक घटना ने यह साफ कर दिया है कि लखनऊ की सड़कों पर रफ्तार के नाम पर गुंडागर्दी बेलगाम है और पुलिस इसे हादसा बताकर कागजों में दफन करने पर तुली है।

### अब जनता की अदालत में यह सवाल है...

- क्या इस नृशंस हत्या को 'दुर्घटना' के झूठे फॉर्म में बंद करके पुलिस अपना पल्ला झाड़ लेगी?
- या इस शहर का जमीर जागेगा और कमाल हसन के बेटे जमान को इंसाफ मिलेगा?
- जनता पूछ रही है जमान की मौत हादसा थी या साजिश?

# छांगुर बोला, नसरीन से पूछो, संपत्तियां हमारी नहीं

## दुबई ट्रिप और करोड़ों के लेनदेन पर ईडी को कर रहा गुमराह



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को ईडी ने 5 दिन की रिमांड पर लिया है। मंगलवार को उससे विदेशी फंडिंग और संपत्तियों को लेकर पूछताछ की गई। छांगुर ईडी के अधिकांश सवालों पर चुप्पी साधे रहा, कुछ के गोलमोल जबाव दिए। विदेश से हुई करोड़ों रुपए की फंडिंग, बैंक के लेनदेन और संपत्तियों से जुड़े सवाल पर बोला- नीतू नवीन रोहरा उर्फ नसरीन से पूछो, संपत्तियां उसी की हैं। छांगुर ईडी टीम को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। अब तक की पूछताछ में लेनदेन और फंडिंग की सारी जिम्मेदारी नसरीन पर डाल दिया है।

### राजेश उपाध्याय से संबंध कबूले

ईडी की पूछताछ में छांगुर ने कोर्ट के क्लर्क राजेश कुमार उपाध्याय से संबंध की बात स्वीकार की। लेकिन यह नहीं बताया कि दोनों किस उद्देश्य से जुड़े थे? यह भी नहीं बताया कि राजेश उपाध्याय ने उसे किस तरह और किस-किस केस में मदद की। ईडी ने उसके और राजेश के बीच हुए लेनदेन का प्रमाण होने की बात की तो भी वह चुप्पी साधे रहा।

### 5 दिन की रिमांड पर चल रही पूछताछ

छांगुर फिलहाल सोमवार से 5 दिन की रिमांड पर है। उससे रोजाना घंटों पूछताछ की जा रही है। 1 अगस्त की शाम 5 बजे रिमांड खत्म होगी। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में छांगुर और उसके नेटवर्क के खातों में 63.09 करोड़ रुपए की फंडिंग हुई है। बलरामपुर में 4.11 करोड़ रुपए की संपत्ति भी इसी रकम से खरीदी गई है। ईडी का मानना है कि यह पूरा नेटवर्क मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 3 के तहत अपराध में शामिल है।

### ईडी तलाश रही पैसों की अंतिम कड़ी

ईडी की कोशिश है कि धर्मांतरण से हुई कमाई के पीछे की असली कड़ी तक पहुंचा जाए। इसके लिए छांगुर, नसरीन और नसरीन के पति नवीन रोहरा के खातों और संपत्तियों की बारीकी से जांच की जा रही है। वहीं, एजेंसी यह भी जानना चाहती है कि यह विदेशी पैसा भारत में कहां-कहां और किसके जरिए पहुंचाया गया।

# गनेशपुर गांव के पास भीषण सड़क हादसा, स्कूटी हुई चकनाचूर, एक घायल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिंगवा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कुम्हरावां इटौंजा रोड मार्ग पर गनेशपुर गाँव के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। बता दें कि राहगीरों की सूचना पर महिगवां थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ईलाज हेतु तत्काल गाड़ी से घायल व्यक्ति को बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं महिगवां थाना प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने बताया कि घायल व्यक्ति स्कूटी से था, जिसकी गाड़ी का नम्बर यूपी 32 क्यू के 4149 हैं जिसकी पहचान सूरज यादव पुत्र भरतलाल निवासी राजापुर थाना इटौंजा जनपद लखनऊ के रूप में हुई हैं,जोकि इटौंजा की तरफ से आ रहा था, वहीं वैन गाड़ी जिसका नम्बर यूपी 32 एच सी 7381 का वैन चालक जिसकी पहचान श्यामू पुत्र स्व0 शत्रोहन लाल गौतम निवासी चत्तूरपुर मजरा कुम्हरावां थाना महिंगवां के रूप में हुई हैं,जोकि कुम्हरावां से इटौंजा की तरफ तेज रफ्तार में जा रहा था, उक्त वैन चालक इतनी तेज रफ्तार में था कि स्कूटी में टक्कर लगते ही वैन की चारों पहिया ऊपर हो गई और स्कूटी सवार बुरी तरह घायल हो गया।पुलिस मौके से मय वाहन समेत वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया हैं, वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# नशे से विनाश के सिवा कुछ हासिल होने वाला नही: नीलम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आज मादक पदार्थों का सेवन रोकने और जागरूकता खातिर चंद्रा डेंटल कालेज एवं हॉस्पिटल सफेदाबाद में जिला समाज कल्याण अधिकारी बाराबंकी नीलम सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में रिदम फाउंडेशन के अश्वनी कुमार रंजन ने उपस्थित सभी लोगो और छात्र छात्राओं की नशे से होने वाले नुकसान और दुष्परिणामो के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने खासकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशा से सिवाय नाश के कुछ हासिल नही होने वाला है । यह हमारे विकास में सबसे बड़ा रोड़ा बन सकता है। नशे से अकेले एक व्यक्ति नही बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है।

# परिषदीय स्कूलों में तैनात होंगे जिला समन्वयक, चालीस हजार मिलेगा वेतन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा परिषदीय विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए चल रही कवायद को गति देने के लिए प्रदेश सरकार अब संविदा पर जिला समन्वयक (निपुण भारत मिशन) तैनात करेगी। हर जिले में एक समन्वयक की तैनाती की जाएगी। इनकी उम्र 21 से 45 साल के बीच होगी। इनको 40 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। प्रदेश में अब तक की कवायद के तहत 48061 विद्यालयों को निपुण घोषित किया जा चुका है। जबकि प्रदेश में 1.33 लाख विद्यालय हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से संशोधित लक्ष्य के अनुसार अब सिर्फ कक्षा एक व दो के बच्चों को निपुण बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के उप सचिव आनंद कुमार सिंह की ओर जारी आदेश में कहा गया है कि इसके लिए शैक्षिक योग्यता एमबीए 60 फीसदी अंक के पास या पीजीडीएम में मास्टर डिग्री होना चाहिए।

# माल क्षेत्र में गला रेतकर किसान की हत्या, आधी रात को घर में घुसकर मारा, पुलिस ने तीन को किया गिरफ़्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के माल क्षेत्र में एक किसान की हत्या कर दी गई। हमलावरों ने घर में घुसकर किसान पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और मुंह दबाकर गला रेत दिया और वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। बता दें कि मृतक की पहचान 50 वर्षीय राजू गौतम के रूप में हुई है।माल पुलिस को बुधवार सुबह 8 बजे घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर से साक्ष्य जुटाए हैं। घटना में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपियों ने आपसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया है। वहीं जानकारी अनुसार, राजू गौतम के साले राकेश ने बताया मंगलवार को राजू का बहादुर सहित तीन लोगों से झगड़ा हुआ था। बाद में सुलह समझौता हो गया था। मंगलवार की रात 12 से 1 बजे की बीच बहादुर अपने साथियों के साथ शराब के नशे में राजू के घर पहुंचा। वहीं बरामदे में सो रहे राजू पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। गला रेत दिया। खून से लथपथ राजू बिस्तर से जमीन पर गिर गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि राजू के परिवार पत्नी ममता, बेटा सुजीत, बेटी काजल और कामनी हैं। राजू खेती करते थे। खेती का काम न होने पर मजदूरी भी करते थे। सुजीत पिकप चलाता है। मंगलवार को वो पिकप लेकर बाहर गया था। रात में घर के अंदर कमरे में ममता बेटियों के साथ सो रही थीं। राजू बरामदे में अकेले सो रहा था। रात में किसी को हत्या की जानकारी नहीं हुई। बुधवार सुबह सोकर उठने पर परिजनों ने राजू का शव देखकर चीख-पुकार मचाया, मामले की पुलिस को सूचना दी गई।वहीं एडीसीपी नार्थ जितेन्द्र दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जायेगी।

# एएसपी मुकेश प्रताप सिंह की पत्नी ने किया सुसाइड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सीआईडी में तैनात एएसपी मुकेश प्रताप सिंह की पत्नी नितेश सिंह (38) ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। वह लखनऊ पुलिस लाइन स्थित ट्रांजिट हॉस्टल में परिवार के साथ रहती थीं। नितेश के भाई फिरोजाबाद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने एएसपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रमोद का आरोप है कि मुकेश की एक महिला से नजदीकियां थीं। इसको लेकर आए दिन पति पत्नी में विवाद होता था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर उनकी बहन ने जान दी है। प्रमोद ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही नितेश लखनऊ आई थी। कई साल से पति पत्नी में विवाद चल रहा था। नितेश को परेशान करने के लिए मुकेश ने पूरे घर में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा था। पति से विवाद की वजह से ही नितेश सात माह से मायके में रह रही थीं। डीसीपी आशीष कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक बुधवार शाम करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि पुलिस लाइन में एक अधिकारी की पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। महानगर पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की तो पता चला कि एएसपी की पत्नी नितेश ने फंदा लगा लिया है।

### बरेली से ट्रांसफर होकर आए थे लखनऊ

मनोज दो माह पहले ही बरेली से ट्रांसफर होकर लखनऊ आए थे। इसके पहले वह बरेली में एएसपी ट्रैफिक थे। ट्रांसफर होने के बाद वह परिवार के साथ शिफ्ट हुए थे। नितेश की आत्महत्या की खबर सुनकर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी उनके आवास पहुंचे। मुकेश मूल रूप से इटावा के अजीतनगर के रहने वाले हैं। वहीं नितेश फिरोजाबाद नगला करन सिंह सीट से बसपा के पूर्व विधायक राकेश बाबू की बेटी हैं।

### बेटी ने मां को फंदे पर लटका देख दी सूचना

पड़ताल में सामने आया कि एएसपी अपने दफ्तर में थे। घर पर उनकी 12 साल की बेटी अनन्या मौजूद थी। अनन्या अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। शाम चार बजे वह कमरे से बाहर निकली तो मां को फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल पड़ी। अनन्या ने फौरन अपने पिता को घटना की जानकारी दी। मुकेश 2005 बैच के डिप्टी एसपी हैं। मुकेश ने ही घटना की जानकारी पुलिस को दी। एडीसीपी ममता रानी के मुताबिक नितेश डिप्रेशन में थीं। उनका काफी समय से इलाज भी चल रहा था। सीसीटीवी कैमरे में नितेश फंदा लगाते नजर आई हैं। पूरी घटना कैमरे में कैद है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# विलय वाले प्राथमिक स्कूल के शिक्षक कर सकेंगे समायोजन का आवेदन, शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के लिए चल रही समायोजन व तबादला प्रक्रिया में विलय होने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को भी आवेदन करना होगा। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से इसके लिए बुधवार को संशोधित आदेश जारी किया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे विद्यालय जो किसी विद्यालय में विलय (पेयरिंग) हुए हैं, में कार्यरत सभी शिक्षकों द्वारा पोर्टल पर दिख रहे शिक्षकों की आवश्यकता वाले विद्यालयों (डेफसिट) में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हालांकि इस आदेश को लेकर शिक्षकों में ऊहापोह की स्थिति है। उनका कहना है कि विलय वाले विद्यालय के शिक्षक वर्तमान में आधिकारिक रूप से कहां पर तैनात हैं? अगर वह विलय किए गए विद्यालय में तैनात हैं तो फिर शिक्षक-छात्र अनुपात के आधार पर उनकी गणना सरप्लस व आवश्यकता वाले विद्यालयों के रूप में की गई होगी। क्या उन्हें जिस विद्यालय में उनका विलय हुआ है, वहां के लिए भी आवेदन करना होगा? हालांकि विभाग के अधिकारी इस पर मौन साधे हुए हैं। जानकारी के अनुसार काफी ऊहापोह व तकनीकी दिक्कत की वजह से इस बार काफी कम आवेदन हो रहे हैं।

### शिक्षक-कर्मचारियों को फॉर्म 16 उपलब्ध कराने के निर्देश

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को फार्म 16 निःशुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इसके लिए 75 लाख का बजट भी डीआईओएस को आवंटित किया है। निदेशालय के वित्त नियंत्रक मदन लाल की ओर से इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि अभी तक शिक्षकों व कर्मचारियों से फार्म 16 के लिए भी पैसा लिया जाता था।

# जनता की आकांक्षाओं के संवाहक होते हैं जनप्रतिनिधि

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक हुई। बैठक में लखनऊ मंडल के जनपदों- लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे 42 विधायकों एवं 5 विधान परिषद सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की नव प्रस्तावित परियोजनाओं अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं एवं जन अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय अनुभव एवं स्थानीय धरातल की गहन समझ शासन को योजनाओं के निर्धारण और प्रभावी क्रियान्वयन में नई दृष्टि प्रदान करती है। यह संवाद व्यवस्था शासन और समाज के बीच विश्वास की एक जीवंत कड़ी है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त 3,397 विकास प्रस्तावों, जिनकी अनुमानित लागत 42,891 करोड़ है, पर जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए।मुख्यमंत्री ने मंडल के सभी जनपदों एवं विधानसभा क्षेत्रों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशिष्टताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक जनपद की अपनी एक अलग पहचान है, जिसे सशक्त करते हुए विकास योजनाओं का समायोजन आवश्यक है। लखनऊ नव्य आधुनिकता का केंद्र है। अवध की सांस्कृतिक राजधानी, कला, साहित्य तथा संस्कार की जीवंत मिसाल भी है। काशी की तरह ही इसकी आत्मा सनातन और इसकी आत्मीयता वैश्विक है। हरदोई में सत्य और तप की परंपरा गहराई तक रची-बसी है। रायबरेली साहित्य, स्वतंत्रता संग्राम और लोककला की दृष्टि से भी समृद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव चंद्रशेखर आज़ाद और स्वतंत्रता संग्राम के अन्य नायकों की कर्मभूमि रहा है। उन्नाव में विकासपरक परियोजनाओं को स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक चेतना के साथ जोड़ते हुए समेकित रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। नैमिषारण्य को केंद्र मानकर सीतापुर की धार्मिक और आध्यात्मिक गरिमा अद्वितीय है। यह वह भूमि है जहां ऋषियों ने वेदों का श्रवण कराया। लखीमपुर खीरी दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के कारण वैश्विक वन्यजीव मानचित्र पर स्थापित है। यहां की जैव विविधता, तराई की कृषि संपन्नता और थारू संस्कृति इसे विशिष्ट बनाती है। इन जनपदों की विशिष्ट पहचान ही इन्हें महत्वपूर्ण बनाती है। इसके दृष्टिगत मंडल के प्रत्येक जनपद एवं विधानसभा क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि स्पष्ट कार्ययोजना, समयबद्धता व सतत संवाद, नियमित फीडबैक परियोजनाओं को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का आधार है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर संवेदनशील है।

# साहित्य ऐसा होना चाहिए जो गंगा की भांति सभी का हितकारी हो: हरिशंकर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

■ गोस्वामी तुलसीदास, संत साहित्य मर्मज्ञ आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द एवं कथा सम्राट चंद्रधर शर्मा गुलेरी स्मृति समारोह

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा गोस्वामी तुलसीदास, संत साहित्य मर्मज्ञ आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द एवं कथा सम्राट चंद्रधर शर्मा गुलेरी स्मृति समारोह के शुभ अवसर पर दिन बुधवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर डॉ हरिशंकर मिश्र, असित चतुर्वेदी, नरेन्द्र भूषण एवं डॉ अलका पाण्डेय का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर डॉ अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया।डॉ हरिशंकर मिश्रने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक प्रेरणापुरुष के रूप में हमारे सम्मुख हैं। तुलसीदास का जीवन काफी संघर्षमय था। तुलसीदास का साहित्य लोक तत्व से परिपूर्ण है। वे लोक सेवा भावना से ओत-प्रोत थे। उन्होंने रामकथा को गंगा से जोड़ने का प्रयास किया। साहित्य ऐसा होना चाहिए जो गंगा की भांति सभी का हितकारी हो। गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने आप को तीर्थराज बनाने का प्रयास किया। संत समाज को ऐसा कार्य करना चाहिए, जिससे वे लोक कल्याण कर सके। तुलसीदास जी ने अपने साहित्य में संत के लक्षणों की व्याख्या की है। कोई भी व्यक्ति वस्त्र व वाणी से नहीं बल्कि जो स्वभाव से संत हो वही सच्चा संत होता है। असित चतुर्वेदीने कहा कि सरस्वती के उपासक कभी स्वर्गीय नही होते हैं। सरस्वती के साधना में लगे हुए लोग कभी स्वर्गीय नहीं होते है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी पेशे से वकील थे। वे वकालत से अधिक साहित्य साधनारत थे। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी जी की उनकी पुस्तक 'उत्तरी भारत की संत परम्परा' काफी चर्चित है। संत साहित्य पर शोध कार्य उनकी पुस्तकों के बिना पूर्ण नहीं हो सकता है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी का नाम संत कवियों में प्रमुखता से लिया जाता है। ''संत मरा क्या रोइये जो अपने घर को जाय'' की पंक्तियाँ उनके ऊपर चरितार्थ होती हैं। नरेन्द्र भूषण ने प्रेमचन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ लोग ऐसे होते हैं, जहाँ जन्म लेते हैं वह स्थान धन्य हो जाता है। प्रेमचन्द का साहित्य आज भी प्रासंगिक है। प्रेमचन्द जी अपने लेखन की शुरुआत नबाब राय के नाम से की। प्रेमचन्द का साहित्य देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण है। प्रेमचन्द के साहित्य में सामाजिक कुरीतियों का व्यापक विरोध मिलता है। प्रेमचन्द उर्दू भाषा के अच्छे जानकार थे। उनकी रचनाओं में प्रेमा, सेवा सदन, गबन, गोदान, रंगभूमि, निर्मला, कायाकल्प, कर्मभूमि आदि प्रमुख हैं। उनकी रचनाओं में आदर्शवादी यथार्थ के तत्व विद्यमान हैं। प्रेमचन्द का साहित्य साहित्य जगत को दिशा व मार्ग दिखाता रहेगा। अलका पाण्डेय ने कहा कि चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का साहित्य फलक बहुत बड़ा है। गुलेरी ने विभिन्न साहित्यिक पत्रिकाओं से जुड़कर साहित्य सेवा की है। गुलेरी जी ने जो लिखा काफी महत्वपूर्ण लिखा है। चन्द्रधर शर्मा गुलेरी 'उसने कहा था' लिखकर साहित्यिक जगत में अमर हो गये। गुलेरी जी ने कहानी विधा को काफी मार्गदर्शन किया। उनकी कहानियाँ प्रेम प्रसंग से परिपूर्ण हैं। गुलेरी की कहानियों में आंचलिकता के तत्व विद्यमान हैं। उन्होंने आंचलिक कहानियों में आंचलिक तत्वों का समावेश किया है। 'उसने कहा था' कहानी प्रेम कथाओं में सर्वोपरि है।इस अवसर पर तुलसी के पदों रामचन्द्र कृपालु भजमन, गाइये गणपति जग वंदन, ठुमक चलत राम चन्द्र, मो सो कौन दीन तो सौ कौन दयाल की संगीतमय प्रस्तुति संगीत कला संस्थान के माध्यम से डॉ पूनम श्रीवास्तव द्वारा की गयी। तबले पर डॉ राजीव शुक्ला, हारमोनियम पर चन्द्रेश पाण्डे एवं बाँसुरी पर दीपेन्द्र कुमार द्वारा सहयोग किया गया।

# चकबंदी कार्यों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया।
बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली। जिसपर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 47 गांव शामिल हैं जिसमें तहसील गौरीगंज के 11, मुसाफिरखाना के 26,अमेठी के 8 व तिलोई के 2 गांव शामिल हैं।तथा धारा 7 में 2 गांव,धारा 8 में 10 गांव,धारा 9 में 4 गांव,धारा 10 में 12 गांव,धारा 20 में 6 गांव,धारा 23 में 3 गांव,धारा 24 में 4 गांव, धारा 27 में 8 गांव तथा धारा 52 में 12 गांवों में कार्य चल रहा है। जिसमें से मुसाफिरखाना तहसील के ढुड़ेहरी गांव में धारा 52 का प्रस्ताव तैयार कर भेज दिया गया है। शेष गांवों में कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।
साथ ही उन्होंने बताया कि सराय खेमा, दौलतपुर लोनहट, सिंदुरवा व गूंगेमऊ गांव में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें।साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं, उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं।किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि कब्जा परिवर्तन तथा चक सीमांकन के दौरान यदि कोई समस्या आती है,तो संबंधित उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्ष से संपर्क कर उसका निराकरण कराएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बैठक के माध्यम से सभी उपजिलाधिकारियों को समय-समय पर कब्जा परिवर्तन संबंधी गांवों का भ्रमण करने का निर्देश दिया एवं चकबंदी से संबंधित पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने का निर्देश दिया।
जिससे आम जनता को राहत दिलाई जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि चकबंदी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना करें। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

# सफर जो घर का था, मंज़िल मौत बन गई

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



बुधवार की सुबह जनपद के निहालगढ़ स्टेशन के पास जब सूरज की पहली किरण ज़मीन पर पड़ी, वहां रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक की निर्जीव देह जीवन की कहानी कह रही थी। एक अधूरा सफर,जो अपनों से मिलने की उम्मीद में शुरू हुआ था, मगर मौत की मंज़िल पर खत्म हो गया।उस युवक का नाम था विश्वजीत।उम्र महज़ 35 साल। चेहरे पर अब भी शांति और थकावट का अजीब सा मेल था, जैसे कुछ कहकर जाना चाहता हो। पास ही उसकी जेब से निकली एक पर्ची थी, जिसमें लिखा था,एक नाम,एक नंबर और एक रिश्ता रेखा कुमारी बहन। वह श्रमजीवी एक्सप्रेस से बिहार के भोजपुर जिले के चैन छपरा गांव में अपने घर लौट रहा था।लखनऊ के पीजीआई से दवा लेकर लौट रहा था।उम्मीद थी कि दवा शरीर को राहत देगी, मन को सुकून। मगर नियति ने बीच रास्ते में पन्ना पलट दिया।चलती ट्रेन से कैसे गिरा? क्या संतुलन बिगड़ा? या नींद ने झपकी ली? इन सवालों के उत्तर कहीं पटरियों पर बिखरे पड़े हैं।जहां अब सिर्फ सन्नाटा है।सूचना मिलते ही जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेन्द्र यादव मौके पर पहुंचे। रेलवे क्रॉसिंग से लगभग 100 मीटर दूर ट्रैक के किनारे पड़े शव को देखकर मंजर समझते देर नहीं लगी। शिनाख्त हुई तो पिता जयप्रकाश और बहन रेखा को सूचना दी गई। शायद उनके दिलों में भी कोई हिस्सा उस पल मर गया होगा, जब फोन की घंटी बजी और आवाज आई,आपका बेटा... अब इस दुनिया में नहीं रहा। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था बनी रही, मगर उस परिवार के भीतर तूफान मच गया।

# सीसीटीएनएस रैंकिंग में अमेठी टॉप पर

## तकनीक और टीमवर्क ने रच दिया इतिहास

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



कभी शांत-सी दिखने वाली पुलिस लाइन अमेठी में बुधवार को कुछ अलग ही ऊर्जा थी।चेहरों पर आत्म विश्वास की चमक थी।और कंधों पर गौरव की झलक।वजह भी खास थी,जनपद को क्राइम एंडक्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम की जून की रैंकिंग में पूरे उप्र में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।राज्य भर की पुलिस इकाइयों में जहां यह उपलब्धि हासिल करना चुनौती होती है,वहीं अमेठी पुलिस ने सौ प्रतिशत अंक पाकर तकनीकी दक्षता का परचम लहरा दिया। उनतीस जुलाई को तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, लखनऊ से जारी रिपोर्ट के अनुसार, अमेठी ने न केवल सभी मापदंड पूरे किए, बल्कि उत्कृष्टता का नया मानक भी स्थापित किया।इस उपलब्धि पर अपर पुलिस महानिदेशक,तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।सम्मान पाने वालों की सूची यहीं नहीं रुकी।अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिन्होंने इस मिशन को बतौर सीसीटीएनएस नोडल अधिकारी निर्देशित किया।
और जनपदीय कोऑर्डिनेटर, जिनके हाथों कंप्यूटर की बोर्ड से उत्कृष्टता निकली, दोनों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस सफलता के पीछे सिर्फ एक नाम नहीं,बल्कि एक संगठित टीम, सशक्त नेतृत्व और अथक परिश्रम की पूरी कहानी है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन, एएसपी शैलेन्द्र सिंह के सटीक पर्यवेक्षण और सीसीटीएनएस प्रभारी निरीक्षक के तकनीकी मार्गदर्शन ने अमेठी को यह गौरव दिलाया।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी पूरी टीम की मेहनत और तकनीकी रूप से दक्ष पुलिस व्यवस्था का परिणाम है।सभी थानों और कार्यालयों पर कार्यरत कर्मियों को मैं इस सफलता के लिए बधाई देती हूं। सीसीटीएनएस सिर्फ एक तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म नहीं, बल्कि पुलिसिंग को पारदर्शी,तेज और प्रभावशाली बनाने का माध्यम है।केस फाइलिंग से लेकर आरोपियों की ट्रैकिंग और कोर्ट समन तक, सब कुछ अब डिजिटल रूप से एक क्लिक में संभव है। अमेठी का यह प्रदर्शन यह दर्शाता है कि अब यह जनपद तकनीकी पुलिसिंग में प्रदेश का नेतृत्व कर रहा है।इस रैंकिंग ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि नेतृत्व स्पष्ट हो,और समर्पित टीम हो तो छोटे जिले भी बड़ी उपलब्धियां लिख सकते हैं।

## चंदन अग्रहरि के निधन से नगर में शोक

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

नगर पंचायत सलोन के वार्ड नई बाजार के निवासी, सलोन के प्रसिद्ध व्यापारी गनपत सेठ के पारिवारिक डब्बू अग्रहरि के पुत्र चंदन अग्रहरि 28 वर्ष के निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। चंदन अग्रहरि विगत दिवस सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिनका एम्स रायबरेली में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान चंदन का निधन हो गया। मृतक के पिता डब्बू अग्रहरि किराना संघ अध्यक्ष है। व नगर के जाने-माने व्यापारी हैंद्य मृतक चंदन अपने परिवार का एकलौता पुत्र था द्य इस दुखद निधन पर युवा नेता इरफ़ान सिद्दीकी, शिक्षक राम जी सरोज, पूर्व सभासद इसरार हैदर रानू, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अयाज अहमद काजू, सभासद मोहम्मद शरीफ गड्डी, सभासद मोहम्मद फिरोज, जैद खान मेवाती, मूर्शल सिद्दीकी, आजम खान, समीर आलम समेत तमाम व्यापारियों ने संभ्रांत लोगों ने युवाओं ने गहरा दुख प्रकट किया है। मृत्यु की सूचना मिलते ही पूरे नगर में सन्नाटा छा गया।

# स्वशासी मेडिकल कॉलेज में यूपी स्टेमी केयर शुरू, दो मरीजों की बची जान

**जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी**



जनपदवासियों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी राहत की खबर है।हार्ट अटैक जैसे गंभीर मामलों में त्वरित इलाज सुनिश्चित करने हेतु स्वशासी मेडिकल कॉलेज तिलोई में 'यूपी स्टेमी केयर' सेवा की शुरुआत की गई है।इस सुविधा के तहत अब तक दो गंभीर हृदय रोगियों का समय पर इलाज कर उनकी जान बचाई जा चुकी है।डाआजम खान ने बताया कि एसटी-सेगमेंट एलिवेशन मायोकार्डियल इन्फ्क्शन जैसे हृदयघात के मामलों में त्वरित इलाज हेतु कॉलेज के चिकित्सकों को एसजीपीजीआई,लखनऊ से विशेष प्रशिक्षण दिलाया गया है। प्रशिक्षण के बाद 24 घंटे संचालित होने वाली यूपी स्टेमी केयर यूनिट की स्थापना की गई है।यूपी स्टेमी केयर के तहत पहला मरीज रियाज अहमद 65 वर्ष,निवासी इन्हौना और दूसरा उदय भान वर्मा 40 वर्ष, निवासी पूरे बिसई, तिलोई को 28 जुलाई को प्राथमिक चिकित्सा के बाद एसजीपीजीआई लखनऊ रेफर किया गया, जहां अब दोनों मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं। स्टेमी एक गंभीर प्रकार का हार्ट अटैक होता है। जिसमें हृदय की धमनियों में थक्का जमने से ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बाधित हो जाती है।ऐसी स्थिति में 'टेनेक्टीप्लेस' नामक इंजेक्शन द्वारा चंबोलिसिस धमनी में थक्का घोलना किया जाता है।
डॉक्टर ने बताया कि यह इंजेक्शन बाजार में 50,000 से 60,000 रूपए तक का होता है,लेकिन सरकार द्वारा यह मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। यूपी स्टेमी योजना के तहत जिले के प्रशिक्षित चिकित्सकों और एसजीपीजीआई लखनऊ के विशेषज्ञों को एक वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया है। मरीज के अस्पताल पहुंचने पर तुरंत ईसीजी जांच की जाती है,जिसकी रिपोर्ट सीधे विशेषज्ञों को भेजी जाती है। फिर टेलीमेडिसिन परामर्श के बाद इलाज प्रारंभ होता है। उन्होंने के कहा कि स्वशासी मेडिकल कॉलेज तिलोई में 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध है। किसी भी हृदय रोगी को तत्काल जांच व उपचार मुहैया कराया जा रहा है।स्टेमी केयर यूनिट द्वारा अब ग्रामीण अंचलों के मरीजों को भी समय रहते जीवन रक्षक इलाज मिल सकेगा।लोगों के लिए यह सेवा जीवनदायी साबित हो सकती है। सरकार द्वारा निःशुल्क इलाज और महंगे इंजेक्शन की उपलब्धता से अब हार्ट अटैक की स्थिति में समय पर इलाज पाना आसान हो गया है।

## राशन वितरण में गड़बड़ी: सेमरौता के सैकड़ों कार्डधारक भटक रहे

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** तिलोई विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरौता में राशन वितरण प्रणाली में अनियमितता के बाद सैकड़ों राशन कार्डधारक परेशान हैं। पूर्ति विभाग की जांच में गंभीर गड़बड़ियां मिलने पर दोनों उचित दर विक्रेताओं का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज की गई है। शिकायतों के बाद दोनों दुकानदारों को हटाकर सतगवां और अकबरपुर फर्शी के उचित दर विक्रेताओं को सेमरौता से संबद्ध किया गया। लेकिन नए विक्रेताओं को सेमरौता के कार्डधारकों का आवंटन और खाद्यान्न आपूर्ति नहीं की गई है। इससे पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है। सतगवां के विक्रेता ने पूर्ति निरीक्षक को पत्र देकर बताया है कि उन्हें केवल 30 क्विंटल गेहूं मिला है। अगस्त माह का राशन आवंटन अभी तक नहीं हुआ है। अकबरपुर फर्शी की विक्रेता वंदना सिंह ने भी कहा कि उन्हें सेमरौता के किसी भी कार्डधारक के लिए राशन नहीं दिया गया है।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले जनपद प्रयागराज में किसान हुंकार



**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले जनपद प्रयागराज में किसान हुंकार रैली का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री अनुज सिंह जी के द्वारा किसान सभा को संबोधित किया गया। सालिक राम यादव मध्यांचल अध्यक्ष, युवा मंडल अध्यक्ष के.के. सिंह ने रैली को सफल बनाया तथा पूरे प्रदेश से आये सभी पदाधिकारियो के सहयोग से रैली को ऐतिहासिक रूप दिया गया। व सीतापुर से मेरे नेतृत्व काफी संख्या किसान साथी भी प्रयागराज हुंकार रैली में शामिल हुये तथा वहीं पर थाना कोतवाली देहात सीतापुर पर आगामी 6 अगस्त 2025 को होने वाले धरने के विषय मे चर्चा हुई जिसपर प्रदेश के काफ़ी पदाधिकारी व किसान साथियो ने धरने पर पहुँचने का आश्वाशन दिया।

## इच्छुक सेवा प्रदाता फर्मे जेम पोर्टल पर आमंत्रित, जेम निविदा में लें भाग

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अर्पित उपाध्याय ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण, 2025 के अन्तर्गत जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डाटा इन्ट्री का कार्य/सेवाएं करने हेतु जेम पोर्टल पर कस्टम बिड संख्या GEM/2025/B/6488392 दिनांक 29 जुलाई 2025 को प्रकाशित की गयी है, बिड बंद होने की तिथि 13 अगस्त 2025, समय अपरान्ह 12:00 बजे तथा बिड खुलने की तिथि 13 अगस्त 2025 को समय अपरान्ह 12:30 बजे है तथा डाटा इन्ट्री कार्य कुल अनुमानित लागत रू0 17,10,000/-मात्र है।

# इंद्रदेव मेहरबान, अन्नदाताओं के खिले चेहरे

## झमाझम बारिश से मौसम सुहाना, फसल को मिली संजीवनी

**जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी**



विगत दिनों से बारिश के लिए तरस रहे जनमानस से पशु पक्षियों तक को बुधवार के दिन झमाझम बारिश होने से खासी राहत मिली। हालांकि जुलाई में औसत से कम बारिश हुई है। दो दिनों से हो रही बरसात से खेती को फायदा मिला है।पानी की कमी से खेतों में दरार आ गई थीं वह खत्म हो गई है। उधर बारिश का सिलसिला जारी रहने से उमस भरी गर्मी से भी राहत मिली है। घरों में लगे पंखे और कूलर राहत दे रहे हैं। पूरे दिन बारिश का दौर जारी रही। सुबह से ही रिमझिम का दौर शुरू हुआ जो दिनभर चलता रहा। पूरे दिन धूप नहीं निकली और लोगों ने बारिश के मौसम का आनंद लिया। किसानों को भी राहत मिली क्योंकि जुलाई में कम बारिश से धान की रोपाई को झटका लगा था। किसानों को निजी नलकूपों की मदद से रोपाई करनी पड़ी थी। उसके बाद सिंचाई का प्रबंध न होने से फसल सूख रही थी। दो दिन से हो रही बारिश से फसल को संजीवनी मिल गई है। किसानों को कहना है कि यदि इसी तरह बारिश होती रही तो खेतों में पानी की कमी पूरी हो जाएगी।अलग से सिंचाई का प्रबंध नहीं करना पड़ेगा।

# क्लस्टर/समूह में स्थापित करें परियोजना, मिलेगा 50 हजार रूपये का अनुदान

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, अनुदान व बैंक ऋण की सुविधा दी जाएगी। योजना का संचालन जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।
जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) सृष्टि अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के ग्रांट इन एड घटक के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्ति कम से कम 3 सदस्यों के समूह (क्लस्टर) के रूप में अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।

**क्या मिल रहा है योजना में?**

लाभार्थियों को उनके चुने गए व्यवसाय के अनुसार निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।
प्रत्येक लाभार्थी को अधिकतम रू.50,000 या परियोजना लागत का 50प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान मिलेगा।
इसके अतिरिक्त परियोजना लागत का 5प्रतिशत मार्जिन मनी के रूप में दिया जाएगा।
शेष धनराशि लाभार्थी को बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।
इन व्यवसायों में खोले जा सकते हैं क्लस्टर

**इस योजना के तहत निम्न व्यवसायों के लिए समूह आधारित प्रोजेक्ट स्थापित किए जा सकते हैं:-**

बुटीक, ब्यूटी पार्लर,
कीऑस्क/किराना स्टोर, फोटोग्राफी
सोलर पैनल इंस्टालेशन, ई-रिक्शा/ऑटो चालक सेवाएं
मुर्गी पालन, डेयरी, वर्मी कम्पोस्टिंग, बकरी पालन
आईटी सपोर्ट, हार्डवेयर, जन सुविधा केंद्र
मॉड्यूलर फर्नीचर, मैकेनिक कार्य, निर्माण कार्य आदि

**पात्रता शर्तें:-**

आवेदक अनुसूचित जाति का निवासी हो और रायबरेली जनपद से संबंधित हो।
उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच हो।
आवेदक को साक्षर होना अनिवार्य है और समूह में कार्य करने की इच्छा होनी चाहिए।
पहले से किसी सरकारी योजना में बकायेदार न हो।
वार्षिक आय रू.2.50 लाख तक के परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
सिबिल स्कोर अच्छा होना आवश्यक है।

**आवेदन की प्रक्रिया:-**

**इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के लिए दो विकल्पों में से किसी एक का चयन कर सकते हैं:-**

ऑफलाइन आवेदन - शहरी क्षेत्र के आवेदक विकास भवन, कक्ष संख्या 210, रायबरेली में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक अपने विकास खंड कार्यालय में ग्राम/सहायक विकास अधिकारी (स0क0) से संपर्क कर आवेदन जमा करें।
ऑनलाइन आवेदन - http://scbcmis.gov.in वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

**आवश्यक दस्तावेज**

2 पासपोर्ट साइज फोटो
आधार कार्ड, पैन कार्ड
जाति प्रमाण पत्र (ऑनलाइन),
निवास प्रमाण पत्र
आय प्रमाण पत्र (ऑनलाइन)
बैंक पासबुक की प्रति
शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र (स्व-सत्यापित)
चयन प्रक्रिया 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर की जाएगी।
संबंधित अधिकारी ने जनपद के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# रात-दिन पसीना बहाने वाले भूखे पेट सोने को विवश: सरस्वती

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**




उत्तर प्रदेश मिड डे मील वर्कर्स यूनियन सम्बद्ध ऐक्टू के राज्यव्यापी आह्वान के तहत बड़ी संख्या में रसोईया कर्मियों ने बीकेटी उपजिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगो के समर्थन में आवाज बुलन्द की।
यूनियन की जिला अध्यक्ष सरस्वती ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेहनतकश हिस्से के सामने जीवित रहने की भी स्थिति नहीं बची है। स्कीम वर्कर्स के नाम पर आशा ,मिड डे मील वर्कर्स, जीविका कैडर सहित दर्जनों मुफ्त की महिला कामगारों को जानलेवा काम के बोझ के नीचे दबा कर उनके श्रम और क्षमता की लूट जारी है। दो दशक से अधिक समय से सेवा दे रही मिड डे वर्कर्स आज भी दो हजार रुपए में महीने भर खटने के लिए विवश हैं।
सरकारें जिस विकास की बड़ी बड़ी बातें करती हैं, उसकी असलियत रातों दिन पसीना बहाने के बावजूद भूखे पेट सोने को मजबूर किसी मजदूर की जिंदगी में झांक कर सहज ही देखा जा सकता है।
उन्होंने कहा कि 2013 में हुए भारतीय श्रम सम्मेलन ने मिड डे मील, आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स को स्थाई कर्मचारी का दर्जा देकर न्यूनतम वेतन दिए जाने ईएसआई, ईपीएफ, ग्रेडुटी और मातृत्व अवकाश दिए जाने की सिफारिश की थी किंतु पिछले 16 वर्षों से वह रिपोर्ट धूल फांक रही है और यह तीनों कामगार बेगार में अपना जीवन खपा रही हैं।
जिला सचिव विद्या ने कहाकि विद्यालयों के मर्जर के नाम पर बंदी का खेल जारी है। गुणवत्तापरक शिक्षा की व्यवस्था देने के बजाय स्कूलों पर तालाबंदी हो रही है। शिक्षकों, शिक्षा मित्रो के समायोजन का आदेश तो जारी किया गया किंतु रसोईयकर्मी इस बंदी में राजघाट खोने की कगार पर हैं।
बाद में मिड डे मील वर्कर्स के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया मानदेय का तत्काल भुगतान को सुनिश्चित करने, विद्यालयों की बंदी रोके जाने और मर्जर की दशा में रसोईया कर्मियों की आबाद सेवा सुनिश्चित करने तथा 45/46 वे भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू कर न्यूनतम वेतन, ईपीएफ, ग्रेच्युटी, पेंशन दिए जाने संबंधित मांगो का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पर संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 31 जुलाई, 2025






**जुलाई में गन्ने की बढ़वार अहम, खेतों में जैविक...**

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने मंगलवार को गन्ना समिति पीलीभीत अंतर्गत ग्राम वहनपुर, विकासखंड मरौरी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम...

▸ शेष पेज 07 पर...

# बड़े चौराहे से सगे भाइयों का अपहरण, डेढ़ साल के मासूम को 1.60 लाख में बेचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




बड़े चौराहे से सोमवार की शाम को डेढ़ साल और छह वर्षीय भाइयों का अपहरण हो गया। अपहरणकर्ता बड़े भाई को शिवराजपुर छोड़कर फरार हो गए, जबकि मासूम को 1.60 लाख रुपये में उन्नाव में दंपती को बेच दिया। कोतवाली पुलिस ने 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद आरोपी महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। बच्चा खरीदने वाली महिला से भी पूछताछ की जा रही है।

बड़ा चौराहा पर रंग बेचने वाली जीनत और फेरी लगाकर सामान बेचने वाले शरीफ के बेटों छह साल का फरीद और डेढ़ वर्षीय शादाब का अपहरण हो गया। दोनों ने बच्चों की इधर उधर तलाश की, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं हुई। मंगलवार की दोपहर फरीद शिवराजपुर बाजार में संदिग्ध हालात में मिला। दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। बच्चे ने पुलिस को बड़ा चौराहा और आसपास के क्षेत्र की जानकारी दी। शिवराजपुर पुलिस फरीद को लेकर कोतवाली पुलिस ले आई। कोतवाली पुलिस ने बच्चों के माता पिता की तलाश की, जिस पर देर शाम दोनों के माता पिता का पता चला।

जीनत ने फरीद से छोटे भाई की जानकारी की, जिस पर उसने अगवा करने वाली महिला और पुरुष की जानकारी दी। इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने टीम के साथ करीब 70 सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई। शिवराजपुर पुलिस ने भी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को तलाश किया। इस दौरान स्कूटी नजर आई।

उसमें महिला, पुरुष और दोनों बच्चे थे। पुलिस ने स्कूटी के नंबर के आधार पर महिला को चकेरी से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि महिला चकेरी क्षेत्र की रहने वाली जूली रानी कुशवाहा है।

उसने उन्नाव की रहने वाली महिला को 1.60 लाख रुपये में शादाब को बेचा था। महिला के शादी के 13 साल होने के बावजूद कोई संतान नहीं है। जूली रानी कुशवाहा ने उसे बच्चा बेच दिया। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है। उन्नाव की महिला से पूछताछ जारी है।

# उत्तरीपुरा कस्बे में बेखौफ दो दबंगों ने हद कर दी युवक को डंडों से पीटकर अधमरा किया, कानपुर रिफर





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी पूरा चौकी कस्बा में उसे समय अफ़रा-तफ़री मच गई जब दो सगे भाइयों ने एक युवक को पड़कर लाठी डंडों से जमकर पीटते हुए तालिबानी सजा दे डाली 44 सेकंड के वीडियो मैं दबंग दोनों भाइयों ने मिलकर इस तरह से लाठी डंडे युवक पर बरसाए मरा हुआ छोड़कर मौके से भाग निकले किसी तरह से स्थानीय लोगों ने हिम्मत जुटाकर उत्तरीपुरा चौकी पुलिस को सूचना दी मौके पर जब तक पुलिस पहुंचती तब तक दोनों युवक मौके से दुकान बंद कर भाग निकले पूरा मामला उत्तरी पूरा कस्बा का है

पीड़ित युवक के चचेरे भाई ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरे चाचा का लड़का नीरज सिंह पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम सादिकामऊ थाना शिवराजपुर उत्तरीपुरा बाजार गया था अमित वर्मा पुत्र नन्हे वर्मा व सुमित वर्मा पुत्र नन्हे वर्मा की दुकान पर जोकि उत्तरीपुरा में ज्वेलर्स की दुकान किए हुए हैं तभी मेरे चचेरे भाई नीरज सिंह पुत्र जयवीर सिंह लेनदेन की बात कर रहे थे तभी दोनों भाई उग्र हो उठे और गाली गलौज करने लगे इसके बाद नीरज मौके से निकलकर घर की ओर जाने लगे तभी मछली मंडी के पास युवक को घेर कर अमित वर्मा सुमित वर्मा ने लाठी डंडों से कई वार करते हुए

गंभीर रूप से घायल व मरा अधमरा समझकर भाग निकले दुकान के सामने डालकर मुंह पर थूक कर मौके से भाग निकले दोनों भाई वहीं पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मारपीट करने वाले युवकों के तलाश में जुड़ गई है युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। दबंग युवकों का दबंगई का पुराना रिश्ता है

और सत्ता से हमेशा करीबी बनाकर चलते हैं।

अभी सपा बसपा और अब इन दिनों भाजपा से चोली दामन का साथ बनाकर फोटो वायरल करते हैं। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर खुलेआम दिन में दबंगई करने वालों को गिरफ्तार का जेल भेजा जाएगा।

# सराफा व्यापारी से लूट की घटना के 23 मिनट बाद नरवल में दिखे लुटेरे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



महाराजपुर के तिलसहरी-टौंस मार्ग में सराफा व्यापारी से चार लाख के जेवर और नकदी लूट की हुई वारदात के 23 मिनट बाद लुटेरे नरवल मोड़ के पास से गुजरते हुए कैमरे में कैद हुए हैं। दो दिन पूर्व महाराजपुर पुलिस ने व्यापारी अनिल वर्मा से हुई लूट का मामला दर्ज किया था।

डीसीपी पूर्वी ने वारदात के खुलासे के लिए चार टीमों को गठित किया था। पुलिस को कैमरों के दो फुटेज ऐसे मिले हैं जिसमें आरोपी वारदात के 23 मिनट बाद नरवल मोड़ के पास से गुजरते हुए दिखाई दिए हैं। व्यापारी नेता महेश वर्मा ने बताया कि यदि दो दिन के भीतर वारदात का अनावरण नहीं किया जाता तो वह पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात कर शिकायत करेंगे। व्यापारी नेता ने कहा कि सीपी से मिलने के बाद भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ डीजीपी से मुलाकात करेंगे।

## होटल के कमरे में लगी आग, 12 लोग सुरक्षित निकाले गए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बादशाहीनाका थानाक्षेत्र के जनरलगंज में में बुधवार दोपहर होटल की तीसरी मंजिल पर कमरे में आग लग गई।

घनी आबादी में हुई घटना से खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने 12 लोगों को होटल से सुरक्षित निकाला और पानी डालकर आग पर काबू पाया।

जनरलगंज स्थित प्रभात होटल में दोपहर करीब 3.30 बजे मिनी कंट्रोल में आग लगने की सूचना दी गई।

लाटूश रोड फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी कैलाश चंद्र दो मोटर फायर इंजन व दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।

इस दौरान होटल से करीब 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तीसरी मंजिल के कमरे में फोम बेड पर आग धू-धूकर जल रही थी। होटल में धुआं भरने से लोग परेशान थे। हालांकि दमकल कर्मियों ने हौज पाइप की मदद से कुछ ही देर में आग को बुझा दिया। कलक्टरगंज एसीपी आशुतोष सिंह ने बताया कि जो लोग होटल में थे उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया था। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग को कमरे के आगे नहीं बढ़ने दिया गया।

# शिवराजपुर कस्बे में 50 साल पुरानी दुकानदार पक्का लेटर डालते कानूनगो ने रोका

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर नगर पंचायत शिवली रोड तिराहे पर अवैध निर्माण की जांच करने पहुंचे राजस्व कर्मियों ने कब्जेदारों को सख्त हिदायत के बाद निर्माण को रुकवा दिया है। लोगों के अनुसार कब्जेदार भाजपा पार्टी का पदाधिकारी होने से रौब झाड़कर अधिकारियों पर भारी दबाव बनाते रहे।लेकिन राजस्व कर्मियों ने एक न सुनकर कार्य को रुकवा दिया है।उधर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने मामले की उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

बुधवार को पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता अनुपम शिवराजपुर शिवली तिराहे मार्ग पर अवैध निर्माण की सूचना पर जांच करने पहुंची थी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा पत्र लिखकर उच्च अधिकारियों को पीडब्ल्यूडी की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। शिवली रोड पर गुप्ता स्वीट हाउस के नाम से भाजपा जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता की मिष्ठान भंडार की दुकान है।जर्जर दुकान में पानी टपकने से हादसे का खतरा दिखने से उन्होंने दुकान को दोबारा से निर्माण कराने के लिए सरिया का जाल बिछाकर लेंटर डालने का कार्य शुरू किया था। जिसको राजस्व कर्मियों ने रुकवा दिया है। लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि जिस जगह निर्माण शुरू था वह पीडब्ल्यूडी सरकारी जमीन है। कब्जेदारों को सख्त हिदायत के बाद निर्माण कार्य को राजस्व कर्मियों ने रुकवा दिया है। नगर पंचायत के लिपिक बाबू अतुल दुबे ने बताया की उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध कब्जे की सूचना पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई थी। जिसपर सहायक अभियंता ने जांच कर निर्माण कार्य को रुकवा दिया।सहायक अभियंता ने दोबारा निर्माण पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।उधर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता के मुताबिक वह पिछले 50 वर्षों से अधिक आस पास के मिष्ठान भंडार दुकानदार व मकान में लोग काबिज है।

बुधवार को अपनी दुकान को तुड़वाकर दोबारा निर्माण का काम शुरू करवाया है।जिसपर कुछ लोगों द्वारा अनैतिक रूप से पार्टी की छवि धूमिल करने के प्रयास में निर्माण कार्य को अवैध बताकर शिकायत की है। हालांकि उन्होंने जिले के उच्च अधिकारियों और पार्टी के पदाधिकारियों को इस विषय में अगवत कराया है।

## सभी 74 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध, ये रही पूरी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव में सभी 74 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। गुरुवार को पुस्तकालय में दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक प्रत्याशी अपना व्यक्तिगत प्रार्थना पत्र देकर नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। यह जानकारी एल्डर्स कमेटी चेयरमैन रवि मोहन कटियार ने दी। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव, रामप्रताप सिंह चौहान, अरुण कुमार तिवारी, देवनाथ शुक्ल, प्रबल प्रताप सिंह की मौजूदगी में मंगलवार दोपहर नामांकन पत्रों की जांच शुरू हुई। नामांकन पत्रों में भरे विवरण और दाखिल दस्तावेजों का मिलान किया गया।

सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। अब अध्यक्ष पद पर छह, महामंत्री पर आठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर पांच, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर सात,

कोषाध्यक्ष पर चार, संयुक्त मंत्री प्रशासन पर नौ, प्रकाशन पर तीन व पुस्तकालय पर पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 10 व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 17 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे हैं।

# स्कूटी सवार युवती के गले में फंसा चाइनीज मांझा, घायल



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रोक के बाद बाजार में बिक रहा चाइनीज मांझा एक बार फिर हादसे का कारण बन गया। बुधवार दोपहर स्कूटी से घर लौट रही युवती के गले में मांझा फंस गया। गले में कसाव होने से स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। इससे स्कूटी चला रही युवती और पीछे बैठी बहन घायल हो गई। इस बीच पीछे से आ रहे दो अन्य लोग भी मांझे का शिकार बने। बर्रा निवासी युवती वैष्णवी शर्मा जरूरी काम से छोटी बहन के साथ स्कूटी से बुधवार सुबह विजयनगर गई थीं। दोपहर में घर लौटते समय दादानगर नए पुल पर चाइनीज मांझा उनके गले से आकर लिपट गया।

वह कुछ समझ पाती तब तक मांझे से उनका गला कटने से लगा। ऐसे में स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई और दोनों सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार भी इसी मांझे में उलझकर संतुलन खो बैठे और गिर पड़े। हादसे में वैष्णवी, उनकी बहन और बाइक सवार जख्मी घायल हो गए।

वैष्णवी के गले में मांझा के गहरे निशान हैं। उनकी उंगली में भी चोट आई है।

## बैंक से बकाया की डीडी बनवाई, फिर भी कपड़े की गांठें कर लीं जब्त

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कपड़ा कारोबारी पर जीएसटी विभाग ने 2019-20 के लिए बकाया वसूली 97 हजार निकाली। भुगतान न होने पर बिना नोटिस जारी किए ही बैंक से पहले 97 हजार का डिमांड ड्राफ्ट बनवा लिया। इसके बाद भी दुकान जाकर पांच कपड़े की गांठ जब्त कर ली। इसी तरह किदवईनगर के टाइल्स कारोबारी पर 2017-18 के लिए 9,82,814 रुपये की वसूली निकाली। इसी तरह परफ्यूम कारोबारी पर 2019-20 के लिए 9,72,000 की और कत्था व्यापारी पर भी इसी साल के लिए 35 हजार की बकाया वसूली निकाली। तीनों मामलों में जीएसटी अधिकरण के विवादित कर की 10 फीसदी अतिरिक्त धनराशि प्री-डिपॉजिट के रूप में जमा कराने के बाद भी सीधे वसूली कार्रवाई की गई। बैंक खाता, क्रेडिट लेजर और कैश लेजर को जब्त कर लिया गया। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने पिछले साल आदेश जारी किया था कि जो कारोबारी अधिकरण के स्तर पर विवादित कर की 10 फीसदी धनराशि प्रथम अपील में जमा किए गए प्री-डिपॉजिट के अतिरिक्त 10 फीसदी प्री-डिपॉजिट कर देंगे उनकी बकाया धनराशि की वसूली नहीं की जाएगी।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला इनामिया गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले इनामी आरोपी को कर्नलगंज पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौबेपुर के एक गांव निवासी किशोरी कर्नलगंज निवासी मौसी के घर अप्रैल में आई थी जहां से 24 अप्रैल को चौबेपुर के मालौ गजनैरा गांव निवासी रवि उसका अपहरण कर ले गया था। कर्नलगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक सप्ताह के बाद दिल्ली से किशोरी को ढूंढ लिया था। आरोपी रवि 31 मई को फिर से किशोरी को उसके घर से दिल्ली ले गया जहां पर उसे एक होटल में रखा और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। काफी तलाश के बाद दिल्ली से फिर किशोरी मिली थी जबकि आरोपी भाग निकला था। डीसीपी सेंट्रल के आदेश पर आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। कर्नलगंज इंस्पेक्टर रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को मंगलवार को चुन्नीगंज चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सात साल से फरार छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

किशोरी से छेड़खानी के मामले में सात साल से फरार चल रहे आरोपी मकरावटगंज निवासी भूरे को कर्नलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी पर 2018 में किशोरी से मारपीट और छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही थी।

न्यायालय के समक्ष आरोपी के हाजिर नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# डिजिटल हेल्थ स्टैक से देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा आईआईटी, मिला 34 करोड़ का फंड

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने लिए अब डिजिटल हेल्थ स्टैक (डीएचएस) विकसित गया है। इसके लिए आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने 34 करोड़ रुपये का फंड दिया है। इससे आसपास के अस्पतालों में खाली बेड, आईसीयू की सूचना एक एप पर मिल जाएगी। आईआईटी ने इसका पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसके लिए आईआईटी के वैज्ञानिकों ने रियल टाइम बेड अवेलेबिलिटी एंड रेफरल पोर्टल आरटी-बार्पविकसित किया था, जिसका ट्रायल महाकुंभ 2025 में हुआ।

आईआईटी कानपुरने अत्याधुनिक डिजिटल हेल्थ स्टैक विकसित करने के लिए आईसीआईसीआई फाउंडेशन के साथ समझौता किया है। इसके तहत आईआईटी में एक इनोवेशन लैब स्थापित की गई है। इसका उद्घाटन आईसीआईसीआई बैंक के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा, बैंक के कार्यकारी निदेशक राकेश झा और आईआईटी निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने किया।

आईसीआईसीआई-डीएचएस को एक मॉड्यूलर, स्केलेबल और ओपन डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है, जो डिजिटल उपकरणों और प्रणालियों के एकीकरण के माध्यम से बदलती स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करेगा। आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि तकनीक आधारित नवाचार ही भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा की कुंजी है। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि आईसीआईसीआई डिजिटल हेल्थ स्टैक परियोजना में ऐसी तकनीक विकसित करना है जो पूरी तरह साक्ष्य-आधारित, व्यवहारिक, व्यक्ति-केंद्रित और डिजिटल रूप से सक्षम हो, जिससे हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके। डिजिटल हेल्थ स्टैक के माध्यम से प्रदेश के गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाना आसान होगा।

## बुजुर्गों को ओपन हार्ट सर्जरी से बचा रही

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** हृदय के वॉल्व के बुजुर्ग रोगी जिन्हें ओपन हार्ट सर्जरी कराने पर जान का खतरा रहता है, उनके लिए राहत भरी खबर है। उन्हें हृदय के वॉल्व प्रत्यारोपण के लिए ओपन हार्ट सर्जरी का रिस्क नहीं लेना पड़ेगा। ट्रांस कैथेटर एओटिक वॉल्व इम्प्लांटेशन (तवी) विधि से उनका इलाज हो जाएगा। पैर की नस में कैथेटर डालकर उनके हृदय का वॉल्व लगा दिया जाएगा। एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट में इस विधि से इलाज दिया जा रहा है। 65 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों के वॉल्व प्रत्यारोपण का इलाज इस विधि से किया जाता है।

# खतरे के निशान से 0.91 मीटर दूर यमुना, 13 गांवों में आवाजाही में मुश्किलें

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से प्रशासन अलर्ट पर है। रात में जलस्तर और बढ़ने का अनुमान है। बाढ़ चौकियां सक्रिय हो गई हैं। भोगनीपुर तहसील के तेरह गांव पानी बढ़ने से घिर गए हैं। सात गांवों के लोग विशेष जरूरत पर ही लगाई गई दो नाव से आवाजाही कर पा रहे हैं। वहीं छह गांवों में लोग करीब दो फीट डूबे रास्ते से दुश्वारी में आवाजाही कर रहे हैं। भोगनीपुर के 13 गावों के किनारों तक पानी पहुंच गया है।

कोटा बैराज से सोमवार को 2.90 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। चंबल नदी उफान पर है। इसकी वजह से जमुना का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। बुधवार दोपहर 12 बजे तक बेहमई गेज में यमुना का जलस्तर बढ़कर 111.49 मीटर पर पहुंच गया। यहां खतरे का निशान 115 मीटर पर है। यहां यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से 3.51 मीटर दूर है। वहीं, मूसानगर गेज में जलस्तर 106.08 मीटर के स्तर पर पहुंच गया है। यहां खतरे का निशान 107 मीटर पर है, जो 0.92 मीटर दूर है।

मूसानगर क्षेत्र (भोगनीपुर तहसील) के तेरह गांवों के किनारे तक पानी पहुंच गया है। नगीनामोड, बम्हरौली घाट पुलिया डूबने से बम्हरौली घाट, अहरौली घाट, सिमरिया, नगीना बांगर, कट्टापुरवा व सूर्यपुर की सड़क पर दो फीट ऊपर पानी चल रहा है। इन छह गांवों के लोग पानी के बीच से निकल पा रहे हैं। इन गांवों के लिए देवराहट से महेरा होकर मुगल मार्ग पर आने का विकल्प है। मगर इसमें दस किमी. का चक्कर है। वहीं, पड़ाव की पुलिया डूबने से रसूलपुर, चतुरीनिवादा, भुंडा, कुंभापुर व पड़ाव गांव की सड़क मंगलवार को ही जलमग्न हो चुकी है। जबकि आढ़न व पथार गांव टापू बन गए हैं। इन गांवों में करीब छह हजार आबादी प्रभावित है।

इन सात गांवों के लिए लगाई गई दो नाव से बहुत जरूरी होने पर ही लोग आवाजाही कर रहे हैं। नदी जलस्तर में लगातार बढ़त देख कर प्रशासन ने मुनादी भी कराई है। इसमें कहा गया है कि चपरघटा, आढ़न, पथार, पड़ाव, मुसरिया नगीना बांगर, कट्टापुरवा, सूर्यपुर, क्योटरा बांगर गांव के लोग बहुत जरूरी होने पर ही नाव से आवागमन करें। नदी के पास न जाएं।

जलस्तर बढ़ने की स्थिति में गांव किनारे के निचले घरों के लोगों को ऊंचे स्थान या फिर शरणार्थी स्थलों में जाने की सलाह दी गई। वहीं अभिभावकों से बच्चों को स्कूल न भेजने सलाह दी है। यमुना का जलस्तर अभी खतरे के निशान से दूर है। हालांकि कुछ क्षेत्र में गांव के किनारे तक पानी पहुंच गया है। इससे गहराई वाले रास्ते जलमग्न हो गए हैं। सात गांवों में लोगों की जरूरी आवाजाही के लिए दो नावें लगाई गई हैं।

अन्य छह गांवों में रास्ते पर पानी आ गया है मगर वैकल्पिक रास्ता अभी खुला है। बढ़ने जलस्तर की निगरानी की जा रही है। बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं। संबंधित एसडीएम लगातार भ्रमण कर रहे हैं।

# शादी से मुकरा प्रेमी, थाने में वार्ता के बाद हुआ राजी, मंदिर में हुआ विवाह

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

डेरापुर थाना क्षेत्र के उरसान निवासी युवती से पड़ोसी गांव के लड़के से संबंध हो गए। करीब दो साल बाद प्रेमी के शादी से मुकर जाने पर युवती के पिता ने पुलिस से शिकायत की। इसपर बुधवार को पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका व उनके परिजन को थाने बुलाकर आपसी वार्ता करवाई। परिजन के राजी होने के बाद दोनों ने परिसर में बने मंदिर में ही शादी कर ली। उरसान निवासी सुजीत कुमार ने मंगलवार शाम को डेरापुर थाना में तहरीर दी। बताया कि बेटी कामिनी देवी का दो साल से अगवासी निवासी अलौकिक कुमार से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जून माह में अलौकिक विजातीय होने की बात कह बेटी से शादी करने के वादे से मुकर गया। इससे बेटी परेशान रहने लगी है। पूछने पर बेटी ने आपबीती बताई। पुलिस ने बुधवार को प्रेमी युगल व उनके परिजन को थाने बुलवाया। करीब दो घंटे तक चले आपसी वार्तालाप के बाद दोनों के परिजन शादी के लिए राजी हो गए। परिजन ने थाना परिसर में बने मंदिर में पुजारी सोमू मिश्र की मौजूदगी में दोनों की शादी करवा दी। इसके बाद दोनों पक्षों ने समझौता नामा भी लिखा। अपराध निरीक्षक परवेज अली ने बताया कि दोनों के परिजन थाने आए थे।

इसके बाद स्वयं से शादी के लिए राजी हुए। थाना परिसर में शादी करने की जानकारी उन्हें दी है।

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## दो दिन की यात्रा में ही मोदी ने तमिलनाडु की राजनीति के सारे पत्ते फेंट दिये

**हम आपको यह भी बता दें कि तमिलनाडु लंबे समय से द्रविड़ राजनीति और पेरियारवादी विचारधारा का गढ़ रहा है, जहां हिंदुत्व आधारित राजनीति को अपेक्षाकृत कम सफलता मिली है। इसलिए भाजपा के सामने कुछ चुनौतियाँ हैं। जैसे- तमिलनाडु में धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय पर आधारित राजनीति की मजबूत परंपरा है। साथ ही यहां मतदाता हिंदुत्व से ज्यादा आर्थिक विकास, क्षेत्रीय गौरव और सामाजिक कल्याण योजनाओं को महत्व देते हैं। हालांकि भाजपा ने अपने हिंदुत्व कार्ड को सांस्कृतिक तमिल गौरव के साथ जोड़ने की कोशिश की है।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की दो दिवसीय तमिलनाडु यात्रा ने न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं के लिए भी यह एक बड़ा उत्साहवर्धन साबित हुई। आगामी 2026 तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले इस यात्रा को भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको बता दें कि मोदी ने हवाई अड्डे पर अन्नाद्रमुक प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं जैसे के.पी. मुनुसामी, एस.पी. वेलुमणि और थालावई सुंदरम से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत मानी जा रही है कि भाजपा, एआईएडीएमके को गठबंधन में अहमियत दे रही है। प्रधानमंत्री ने ओ. पन्नीरसेल्वम से दूरी बनाकर यह संदेश भी दिया कि गठबंधन में वही पार्टियां रहेंगी जिन पर भाजपा को भरोसा है। भाजपा नेताओं के अनुसार, इस यात्रा ने जमीनी स्तर पर विश्वास और सामंजस्य बढ़ाया है, जिससे एआईएडीएमके कार्यकर्ताओं के मन में पहले जो आशंका थी कि ईपीएस को भाजपा दबाव में रखती है, वह अब कम हो गई है। एआईएडीएमके कार्यकर्ताओं ने मोदी के त्रिची रोड शो में बड़ी संख्या में भाग लेकर गठबंधन के प्रति अपनी निष्ठा प्रदर्शित की। भाजपा नेताओं का कहना है कि वह भी आने वाले समय में इसका पूरा प्रत्युत्तर देंगे। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु यात्रा के दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई से भी मुलाकात की। यह मुलाकात कई स्तरों पर महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि पिछले कुछ महीनों से तमिलनाडु भाजपा में आंतरिक गुटबाजी और मतभेदों की खबरें लगातार सामने आती रही हैं। अन्नामलाई के साथ प्रधानमंत्री की सार्वजनिक नजदीकी ने उनके विरोधी खेमों को संकेत दिया है कि केंद्रीय नेतृत्व को उन पर पूरा भरोसा है। साथ ही मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और एनडीए नेता ओपीएस से कोई मुलाकात नहीं की। यह संकेत स्पष्ट है कि भाजपा और एआईएडीएमके गठबंधन में ओपीएस की भूमिका कम होती जा रही है। एआईएडीएमके ने पहले ही ओपीएस को पार्टी से बाहर कर दिया है और भाजपा भी यह संदेश दे रही है कि वह (ई.के. पलानीस्वामी) के नेतृत्व को ही गठबंधन का प्रमुख चेहरा मानती है। माना जा रहा है कि ओपीएस जल्द ही खुद एनडीए छोड़ देंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण था उनका गंगईकोंडा चोलापुरम मंदिर में जाना। यह मंदिर चोल वंश की गौरवगाथा का प्रतीक है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। मोदी ने पारंपरिक तमिल परिधान वेष्टी और अंगवस्त्रम पहनकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और आदि तिरुवातिरै उत्सव में भाग लिया। यह यात्रा राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के अवसर पर हुई, जिन्हें दक्षिण-पूर्व एशिया तक साम्राज्य का विस्तार करने वाले महान शासकों में गिना जाता है। भाजपा सांस्कृतिक रूप से तमिल गौरव को सम्मान देना चाहती है साथ ही छरूप के 'कीलाड़ी' विमर्श का जवाब देना चाहती है जिसमें भाजपा पर तमिलनाडु के इतिहास को 'मिटाने' का आरोप लगाया जाता है। साथ ही पार्टी यह दिखाना चाहती है कि भाजपा तमिल संस्कृति, भाषा और परंपराओं के सम्मान में किसी से पीछे नहीं है। मोदी की यात्रा ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा और एआईएडीएमके का गठबंधन स्थायी और विश्वास पर आधारित है। इससे कार्यकर्ताओं के मन में जो असमंजस था, वह दूर हुआ है। देखा जाये तो रोड शो और मंदिर यात्रा जैसे आयोजनों ने दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को साथ आने का मंच दिया, जिससे चुनावी मोर्चे पर तालमेल बेहतर होगा।*

### एक्सप्रेस आलेख

**ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ। बेंगलुरु में आरसीबी के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आई है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ऐसे कानून की हर जगह जरूरत है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है।**

## मनसा का मातम : अफवाह बनी त्रासदी की वजह



ललित गर्ग

**लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं।**

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में बिजली का तार टूटने और करंट फैलने की एक अफवाह ने कई जानें ले लीं, जिसने धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, रविवार की सुबह एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। लगभग साढ़े आठ से नौ बजे के बीच हजारों श्रद्धालु संकीर्ण सीढ़ीदार मार्ग से मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। जैसे ही अचानक करंट लगने की अफवाह ने अफरा-तफरी का माहौल बनाया, श्रद्धालु घबराहट में एक-दूसरे पर गिरने लगे और कुछ ही पलों में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि करीब तीस श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर थी। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, उसका दर्द समूचा देश महसूस कर रहा है। प्रश्न है कि पुलिस का बंदोबस्त कहां था? श्रद्धालुओं की मौत एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। मनसा के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। भारत में भीड़ से जुड़े हादसे आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, पिछले एक साल पर नजर दौड़ाएं तो इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। हाल ही में पुरी में भगदड़ जानलेवा साबित हुई। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल जनवरी की शुरुआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। भगदड़ मची तो 6 लोगों की जान चली गई। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। भारत



**बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है।**

ही नहीं दुनिया में धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती बनता रहा है। वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा के ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं। क्या इस तरह की अफवाह को रोका नहीं जा सकता था? हमारा प्रशासन कोई अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है अथवा यह कि संबंधित अधिकारी यह जानते हैं कि कैसी भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। आखिर हम दुनिया के अन्य देशों से कोई सबक सीखने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं? सबसे बड़ा सवाल है कि क्या धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की कोई ठोस और वैज्ञानिक व्यवस्था है? मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियां, संकरे रास्ते और अव्यवस्थित दुकानों के बीच का क्षेत्र लंबे समय से भीड़भाड़ के लिए जाना जाता है। फिर भी वहां कोई स्थायी सुरक्षा उपाय क्यों नहीं किए गए? अफवाह पर नियंत्रण के लिए कोई त्वरित सूचना तंत्र नहीं था, न ही भीड़ को दिशा देने के लिए पर्याप्त पुलिस बल या मार्गदर्शन की व्यवस्था थी। इस तरह की घटनाएं केवल अफवाह का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि यह व्यवस्था की कमजोरियों एवं कोताही का परिणाम होती हैं। तीर्थस्थलों पर नियंत्रित प्रवेश, डिजिटल टिकटिंग, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन निकासी मार्ग, और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मौजूदगी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य होनी चाहिए। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से रह रहकर होती रहती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। मृतकों में उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के लोग शामिल थे। उनमें छह वर्षीय बच्चा आरुष, किशोर और बुजुर्ग तक शामिल थे। उनके परिवारों पर अचानक दुख का पहाड़ टूट पड़ा। इस दौरान बचे हुए श्रद्धालुओं ने बताया कि भीड़ इतनी घनी थी कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। मनसा देवी मंदिर की यह घटना हमें याद दिलाती है कि भीड़ सिर्फ भक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि अगर उसे सही दिशा और सुरक्षा नहीं दी जाए तो वह भयावह त्रासदी में बदल सकती है। यह समय है कि प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट और समाज मिलकर ठोस कदम उठाएं ताकि आस्था के केंद्र जीवन के लिए खतरा न बनें। तमाम धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 28:58 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 24:36 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | साध्य, 28:23 |
| सूर्योदयः | 05:43 |
| सूर्यास्तः | 19:03 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 14:04-15:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### हम भी करें प्रहार !

*दो हमको अधिकार ।*
*लड़नी और लड़ाई ।।*
*करते आए, करना है ।*
*आप की भलाई ।।*
*दे दो इतनी सीटें ।*
*हम भी करें प्रहार ।।*
*और प्यार बरसा कर ।*
*पहनाओ फिर हार ।।*
*डाल रहे वो बाधा ।*
*करते जो भी काम ।।*
*वादा है निभाया ।*
*किए जो तमाम ।।*
*ना रुकना है हमको ।*
*यूं ही चलते जाना ।।*
*भले पूर्व में हमने ।*
*है भरा हर्जाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## रोजाना ग्रीन टी पीने से त्वचा को मिलते हैं कई फायदे

**हर** फिटनेस फ्रिक की डाइट में आपको ग्रीन टी जरूर मिल जाएगी। ग्रीन टी मेटाबॉलिज्म बूस्ट करती है जिससे वेट मेंटेन रखने में मदद मिलती है। जिन लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याएं रहती हैं उनके लिए ग्रीन टी बहुत फायदेमंद है। इसके सेवन से ब्लोटिंग, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याएं कम होती है। ग्रीन टी बॉडी को एनर्जेटिक रखने में मदद करती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि इसमें दूध वाली चाय और कॉफी के मुकाबले कैफीन कम होती है इसलिए इससे सेहत को नुकसान नहीं होता है। क्या आप जानते हैं ग्रीन टी को ग्लो बढ़ाने के लिए भी पिया जाता है? इसके सेवन से त्वचा को कई फायदे मिलते हैं जिनके बारे में अक्सर लोगों को जानकारी नहीं होती है।

**स्किन इंफ्लेमेशन कम होती है:** ग्रीन टी में पॉलीफेनोल्स होते हैं जो त्वचा को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद न्यूट्रिएंट्स स्किन में खुजली, रेडनेस और सूजन कम करने में मदद करते हैं। रोजाना इसके सेवन से बॉडी और स्किन इंफ्लेमेशन कम होती है और स्किन ग्लो करती है।

**एक्ने की समस्या कम होती है:** अगर आपको एक्ने-पिंपल की समस्या रहती है, तो आपको रोजाना ग्रीन टी जरूर पीनी चाहिए। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी



और एंटी-माइक्रोबियल गुण मौजूद होते हैं, जो एक्ने-पिंपल की समस्या कम करने में मदद करते हैं। ग्रीन टी में पॉलीफेनोल्स होते हैं जो स्किन इंफेक्शन कम करने में मदद करते हैं। ग्रीन टी पीने से सीबम प्रोडक्शन कंट्रोल होता है और स्किन ऑयली नजर नहीं आती है।

**स्किन ग्लो करती है:** ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्किन हेल्थ को इंप्रूव करते हैं। इसके सेवन से स्किन में नेचुरल ग्लो बना रहता है। ग्रीन टी में मौजूद पॉलीफेनोल्स ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव करता है जिससे स्किन ग्लोइंग और हेल्दी रहती है। इसके सेवन से डार्क स्पॉट्स और स्किन डलनेस कम होती है और स्किन हेल्थ इंप्रूव होती है।

**बढ़ती उम्र के लक्षण कम होते हैं:** ग्रीन टी पीने से स्किन में बढ़ती उम्र के लक्षण जल्दी नजर नहीं आते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और कई विटामिन्स होते हैं, जो स्किन को फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले डैमेज से बचाते हैं। इससे रिंकल्स, फाइन लाइंस कम होते हैं और स्किन इलास्टिसिटी इंप्रूव होती है। इसके रोजाना सेवन से त्वचा में उम्र के लक्षण जल्दी नजर नहीं आते हैं।

**स्किन टोन इंप्रूव होती है:** ग्रीन टी पीने से स्किन टोन भी इंप्रूव होती है। इससे डार्क स्पॉट्स और पिग्मेंटेशन की समस्या कंट्रोल होती है। दरअसल, इसके सेवन से बॉडी डिटॉक्स होती है और स्किन हेल्थ ठीक होती है। रोजाना एक से दो कप ग्रीन टी दिनभर में पीना फायदेमंद है। इससे ज्यादा मात्रा में पीने से सहत को नुकसान हो सकता है। अगर आप खाली पेट ग्रीन टी पीते हैं, तो यह आपके लिए ज्यादा फायदेमंद होगी।

**निष्कर्ष:** लेख में हमने जाना त्वचा के लिए ग्रीन टी कैसे फायदेमंद है। साथ ही, इसके सेवन से त्वचा को क्या-क्या फायदे होते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जिससे ओवरऑल स्किन हेल्थ को फायदा होता है। ग्रीन टी पीने से स्किन टोन भी इंप्रूव होती है। इससे डार्क स्पॉट्स और पिग्मेंटेशन की समस्या कंट्रोल होती है। लेख में आपको सामान्य जानकारी दी गई है। इस विषय पर ज्यादा जानकारी के लिए किसी डाइट एक्सपर्ट से संपर्क करें। लेख में दी गई जानकारी अच्छी लगी हो, तो इसे शेयर करना न भूलें।

### एक्सप्रेस विशेष

## भविष्य के चुनाव हिंदूत्ववाद और सेकुलरवाद के बीच



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**राहुल गांधी की कही गई यह बातें अब शायद लोगों को कुछ सोचने और समझने के लिए मजबूर कर रही हैं। यही कारण है कि इस समय मिडिल क्लास अपने को सबसे अधिक ठगा हुआ तथा उपेक्षित महसूस कर रहा है।**

**भारतीय** जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के स्नातक तथा भक्तगण हमारी बात से सहमत हो या ना हो लेकिन हकीकत यह है कि न केवल 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव बल्कि उत्तर प्रदेश का 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव भी हिंदूत्ववाद और सेकुलरवाद की ही पिच पर होगा। इसे अगर हम दूसरे शब्दों में कहें तो मंडल बनाम कमंडल की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। मैं यह बात तो डंके की चोट पर नहीं कह सकता कि भविष्य में ब्राह्मणवाद का परचम लहराएगा या सेकुलरवाद का? लेकिन इतना तो जरूर कह सकता हूं कि आने वाले दिनों में वास्तव में चुनाव 80 बनाम 20 होगा। लेकिन इसमें वह 80 भाजपा के साथ नहीं होगा जिसका बिगुल उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजाया था। बल्कि वह 80त्न गैर भाजपा के साथ होगा जिसका ट्रेलर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भोगा है और देखा है। ऐसे में अगर मैं यह कहूं कि साल 2024 का चुनाव आते-आते कांग्रेस और राहुल गांधी यह समझ चुके थे कि सामाजिक न्याय की लड़ाई दरअसल हिंदू समाज के 84त्न से जुड़ती है। ऐसे में अगर कांग्रेस ओबीसी और दलित तबके को अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब हो जाए तो एक मजबूत सामाजिक आधार के साथ केंद्र की सत्ता में मजबूती से आ सकती है। आप सबको याद होगा कि चुनाव के समय भाजपा के कुछ नेताओं ने संविधान बदलने की बात करके कांग्रेस को नया हथियार दे दिया था और उसी के साथ एक नई विचारधारा का जन्म भी हो गया था जो आहिस्ता आहिस्ता शैशवास्था की ओर बढ़ रहा है। जाहिर सी बात है कुछ वर्षों में यह विचारधारा जवान हो जाएगी और सीधे-सीधे चुनाव को प्रभावित करेगी। क्योंकि इस विचारधारा की जड़ में सेकुलरवाद का खाद पानी पड़ा है। इसी विचारधारा की जड़ को आज की तारीख में कांग्रेस नेता राहुल गांधी सीच रहे हैं। क्योंकि वह मानकर चल रहे हैं कि भविष्य में ओबीसी और दलित एकजुट होकर संघ तथा भाजपा के हिंदूत्ववाद को चुनौती देंगे। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय भी शामिल होगा। मैं यह नहीं कहता कि साल दो साल में कांग्रेस का

**यही कारण है कि राहुल गांधी अगर एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए कटघरे में खड़ा करते हैं तो दूसरे तरफ कहते हैं कि मैं गांधी हूं सावरकर नहीं जिन्होंने माफी मांगी थी। तो इसका संदेश बहुत दूर तक जाता है। क्योंकि इसके जरिए वे धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और संविधान बचाव के जरिए दलित चेतना की भावना को मजबूत करते हैं।**

कायाकल्प हो जाएगा या वह सीधे संघ तथा भाजपा दोनों की नींद हराम कर देगी। लेकिन इतना तो तय है कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी संघ तथा प्रधानमंत्री मोदी दोनों से दो दो हाथ करने की क्षमता प्राप्त कर सकेंगे । राहुल गांधी को पप्पू साबित करने के लिए भाजपा तथा संघ परिवार ने चाहे जितना पैसा पानी की तरह बहा दिया हो लेकिन हकीकत यह है कि आज की तारीख में राहुल गांधी पूरे देश में परिचय के मोहताज नहीं है। इसके लिए राहुल गांधी यह भी समझ चुके हैं कि उन्हें भाजपा से लड़ने से पहले संघ से दो-दो हाथ करना होगा, उससे निपटना होगा। वैसे ऐसा नहीं है कि भाजपा इससे नावाकिफ है या वह कोई प्रयास नहीं कर रही है कांग्रेस के मंसूबों को फेल करने की। लेकिन भाजपा के हिंदुत्ववाद के विरोध में अब तमाम छोटी बड़ी जातियां लाभबंद होने लगी है। क्योंकि उन्हें लग रहा है कि उन्हें केवल वोट बैंक बनाकर रख दिया गया है। वैसे कहने को तो भारत के प्रधानमंत्री भी पिछड़े वर्ग से आते हैं लेकिन जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सवाल उठाते हैं कि भारत सरकार मे कितने आईएएस ओबीसी है तो जवाब कोई नहीं देता है ना ही संघ और ना ही भाजपा। क्योंकि सचिव स्तर के अधिकारियों में पिछड़े और दलित की संख्या उनकी आबादी की 10त्न भी नहीं है। यही कारण है कि राहुल गांधी अगर एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए कटघरे में खड़ा करते हैं तो दूसरे तरफ कहते हैं कि मैं गांधी हूं सावरकर नहीं जिन्होंने माफी मांगी थी। तो इसका संदेश बहुत दूर तक जाता है। क्योंकि इसके जरिए वे धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और संविधान बचाव के जरिए दलित चेतना की भावना को मजबूत करते हैं । तभी तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते हैं मोदी कोई बड़ी प्रॉब्लम नहीं है, हउआ नहीं है। यह तो मीडिया है जिसने उनको सिर पर चढ़ा रखा है। पूरा शो है और कुछ नहीं। आपको भी सुनना चाहिए कि राहुल गांधी ने क्या कहा। इससे पहले भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी जी खुद को भारत मानते हैं तो वह भ्रमित और अहंकारी है। क्योंकि प्रधानमंत्री एक भारतीय नागरिक है वह भारत नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री बीजेपी या आरएसएस पर कोई भी हमला या आलोचना भारत या भारत के लोगों की आलोचना नहीं है।

# जुलाई में गन्ने की बढ़वार अहम, खेतों में जैविक पदार्थ की भारी कमी चिंता का विषय: जिला गन्ना अधिकारी

■ ग्राम वहनपुर में भ्रमण कर किसानों को दी गई मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखने की सलाह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने मंगलवार को गन्ना समिति पीलीभीत अंतर्गत ग्राम वहनपुर, विकासखंड मरौरी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया। निरीक्षण के समय उन्होंने उपस्थित किसानों को बताया कि जुलाई माह गन्ना फसल की बढ़वार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस समय पौधों को संतुलित पोषण की आवश्यकता होती है।

जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि गन्ने की अच्छी पैदावार के लिए 17 प्रकार के पोषक तत्वों की जरूरत होती है, जो तभी पूर्ण रूप से मिल पाते हैं जब खेतों की मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में कार्बनिक पदार्थ मौजूद हो। उन्होंने बताया कि जनपद में गन्ना उत्पादन में गिरावट का एक प्रमुख कारण मिट्टी में जैविक तत्वों की भारी कमी है।

उन्हेंने बताया कि हाल ही में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लिए गए मिट्टी के नमूनों की जांच में यह सामने आया है कि खेतों में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा औसतन 0.12 प्रतिशत पाई गई है, जबकि यह 0.75 से 1.00 प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने इसे अत्यंत चिंता का विषय बताते हुए कहा कि ऐसी मृदा में फसल की उत्पादकता प्रभावित होती है।खुशी राम भार्गव ने कहा कि जैविक पदार्थों की कमी का एक बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक पशुपालन, विशेष रूप से गाय पालन में आई गिरावट है। पहले खेतों में गाय के गोबर से बनी देशी खाद का उपयोग होता था, जो अब बहुत कम हो गया है। इससे धरती की उर्वरक क्षमता पर सीधा असर पड़ा है।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राम भद्र द्विवेदी, गन्ना समिति सचिव प्रदीप अग्निहोत्री, एलएच चीनी मिल के प्रतिनिधि संजीव राठी, गन्ना पर्यवेक्षक शीलेन्द्र कुमार, सनोज कुमार, नारायण सिंह, जमुना प्रसाद, बालक राम, चन्द्र प्रकाश समेत कई अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

### गन्ना विभाग की किसानों से अपील

- जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से अपील की कि खेतों की उर्वरता बनाए रखने के लिए वे निम्न उपाय अपनाएं
- खेतों में कार्बनिक पदार्थों की पूर्ति हेतु उड़द, मूंग, लोबिया, अरहर, राजमा जैसी दलहनी फसलों की खेती करें।
- गोबर से बनी जैविक खाद (घूर खाद, वर्मी कम्पोस्ट), जीवामृत, घन जीवामृत और बीजामृत का प्रयोग बढ़ाएं।
- रासायनिक खादों पर निर्भरता कम कर टिकाऊ खेती को अपनाएं।
- उन्होंने कहा कि गन्ना केवल एक फसल नहीं, बल्कि किसान की जीविका और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि आज हमने मिट्टी की सेहत का ध्यान नहीं रखा तो भविष्य में उत्पादन संकट में आ सकता है।

# हरिशंकरी रोपण अभियान को लेकर लोकभारती की बैठक सम्पन्न

■ प्राकृतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना के समन्वय का लिया गया संकल्प

■ विधायक बोले ÷हर गांव में हरिशंकरी वृक्षों से बसें पर्यावरण मंदिर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पर्यावरण संरक्षण को धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना से जोड़ते हुए लोकभारती के तत्वावधान में बुधवार को गांधी प्रेक्षागृह में हरिशंकरी रोपण अभियान को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने संयुक्त रूप से इस अभियान को जनांदोलन का रूप देने का संकल्प लिया। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए विधायक प्रवक्तानंद ने कहा कि पीपल, बरगद और पाकड़ केवल वृक्ष नहीं, बल्कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा ÷हर गांव में हरिशंकरी वृक्षों का रोपण एक तरह से पर्यावरण मंदिर की स्थापना जैसा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और स्वच्छ वातावरण दोनों का आधार बनेगा।

### 19 अगस्त को जनपद भर में होगा एक साथ हरिशंकरी रोपण

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि 19 अगस्त 2025 को जनपद की सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों और वार्डों में हरिशंकरी त्रिवृक्ष का एक साथ रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीपल, बरगद और पाकड़ जैसे अधिकतम ऑक्सीजन उत्सर्जक वृक्षों का चयन किया गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को गति मिलेगी।

### दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ, कार्यसमिति घोषित

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। वरिष्ठ समाजसेवी दुर्गा प्रसाद गंगवार ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। लोकभारती के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय ने अभियान की रूपरेखा रखते हुए इसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम बताया। वहीं राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह ने जनपद स्तरीय कार्यसमिति की घोषणा की, जिसमें नागेंद्र प्रताप को जिला संयोजक, दीपक अग्रवाल और दुर्गा प्रसाद गंगवार को जिला सह-संयोजक नामित किया गया। बैठक में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सेवा भारती, संस्कार भारती, आर्य समाज, विद्या भारती, रोटरी क्लब, जेसीज, विश्व हिंदू परिषद, चित्रांश महासभा, किसान यूनियन, भारत विकास परिषद, अधिवक्ता परिषद, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय योग संस्थान समेत 50 से अधिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अभियान को सामूहिक संकल्प का स्वरूप दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सभी बीडीओ, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता, वन विभाग के अधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अभियान की सफलता हेतु सहयोग और सतत निगरानी का भरोसा दिलाया। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह केवल वृक्ष लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध पर्यावरण और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने आमजन, युवाओं और विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भाग लें और लगाए गए पौधों की निरंतर देखभाल करें ताकि वे पूर्ण विकसित वृक्ष बन सकें।

### हरिशंकरी: वृक्ष नहीं, मंदिर हैं – स्वामी प्रवक्तानंद

वृक्षारोपण को बताया धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यावरणीय चेतना का अभियान लोकभारती के तत्वावधान में आयोजित हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान की बैठक में विशिष्ट अतिथि एवं लोकभारती के संरक्षक, बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद ने इस अभियान को महज वृक्षारोपण नहीं, बल्कि गांव-गांव में 'पर्यावरण मंदिर' की स्थापना का कार्य बताया। उन्होंने कहा कि पीपल, बरगद और पाकड़ क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक हैं। इसलिए इन तीनों वृक्षों को एक साथ रोपकर केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं बल्कि आध्यात्मिक चेतना को भी जाग्रत किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि हरिशंकरी केवल हरियाली नहीं लाती, बल्कि वह धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक बनती है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों व समाजसेवियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान को केवल औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे जनआंदोलन का स्वरूप दें।बैठक में जिला प्रशासन, समाजसेवी संगठनों एवं शिक्षकों की सहभागिता सराहनीय रही। स्वामी प्रवक्तानंद ने इस अवसर पर कहा कि 19 अगस्त को जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में हरिशंकरी का एक साथ रोपण कर इसे ऐतिहासिक बनाएंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### गन्ना कृषक महाविद्यालय में बनेगा छात्रावास

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को शासन द्वारा बालिका छात्रावास की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो इस अंचल की शिक्षा व्यवस्था में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। छात्रावास की मंजूरी मिलने के बाद निर्माण के लिए भूमि को देखा गया है। छात्राओं के लिए यह छात्रावास ग्रामीण तथा दूरवर्ती क्षेत्रों की समुचित, सुरक्षित व प्रोत्साहनकारी वातावरण प्रदान करेगा। कॉलेज में बीएससी कृषि की कक्षाओं का संचालन होने के बाद प्राचार्य यहां पर छात्राओं के लिए छात्रावास की मंजूरी के लिए लगे हुए थे। इसके लिए उन्होंने राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के अलावा क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान और शासन स्तर पर पैरवी की थी। सभी के प्रयास से शासन से छात्रावास की मंजूरी मिल गई। इससे सभी में खुशी देखी जा रही है। मंजूरी के बाद अब निर्माण की प्रक्रिया के तहत भूमि को देखा गया है। बता दें कि कॉलेज को शासन से 12-30 एकड़ भूमि भी प्राप्त हुई। प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा ने बताया कि अब जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ कराया जाएगा।

### दिव्यांग युवक को नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी दिव्यांग सुनील कुमार कई वर्षों से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पा रहे हैं। वह कच्चे घर में रह रहे हैं और खासकर बरसात के मौसम में उनकी जीवनयात्रा अत्यंत कठिन हो जाती है। सुनील ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड के लिए कई बार तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। सुनील कुमार ने कहा, मैंने कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी अपनी समस्या बताई, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। इसके कारण मेरा जीवन बहुत परेशानियों से गुजर रहा है। थक-हार कर उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायत की और उनसे अनुरोध किया कि उनकी पात्रता जांच कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ और राशन कार्ड जल्द से जल्द दिया जाए।जिलाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, दिव्यांगों के लिए चल रही योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सुनील कुमार की शिकायत की भी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी ताकि वह सामाजिक सुरक्षा से वंचित न रहें और उनका जीवन स्तर सुधर सके।

### चोरी का खुलासा: दो आरोपी जेल भेजे गए-एक फरार

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर में 25 जुलाई की रात हुई चोरी की घटना में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस वारदात में चोरों ने परिवार के सोने के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गए थे। परिवार के अनुसार, उस रात वे छत पर घर की निगरानी कर रहे थे, तभी अज्ञात चोर दीवार फांदकर घर में घुस आए। इसी दौरान बिजली चली गई थी। चोरों ने कमरे में घुसकर अलमारी और बेड तोड़ कर लगभग 20 तोला सोना सहित सात अंगूठियां, पांच चैन, आठ कंगन, एक कड़ा और नगदी चोरी कर ली।घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। परिवार के सदस्यों से पूछताछ के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले। आरोपी पकड़े गए और चोरी के सामान के साथ पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक आरोपी अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है।पुलिस अधीक्षक ने कहा, फ्रयह वारदात हमारी पुलिस टीम की तत्परता और सूझ-बूझ का परिणाम है। हम पूरी मेहनत से फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार करेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। नेशनल हाईवे के कढेरचौरा के पास बुधवार रात एक महिला सड़क पार कर रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान न हो पाने के कारण पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है तथा महिला की पहचान के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### महिला की जमीन पर अवैध कब्जा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव बारी बुझिया की निवासी राजवीर कौर ने आरोप लगाया है कि उनके परिवार के तीन सदस्य उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर बैठे हैं।राजवीर कौर ने बताया कि अलग-अलग गाटा संख्या में उनके नाम पर दर्ज जमीनों पर उनके परिवार के ही दलजीत सिंह, नरेंद्र कौर और मंजीत कौर ने जबरन कब्जा कर रखा है। कई बार शिकायत करने पर आरोपियों ने उन्हें धमकाया और मारपीट भी की। पंचायत के निर्णय को भी आरोपियों ने नकार दिया। 27 जुलाई को जब राजवीर कौर ने कब्जे का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज के साथ ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। विरोध में वीडियो बनाने पर भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से पीड़िता को भी मदद दी जा रही है।

### पत्नी को बुलाने पहुंचे पति के साथ की मारपीट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा फकीरे में 26 जुलाई की रात एक दुखद घटना सामने आई। मुकेश कुमार अपनी पत्नी रामादेवी से कहासुनी के बाद जब उसे लेने पड़ोसी के घर पहुंचे तो पड़ोस के चार युवकों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।मुकेश कुमार ने बताया कि बड़े उर्फ राजकुमार, बबलू और उनके साथियों ने उन्हें और उनके बेटे अरविंद को लाठी-डंडों से पीटा। विरोध करने पर गालियां दीं। आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायल मुकेश को बचाया गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पीड़ित के शरीर पर कई चोटें हैं और वह अस्पताल में इलाजरत है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज परेली में

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्वर्गीय ब्रह्मादीन वर्मा की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर प्रभात किरण सामाजिक संस्थान द्वारा आरोग्य हॉस्पिटल के सहयोग से आज दिनांक 31 जुलाई 2025 दिन गुरुवार समय प्रातः 10-00 बजे से 1-00 बजे तक स्थान पटेल शांति निकुंज इंटर कॉलेज परेली खीरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। जिसमें जरूरतमंद लोग अपना पंजीकरण कराके स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

# डीजल चोरों की कार पलटी, तीन गिरफ्तार

■ ग्रामीणों की सतर्कता से टली बड़ी वारदात, 80 लीटर डीजल व चोरी के उपकरण बरामद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम नकटा मुरादाबाद में मंगलवार रात डीजल चोरी की एक बड़ी वारदात ग्रामीणों की सतर्कता से विफल हो गई। हाईवे पर संदिग्ध गतिविधियों को देख ग्रामीणों ने जब एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने तेजी से भागने की कोशिश की, जिससे कार नाले की रेलिंग से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद कार में सवार युवक भागने लगे, लेकिन सतर्क ग्रामीणों ने तीन आरोपियों को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने पलटी हुई कार (यूपी14 सीएस 8020) से 80 लीटर डीजल, दो प्लास्टिक कैन, एक पाइप व अन्य चोरी के उपकरण बरामद किए। गिरफ्तार युवकों में एक आरोपी घायल हो गया, जिसे इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में तीनों ने खुद को डीजल चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य बताया। ये आरोपी हुए गिरफ्तार नीलेश पुत्र निहाल, निवासी ग्राम कुशावाह, थाना बरखेड़ा, नीलेश पुत्र राजबहादुर, निवासी ग्राम नांद पसियापुर, थाना जहानाबाद, मुनीश कुमार पुत्र केदारनाथ कुशवाहा, निवासी ग्राम रड़ेता, थाना बीसलपुर इन तीनों युवकों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे हाईवे पर खड़े ट्रकों से रात में डीजल चोरी करते हैं। मौके से फरार अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की आवाजाही देखी जा रही थी और कई ट्रकों से डीजल चोरी की घटनाएं भी सामने आई थीं। ऐसे में उन्होंने रात के समय खुद निगरानी करना शुरू किया। मंगलवार रात जब संदिग्ध कार हाईवे किनारे खड़ी दिखाई दी, तो ग्रामीणों ने घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया, जिससे यह पूरी घटना सामने आ सकी। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मेहर सिंह, हिमांशु गौतम, कांस्टेबल रजत राणा, प्रीत चौरसिया और प्रवीण कुमार शामिल रहे। गौरतलब है कि 29 जुलाई 2025 को थाना बरखेड़ा में संजीव गंगवार निवासी ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला, जनपद बरेली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने उनके गंगवार ट्रेडर्स के ट्रक (यूपी-25जीटी5802) से 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया था।

इस मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि डीजल चोरी करने वाले गिरोहों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है और हाईवे किनारे खड़े वाहनों पर निगरानी की जा रही है। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों के पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। जल्द ही अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

# चेयरमैन पुत्र के खिलाफ लामबंद हुए पलिया के पत्रकार, सीओ व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी

पलिया नगर पालिका चेयरमैन लक्ष्मी देवी गुप्ता के पुत्र वरुण गुप्ता एवं ठेकेदार अभिषेक गुप्ता द्वारा पत्रकार निर्जेश मिश्र के साथ अभद्र व्यवहार करने एवं जान से मारने की धमकी देने को लेकर पलिया के तमाम पत्रकारों में आक्रोश फैल गया जिसके बाद तमाम पत्रकार लामाबंद हो गए और तहसीलदार व सीओ को ज्ञापन सौंपा। पत्रकार द्वारा पलिया नगर के पुराने बस अड्डे से चमन चौराहा की तरफ जाने वाली सड़क पर क्रास निर्माण बीती 20 जुलाई को शुरु हुआ था, जिसमें पुरानी सड़क का टूटा हुआ मलवा डालकर नया कार्य कराया जा रहा था। जनता द्वारा उठाई गयी आवाज पर प्रार्थी ने उक्त खबर लगाई। खबर लगने के तीन दिन बाद मलवा हटवा दिया गया और नया पत्थर डाल दिया गया। चार दिन बाद चेयरमैन पुत्र वरुण गुप्ता ने फोन करके पत्रकार से कहा कि आपने गलत खबर चलाई है और पत्रकार से अभद्रता की। उसके बाद पत्रकार सोमवार 28 जुलाई को नगर पालिका पहुंचा। जहां चेयरमैन लक्ष्मी गुप्ता के पुत्र वरुण गुप्ता ने पत्रकार से धमकी भरा लहजा दिखाते हुए बात की। कहा आप लोग गलत-सलत खबर लगाते हो। नगर में कोई भी विकास कार्य होता है तो उसमें आप लोग कमियां निकालते हैं। यदि इस तरह से कमियां निकालोगे तो पत्रकारिता नहीं कर पाओगे। उस समय नगर पालिका में अभिषेक गुप्ता ठेकेदार जिसने उस सड़क का निर्माण कराया है। उसने भी पत्रकार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी भरे लहजे में बात की। पत्रकारों ने चेयरमैन पुत्र वरुण गुप्ता एवं ठेकेदार अभिषेक गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की है।

# छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



■ कहा – जिम्मेदारों की लापरवाही से किसानों की फसलें बर्बाद, दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

उत्तर प्रदेश में छुट्टा असहाय पशुओं की बढ़ती समस्या से परेशान किसानों की पीड़ा को लेकर क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक एवं किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन बुधवार को मुख्यमंत्री के सचिव के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में किसान नेता ने प्रदेश में छुट्टा पशुओं के कारण किसानों की परेशानियों का विस्तृत उल्लेख करते हुए बताया कि खेतों में इन पशुओं के घुसने से किसानों की मेहनत से तैयार की गई फसलें बर्बाद हो रही हैं। किसान दिन-रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। वहीं, सड़कों पर पशुओं की भीड़ बढ़ने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।देवस्वरूप पटेल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं के संचालन के लिए समय-समय पर धन व दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं, परंतु जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी उनका समुचित पालन नहीं कर रहे, जिससे धन का दुरुपयोग हो रहा है और पशु असुरक्षित हैं।किसान नेता ने अपने ज्ञापन में निम्नलिखित सुझाव भी दिए हैं, जिन पर यदि अमल किया जाए तो छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात मिल सकती है देवस्वरूप पटेल ने कहा कि यदि इन सुझावों पर गंभीरता से कार्य किया जाए तो न केवल किसानों की फसलें बचेंगी, बल्कि पशुओं का जीवन भी सुरक्षित हो सकेगा। साथ ही, सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस विषय को प्राथमिकता पर लेते हुए ठोस कार्यवाही की मांग की है।

1. वर्तमान में संचालित सभी गौशालाओं को व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संचालित किया जाए।
2. अवैध कब्जों को हटाकर खाली पड़े भूखंडों पर गौशालाएं बनाई जाएं तथा वहीं चारा उत्पादन भी हो।
3. नदियों के किनारे की खाली पड़ी जमीन पर असहाय गौवंश के रखने की व्यवस्था हो।
4. पशु अस्पतालों के खाली भू-भाग में भी इन पशुओं के लिए स्थान विकसित किया जाए।
5. सरकारी जंगलों के आसपास की खाली भूमि को चरागाह व गौशाला निर्माण के लिए प्रयोग किया जाए।
6. ग्राम पंचायतों की खाली जमीनों पर गौशालाएं विकसित की जाएं।
7. औद्योगिक इकाइयों के खाली भूखंडों को गौशाला निर्माण हेतु चिन्हित किया जाए।
8. अधिकारी एवं कर्मचारी परिवारों को एक-दो छुट्टा दुधारू पशु पालने के लिए प्रेरित एवं अनिवार्य किया जाए।

### मेवालाल रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्रों को दिलाई संसद व कन्या भारती शपथ ग्रहण

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी। मेवालाल रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मझगई खीरी में लोकतांत्रिक मूल्यों और छात्र नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य छात्र संसद एवं कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पूर्व छात्र और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट विकास गुप्ता और यशस्वी प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न वर्गों से चयनित छात्र-छात्राओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इन पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से कन्या भारती की निर्वाचित अध्यक्षा बहन कुसुमा चौहान, उपाध्यक्ष बहन नव्या शुक्ला, सेनापति बहन राखी राज सहित छात्र संसद के निर्वाचित प्रधानमंत्री अंशुल गुप्ता, सेनापति बेचेलाल सहित अनेको मंत्रीगणों को भी शपथ दिलाई गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एडवोकेट विकास गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी निर्वाचित छात्र-छात्राओं को दायित्व बोध कराया।

# विद्युत विभाग पलिया का अजब-गजब खेल- कागजों में ट्रांसफार्मर हटा, जमीन पर जस का तस

■ आईजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायतकर्ता को किया जा रहा संतुष्ट

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पलिया नगर विद्युत विभाग पलिया का एक बड़ा खेल सामने आया है। यहां एक निजी लैंडमार्क स्वामी ने अपने निजी उपयोग के लिए हाईवे किनारे ट्रांसफार्मर लगवाया, जिससे प्रेम बर्फ मिल और होटल को बिजली आपूर्ति की जा रही है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि यह ट्रांसफार्मर होटल के परिसर में नहीं बल्कि हाईवे पार दूसरे व्यक्ति के प्लाट के सामने लगाया गया है, जिससे जमीन मालिक को लगातार परेशानी हो रही है। इस संबंध में भू-स्वामी ने मुख्यमंत्री पोर्टल और डाक के माध्यम से कई बार शिकायतें कीं लेकिन बिजली विभाग ने फोन पर बात कर शिकायतकर्ता को असंतुष्ट से संतुष्ट दिखा दिया और आईजीआरएस पोर्टल पर फर्जी निस्तारण रिपोर्ट लगा दी गई।जब मामले की पड़ताल में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विगत कुछ वर्ष पहले महेवागंज से लेकर पलिया बंसीनगर तक 10 मीटर सड़क चौड़ीकरण हुआ था, जिसमें विद्युत पोल हटाने के लिए विद्युत विभाग को भुगतान भी किया गया था। इसके बावजूद आज तक इस पुराने पोल और ट्रांसफार्मर को नहीं हटाया गया। हैरानी की बात यह है कि ट्रांसफार्मर हटाने के बजाय उसके बगल में नई डबल पोल डीपी लगा दी गई।

सूत्रों के अनुसार कागजों में ट्रांसफार्मर हटाने का दावा कर विभाग ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर पूरा मामला खत्म करने की कोशिश की जबकि वर्तमान स्थिति में ट्रांसफार्मर आज भी वहीं खड़ा है जिस पर क्रॉस केबिल डालकर हाईवे सड़क के दूसरी तरफ होटल लैंडमार्क (प्रेम बर्फ मिल) को विद्युत आपूर्ति की जा रही है जोकि एक गंभीर विषय है और कभी भी कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। इस मामले में शिकायतकर्ता बिजली विभाग पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है।

### एसडीओ विद्युत विभाग पलिया का कहना है

मैं दिखवा लेता हूं कि इस संबंध में क्या हो सकता है।

### एसपी सिंह, जेई, पीडब्ल्यूडी पलिया ने बताया

महेवागंज से लेकर बंसीनगर तक 10 मीटर रोड चौड़ीकरण में विद्युत विभाग को पोल हटाने के लिए भुगतान किया गया था। यह पोल गलत जगह पर लगा है, इसे बिजली विभाग को हटाना ही पड़ेगा।
फिलहाल, यह मामला बिजली विभाग में चल रहे फर्जीवाड़े और लापरवाही की गंभीर तस्वीर सामने ला रहा है, जिस पर कार्रवाई होने की संभावना है।

### एक्सीएन विद्युत विभाग पलिया का कहना है

मेरे समय का नहीं है, पहले का मामला है। दिखवाना पड़ेगा। पेमेंट तो लिया गया है, लेकिन विद्युत पोल एस्टीमेट में लिया गया या नहीं, यह देखना पड़ेगा। अगर एस्टीमेट में लिया गया है तो हटाया जाएगा। बाकी आप छ्श्च पलिया से बात कर लीजिए क्योंकि एस्टीमेट वही बनाते हैं।

### जेई विद्युत विभाग पलिया का कहना है

कि मैं लगभग एक माह पहले ही पलिया आया हूं अभी मुझे इस सम्बन्ध में पूरी जानकारी नहीं है,आप एक्सीएन साहब से बात कर लीजिए आपको वही से स्टीमेट की जानकारी मिल जाएगी फिलहाल मैं भी दिखवा लेता हूं कि क्या हो सकता है।

# चहलकदमी करने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद, लोगों ने ली राहत की सांस



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

दुधवा टाइगर बफरजोन की वन रेंज धौरहरा के बेल्तुआ गांव में पूर्व विधायक के आवास के पास चहलकदमी करने वाले तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पिंजरे में कैद कर लिया।तेंदुआ करीब एक माह से कुत्ते और लावारिस पशुओं का शिकार कर रहा था। तेंदुआ पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। दुधवा टाइगर रिजर्व के बफरजोन वन रेंज धौरहरा के बेल्तुआ गांव स्थिति भाजपा पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के आवास के पास चहलकदमी करता तेंदुआ तीन दिन पहले सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। वन विभाग की टीम इस तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार 20 दिन से पिंजरा और नाइट विजन कैमरे लगाकर रेस्क्यू अभियान चला रही थी। हलाकि इस तेंदुए ने कोई जनहानि नहीं की थी, लेकिन लगातार कुत्तों और लावारिस पशुओं का शिकार कर रहा था। कुछ दिनों से यह तेंदुआ पूर्व विधायक के आवास के आसपास देखा जा रहा था। डीएफओ सौरीश सहाय ने बताया कि रेस्क्यू टीम तेंदुए को पिंजरे में कैद कर रेंज ऑफिस लाई है। तेंदुए की उम्र करीब तीन है। यह मादा है।

# जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं समस्याएं, बोले- जरूरतमंद को आवास दिलाएंगे

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना।

ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया।

## महिला थाने पर चल रहा था पति-पत्नी का समझौता

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

आरोप है कि लड़की पक्ष के लोगों ने ग्राम प्रधान संदीप सोनकर को निशाना बनाते हुए मारपीट शुरू कर दी। उनके बाल तक उखाड़ दिए और हमलावर भाग निकले। सूचना मिलते ही थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

शहर के महिला थाना परिसर में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब पति-पत्नी विवाद को लेकर बुलाए गए दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान भलुअनी क्षेत्र के बहोर गांव के ग्राम प्रधान संदीप सोनकर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सूरज सोनकर की शादी देवरिया शहर में हुई थी। वैवाहिक अनबन के चलते मामला महिला थाने पहुंचा। सुलह-समझौते के लिए दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया था। बातचीत के दौरान थाने के अंदर ही कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में गेट के बाहर जमकर मारपीट में तब्दील हो गई। आरोप है कि लड़की पक्ष के लोगों ने ग्राम प्रधान संदीप सोनकर को निशाना बनाते हुए मारपीट शुरू कर दी।

# मानव तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार, बहला-फुसला कर ले जा रही थी दूसरे देश



**जन एक्सप्रेस । महाराजगंज**

एसएसबी 22 वाहिनी निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि मामला देखने में स्पष्ट रूप से मानव तस्करी का लग रहा था। पीजीएसएस एवं एसएसबी के प्रयास और लड़की की निशानदेही पर संदिग्ध महिला को पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया। बेहतर पूछताछ की जा रही है।

किशोरी को नेपाल भेजने के आरोप में स्वयं सेवी संस्था की शिकायत पर एसएसबी ने महिला को हिरासत में लिया। बताया गया है कि उक्त महिला किशोरी को बहला फुसलाकर नेपाल लेकर जा रही थी। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वह परसामलिक थाना क्षेत्र की रहने वाली है।

मंगलवार शाम को सोनौली से नेपाल की तरफ जाते हुए दिखाई दी। संदेह के आधार पर सुरक्षा कर्मियों ने पूछताछ की तो लड़की ने अपना उम्र 17 वर्ष बताया, इसके बाद नेपाल जाने की बारे में पूछा गया तो वह महिला के साथ नौकरी करने नेपाल जा रही हूं।

एसएसबी 22 वाहिनी निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि मामला देखने में स्पष्ट रूप से मानव तस्करी का लग रहा था। पीजीएसएस एवं एसएसबी के प्रयास और लड़की की निशानदेही पर संदिग्ध महिला को पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया। बेहतर पूछताछ की जा रही है।

लड़की की माता पिता आए और बताए की बेटी को नेपाल जाने की जानकारी नहीं थी। एचटीयू टीम की ओर से काउंसलिंग करने के उपरांत मानव तस्करी की पुष्टि हुई।

# शोभा यात्रा में गूंजे साईं बाबा के जयघोष



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

शहर में नागपंचमी के मौके पर श्रीसाईं बाबा की शोभा यात्रा निकली गई। इसके बाद सुंदर कांड का पाठ और श्री साईं गाबा का पूजन किया। शहर के आवास विकास कॉलोनी से निकली बाबा साईं की पालकी का पहले पूजन किया गया। इसके बाद पालकी के साथ शहर में शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बाबा साईं के जयघोष से शहर गूंज उठा। यह शोभा यात्रा शहर भ्रमण के बाद पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचा, जहां पंडित सुरेंद्र मिश्र के साथ पुरोहितों ने सुंदरकांड का पाठ कर हवन पूजन किया। अंत में श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, डॉ. अरूण कुमार गौतम, मनोनित सभासद नीरज सिंह बिट्टू, डॉ. वैभव गौतम, इंद्रजीत सिंह सालुजा, डॉ. शुभ्रा सलुजा, प्रीतम साहा, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पत्नी ने दर्ज कराया था दहेज उत्पीड़न का केस, फंदे से झूलता मिला पति का शव

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

एक साल पहले आकाश की शादी बड़हलगंज निवासी युवती से हुई थी शादी। आरोप है कि पत्नी द्वारा कुछ दिन पहले आकाश पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया गया था। इसी के बाद से संबंधित थाना पुलिस की तरफ से आकाश पर अलग-अलग तरीके का दबाव बनाया जा रहा था। गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र के डीहघाट निवासी आकाश पुत्र ओमप्रकाश का शव फांसी के फंदे से झूलता मिला। आरोप है कि आकाश ने पुलिस के उत्पीड़न से आजिज आकर आत्महत्या कर ली है। मंगलवार की रात में खाना खाकर सोने गए आकाश का शव सुबह फांसी के फंदे से झूलता मिला। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एक साल पहले आकाश की शादी बड़हलगंज निवासी युवती से हुई थी शादी। आरोप है कि पत्नी द्वारा कुछ दिन पहले आकाश पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया गया था।

# अपहरण के मास्टरमाइंड कमालुद्दीन ने रायबरेली में किया सरेंडर, अपहरण कांड में हो रही थी तलाश

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के साथ रायबरेली में उसका नेटवर्क चार साल पहले अधिक सक्रिय था। जब पुलिस ने वाहन चोरी का खुलासा किया तो उसके बाद से कमालुद्दीन को भागना पड़ा था। पुलिस का दवाब पड़ते ही कमालुद्दीन ने मंगलवार दोपहर चकमा देकर रायबरेली के सीजेएम कोर्ट में वाहन चोरी के पुराने मामले में सरेंडर कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अब इस मामले में तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। शाहपुर के पादरी बाजार निवासी रिटायर्ड एयरफोर्सकर्मी एवं हॉस्पिटल संचालक अशोक जायसवाल का अपहरण कर फिरौती मांगने वाला 50 हजार का मास्टरमाइंड कमालुद्दीन उर्फ कमालू ने मंगलवार को रायबरेली सीजेएम कोर्ट में वाहन चोरी के एक मामले में सरेंडर कर दिया। वारदात के बाद से कमालुद्दीन अपने तीन अन्य साथियों के साथ फरार चल रहा था।

शुक्रवार सुबह रेलवे स्टेडियम जाते समय कौवाबाग अंडरपास से कार सवार बदमाशों ने अशोक का अपहरण कर उनकी पत्नी डॉ. सुषमा जायसवाल के मोबाइल पर फिरौती की मांग की थी। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने 15 घंटे में ही अशोक को खोजकर बेलघाट निवासी करुणेश दुबे, सिकरीगंज निवासी श्याम सुन्दर उर्फ गुड्डू यादव व बकुसड़ निवासी जनार्दन गौड़ को गिरफ्तार कर लिया था।

हालांकि मास्टरमाइंड कमालुद्दीन समेत तीन बदमाश भाग निकले थे। सोमवार को फरार कमालुद्दीन की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी राज करन नय्यर ने 50 हजार रुपये का इनाम रखा था। शाहपुर थाने की पुलिस के साथ ही एसटीएफ ने भी कमालुद्दीन की तलाश शुरू की थी।

पुलिस का दवाब पड़ते ही कमालुद्दीन ने मंगलवार दोपहर चकमा देकर



रायबरेली के सीजेएम कोर्ट में वाहन चोरी के पुराने मामले में सरेंडर कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अब इस मामले में तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

**करुणेश और कमालु ने रची थी साजिश**

अपहरण कांड में पुलिस की जांच में सामने आया है कि करुणेश दुबे और कमालुद्दीन ने ही साजिश रची थी। दोनों दो महीने से अशोक की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। फिरौती की रकम लेने आए करुणेश को पुलिस ने दबोच लिया था। अब कमालुद्दीन की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही थीं।

**बदमाशों के चंगुल से छूटे हॉस्पिटल संचालक कर्मी को मिली सुरक्षा**


अपहरणकर्ता के चंगुल से छूटे शाहपुर इलाके के पादरी बाजार निवासी हॉस्पिटल संचालक अशोक जायसवाल आज भी खौफ में हैं। वारदात के बाद से वह घर से बाहर भी नहीं निकले हैं। यहां तक कि उन्होंने मार्निंग वॉक पर भी जाना छोड़ दिया है।

उनको डर है कि वारदात में शामिल मास्टरमाइंड 50 हजार इनामी कमालुद्दीन उर्फ कमालु व उसके साथी सिकरीगंज के ढेबरा निवासी प्रीतम सिंह, गीडा के नौसड़ निवासी शेरू सिंह व अंश उन्हें नुकसान न पहुंचा दें। उनकी हालत को देखते हुए शाहपुर थानाप्रभारी ने उन्हें घर से बाहर जाने पर सुरक्षा देने की बात कही है।

# तीन पशु तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की हुई कार्रवाई, कई आपराधिक केस भी हैं दर्ज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जिलाधिकारी के अनुमोदन पर खोराबार थानाप्रभारी इत्यानंद पांडेय ने मंगलवार को कुशीनगर, पडरौना के बसहिया बनवीरपुर निवासी परवेज आलम, सद्दाम व कुबेरस्थान निवासी अजय कुमार गौड़ के खिलाफ केस दर्ज कराया। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि गिरोह का संचालन परवेज आलम करता है, जिसके खिलाफ अब तक पांच आपराधिक केस दर्ज हैं।



गोरखपुर। पशु तस्करों के गिरोह पर खोराबार थाना पुलिस ने शिकंजा कसते हुए गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गिरोह के सभी गुर्गे कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं। इन पर पहले से कई आपराधिक केस दर्ज हैं। आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जिलाधिकारी के अनुमोदन पर खोराबार थानाप्रभारी इत्यानंद पांडेय ने मंगलवार को कुशीनगर, पडरौना के बसहिया बनवीरपुर निवासी परवेज आलम, सद्दाम व कुबेरस्थान निवासी अजय कुमार गौड़ के खिलाफ केस दर्ज कराया। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि गिरोह का संचालन परवेज आलम करता है, जिसके खिलाफ अब तक पांच आपराधिक केस दर्ज हैं।

वहीं, सद्दाम पर चार और अजय कुमार गौड़ पर दो केस दर्ज हैं। गिरोह पशुओं की अवैध खरीद-फरोख्त करने के साथ ही चोरी कर बिहार में ले जाकर बेचता है। सरगना व गुर्गों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जाएगा। अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त कराने के लिए उसका विवरण जुटाया जा रहा है।

## शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

शहर समेत जिले के सभी शिवालयों में मंगलवार को श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। दोपहर बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में तो कई लोगों ने घर में रूद्राभिषेक किया गया।

शहर के भारतीय शिवाला मंदिर, खिरकिया शिवमंदिर, छावनी स्थित भन्नूनाथ मंदिर, लम्हुआ स्थित शिवमंदिर, करहिया स्थित शिव मंदिर और कुबेरस्थान के प्राचीन शिवमंदिर के गर्भगृह को भोर में पूजन, श्रृंगार और आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, जहां सुबह से देर शाम तक शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। कई शिवालयों में दोपहर बाद शिवभक्तों ने रूद्राभिषेक किया तो कई लोगों ने अपने घर में पार्थी बनाकर रुद्राभिषेक किया।

# आठ घंटे से अधिक दिन और दो-तीन घंटे रात में हो रही कटौती

## बारिश के चलते बाहर भी नहीं निकल पा रहे लोग

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर दिन में आठ घंटे से अधिक और फिर रात में भी दो से तीन घंटे तक रोस्टिंग कटौती का सिलसिला जारी है। बारिश होने के बाद उमसभरी गर्मी में और इजाफा हो गया। फिर भी कटौती में कमी नहीं हो रही है। बारिश होने से रात में लोग बाहर भी नहीं निकल पा रहे है। क्षेत्र में जर्जर तारों के टपक टपक कर गिरने से अलग आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

सलेमपुर 132 ट्रांसमिशन से खुखुदूं बिजली घर को सप्लाई मिलती है। यहां से चार फीडरों के माध्यम से क्षेत्र के ढाई सौ गांवों की आपूर्ति की जाती है। सोमवार को दिन में सात से आठ घंटे तक रोस्टिंग कटौती होने के बाद रात में भी घंटों तक आपूर्ति ठप रही है। निगम के कर्मचारियों का कहना है कि रात में भी दो-तीन घंटे तक रोस्टिंग कटौती के चलते आपूर्ति प्रभावित रही है।

सलेमपुर 132 ट्रांसमिशन से खुखुदूं बिजली घर को सप्लाई मिलती है। यहां से चार फीडरों के माध्यम से क्षेत्र के ढाई सौ गांवों की आपूर्ति की जाती है। सोमवार को दिन में सात से आठ घंटे तक रोस्टिंग कटौती होने के बाद रात में भी घंटों तक आपूर्ति ठप रही है। निगम के कर्मचारियों का कहना है कि रात में भी दो-तीन घंटे तक रोस्टिंग कटौती के चलते आपूर्ति प्रभावित रही है। इधर, बारिश होने से उमसभरी गर्मी में और ज्यादा इजाफा हो गया है। जिसके चलते बिजली नहीं रहने पर घरों के अंदर रहने पर काफी परेशानी हो रही है। जिला पंचायत सदस्य और बसपा नेता संदेश यादव उर्फ मिस्टर, कमलेश राय, मंटू मद्धेशिया, दिग्विजय राय, शशिभूषण राय, प्रधानाचार्य लालजी यादव आदि लोगों का कहना है कि दिनभर का समय तो कैसे भी निकल जा रहा है। मगर रात में हो रही कटौती से काफी परेशानी हो रही है। रुक-रुक कर बारिश होने के चलते कोई बाहर भी नहीं निकल पा रहा है। उपभोक्ताओं ने लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था में सुधार कराने की डीएम दिव्या मित्तल से मांग की है। जेई सोनू कुमार का कहना है कि जो भी कटौती हो रही है रोस्टिंग के तहत हो रही है। उपकेंद्र को जितनी बिजली मिल रही है क्षेत्र में उतनी आपूर्ति की जा रही है।

# भरभरा कर गिरा चार करोड़ का निर्माणाधीन नाला

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

नगर के दुग्धेश्वरनाथ वार्ड में निर्माणाधीन नाला मंगलवार की सुबह भरभरा कर गिर गया। करीब चार करोड़ रुपये की लागत से खजुहा चौराहे से दुग्धेश्वरनाथ मंदिर तक नाला का निर्माण कराया जा रहा है।

निर्माणाधीन नाला की दीवार गिरने पर नगरवासियों ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की।

नगर पंचायत में जलभराव की समस्या को देखते हुए दो साल पहले नाला का निर्माण कार्य शुरू हुआ। करीब दो सौ मीटर तक नाला निर्माण पूरा होने के बाद छह माह पहले दूसरे फेज का निर्माण शुरू हुआ। खजुहा से मंदिर तक नाला निर्माण के कार्य की जनप्रतिनिधि भी निरीक्षण कर चुके हैं।



मंगलवार की सुबह नाला करीब 50 मीटर तक गिर गया था। मौके पर मौजूद मजदूर आननफानन नाला का मलबा हटाने लगे। इसका मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया। सभासद प्रतिनिधि सज्जाद अली ने कहा कि निर्माण कार्य में खामियों को लेकर जिम्मेदारों से शिकायत की गई थी, मगर कोई असर नहीं हुआ।

खराब कार्य होने से निर्माणाधीन मलबा ढह गया। मनमथ मणि त्रिपाठी ने कहा कि मानक विहीन कार्य कराने से लोगों में नाराजगी बनी है। नगर पंचायत प्रशासन मौन बैठा है। नाला का नये सिरे से निर्माण कार्य होना चाहिए।

खराब काम कराने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो नगरवासी प्रदर्शन करेंगे। इस बाबत एसडीएम हरिशंकर लाल ने कहा कि निर्माणाधीन नाला गिरने की सूचना मिली है। कार्य की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## विवाद को सुलझाने के लिए डटी रही टीम

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

बनकटा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में मंगलवार की देर शाम भूमि विवाद को लेकर प्रशासनिक टीम तीन घंटे तक डटी रही, लेकिन मामला सुलझ नहीं सका। एसडीएम रत्नेश त्रिपाठी, सीओ शिवप्रताप सिंह, एसओ नवीन चौधरी समेत राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। गांव के राजेश दुबे ने अधिकारियों को बताया कि उनका पैतृक मकान है। एसडीएम रत्नेश त्रिपाठी, सीओ शिवप्रताप सिंह, एसओ नवीन चौधरी समेत राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। गांव के राजेश दुबे ने अधिकारियों को बताया कि उनका पैतृक मकान है। उन्हें एक कमरा हिस्से में मिला था और वे वहीं अपने परिवार के साथ रहते थे। पटीदारों ने कब्जा कर लिया है।

# रिटायर्ड फौजी की हत्या से फतेहपुर में तनाव, पीएसी तैनात

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

रिटायर्ड फौजी रामदयाल कुशवाहा (60) की हत्या से फतेहपुर गांव में तनाव है। पूरा परिवार डर और दहशत के माहौल में दिखा। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को फौजी के घर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले पहुंचते रहे। एहतियात के तौर पर गांव में पीएसी तैनात कर दी गई है।

नागपंचमी होने के बावजूद गांव में सन्नाटा छाया रहा। फौजी का बड़ा बेटा हीरामन भी फौज में हैं।

वह जम्मू-कश्मीर से घर के लिए रवाना हो चुके हैं। मामले में पुलिस ने छोटे बेटे की तहरीर पर गांव के प्रधान पति रामआशीष निषाद, उनके बेटे सहित पांच लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही है।



पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को विवादित जमीन पर बोलेरो गाड़ी घुमाने पर हुए विवाद में हाथापाई के दौरान रिटायर्ड फौजी रामदयाल की मौत हो गई थी। उधर, बताया जा रहा है कि जमीन का विवाद लंबे समय से चल रहा था।

पुलिस शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके बावजूद पुलिस मामले का हल्के से ले रही थी

रामदयाल की पत्नी गिरजनी देवी ने कहा कि आरोपियों ने उनकी आंखों के सामने पति का गला दबा कर मार डाला।

उन्होंने कहा किआरोपी उनके खेत से रास्ता निकालने के लिए एक साल से परिवार के पीछे पड़े थे। हत्यारोपियों ने परिवार को उजाड़ दिया है। उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

# जिले की समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले पूर्व सांसद

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने बुधवार को बहराइच बौद्ध परिपथ को सिक्स लेन करने व नगर के झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाए जाने को लेकर बुधवार को केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की। उन्होंने दोनों मांगों को लेकर केन्द्रीय मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने दोनों मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है।

पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने 30 जुलाई को बताया कि बहराइच-बलरामपुर बौद्ध परिपथ पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बौद्ध परिपथ पर वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण आए दिन भीषण दुर्घटनाएं भी होती हैं। इसलिए इस बौद्ध परिपथ को सिक्स लेन बनाए जाने की मांग केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से मांग की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि नगर के झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज न होने से हर दिन नगर में भीषण जाम लगता है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग वर्षों से चल रही है। इन दोनों मांगों को लेकर केन्द्रीय मंत्री को मांग पत्र सौंपा गया है। पूर्व सांसद ने बताया कि दोनों मांगों को शीघ्र पूरा किये जाने का आश्वासन केन्द्रीय मंत्री द्वारा दिया गया है।

## अपना राजस्व जुटाने को परिवहन विभाग सख्त

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

बकायदार वाहन स्वामियों के खिलाफ अब परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। जनपद के 244 बकायदारों पर विभाग का कुल 1,44,12,477 रुपया चला आ रहा है। नोटिस भेजने के बावजूद भी बकायेदारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया था। परिवहन विभाग अब अपने बकायेदारों के खिलाफ वाहन कुर्की कार्रवाई करने को तैयार है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के अनुसार जनपद आगरा में कुल 244 गाड़ियां ऐसी है, जिनको विभाग की ओर से नोटिस जारी किए जा चुके है। इन वाहन स्वामियों पर विभाग का कुल 1,44,12,477 रुपया बकाया चला आ रहा है। जिसमें टैक्स व जुर्माना आदि सम्मिलित है। संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से इन वाहन स्वामियों को 24 जून 2025 को नोटिस भेजे गये थे। उससे पूर्व बकाया वाहन स्वामियों से समन्वय स्थापित कर उन्हें बकाया जमा कराने के लिए अधिकारियों बाबूओं द्वारा अपील की भी गई थी, बावजूद वाहन स्वामियों ने अभी तक अपना बकाया जमा नहीं कराया गया है।

## 19 हजार किलोमीटर यात्रा कर पहुंचे भाजपा साइकिल यात्री का किया गया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में पार्टी के प्रति समर्पण भी एक प्रकार का जुनून होता है। राजनीति में यह जुनून ही लोकतंत्र का प्राण है। इसी जुनून के साथ भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करने निकले हैं। संतकबीर नगर निवासी प्रदेश प्रचारक अरविंद सिंह तथा रणविजय सिंह का बलरामपुर के अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा एवं जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने पटका पहना कर स्वागत किया एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिल यात्री ने 30 जुलाई को जानकारी दी कि उन्होंने एक जनवरी 2022 को यात्रा शुरू की थी। अब तक 62 जनपद में 22 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके है। संकल्प लेकर निकले पार्टी के कार्यकर्ता एक जनून के साथ पार्टी एंव प्रदेश केन्द्र सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यात्रा कर रहे हैं। दोनों कार्यकर्ताओं ने 19 हजार किलोमीटर की यात्रा पूर्णकर ली है, और रिपोर्ट तैयार की है कि किसने चुनाव में विश्वासात किया। यात्री द्वारा बताया गया कि सरकार के कार्यक्रमों को लोगों के बीच बताया जाता है और पार्टी से जुड़ने के लिए हर व्यक्ति से संपर्क किया जाता है। साथ ही उन विधानसभाओं पर खास फोकस किया जा रहा है,जहां भारतीय जनता पार्टी अपेक्षाकृत कमजोर है। वहां पर पत्रक वितरण किया जाता है और भाजपा की प्रचार कर रहे साइकिल यात्री जिधर निकलते हैं,लोग एक होकर उनके बारे में पूछते है। इतना ही नहीं जगह-जगह भाजपा समर्थित लोगों ने क्षेत्र में उनका स्वागत भी किया। इस दौरान शैलेंद्र सिंह, अवधेश तिवारी तरुण, अजीज, अंशुमान शुक्ला,रजनीश पान्डेय, विरंच, हिमांशु, संतोष उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित राजस्व अभिलेखागार का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



राजस्व भू अभिलेखों एवं राजस्व दस्तावजों के बेहतर रखरखाव हेतु डीएम पवन अग्रवाल की पहल पर कलेक्ट्रेट में क्रिटिकल गैप से नवीन राजस्व अभिलेखागार का कार्य पूर्ण हुआ। जिसका डीएम द्वारा उद्घाटन किया गया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।नवनिर्मित राजस्व अभिलेखागार में राजस्व अभिलेख एवं भू अभिलेख का सुव्यवस्थित रखरखाव हो सकेगा एवं राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करना आसान होगा।

## विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी विषय में सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में बुधवार को हिंदी एवं अंग्रेजी विषय में सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को हिंदी व अंग्रेजी सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के लेखन कौशल को निखारना और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा और अंग्रेजी भाषा के महत्व को समझने और इसके सुंदर उपयोग को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है प्रतियोगिता चार श्रेणियां में आयोजित की गई। प्रत्येक श्रेणी में तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया। पहली श्रेणी में कक्षा 1 से 3 के मध्य हुई हिंदी सुलेख लेखन प्रतियोगिता प्रथम स्थान अवनि कक्षा 3,द्वितीय स्थान संदीप कुमार कक्षा 2, तृतीय स्थान अंजलि सोनी कक्षा 1 ने प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मृदुल कक्षा 2,द्वितीय स्थान विपुल प्रताप कक्षा 3, तृतीय स्थान दिव्यांशी कक्षा 3 ने प्राप्त किया। कक्षा 4 से 5 के मध्य हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपक कुमार कक्षा 5, द्वितीय स्थान सुनील कुमार कक्षा 5, तृतीय स्थान विष्णु प्रजापति कक्षा 5 ने प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवनीश जयसवाल कक्षा 5, द्वितीय स्थान



आरुषी चौरसिया कक्षा 5, तृतीय स्थान राधिका यादव कक्षा 4 ने प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 के मध्य हिंदी सुलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैभव मिश्र कक्षा 8 द्वितीय स्थान अभिनव शुक्ला कक्षा 7,तृतीय स्थान गनेश मिश्रा कक्षा 8 ने प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विधि कसौधन कक्षा 8, द्वितीय स्थान अनन्या चौरसिया कक्षा 7, तृतीय स्थान प्रतीक्षा मिश्रा कक्षा 6 ने प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 के मध्य हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहम्मद रेहान कक्षा 10,द्वितीय स्थान आशीष कुमार कक्षा 10, तृतीय स्थान शैली कसौधन कक्षा 12 ने प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पोयम गुप्ता कक्षा 9, द्वितीय स्थान शालिनी सिंह कक्षा 12, तृतीय स्थान मिसबा एरम कक्षा 10 ने प्राप्त किया। आयोजक समिति व समन्वयक सुजीत शुक्ला एवं बीना पाण्डेय ने व्यवस्थित तरीके से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह जी ने सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रम में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विजेताओं को स्वतंत्रता के दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य जी के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुई।

# शास्त्र और संविधान के असंगत है कम आयु में शारीरिक सम्बन्ध: स्वामी पूणानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



लड़का और लड़की के विवाह और वयस्कता की उम्र निर्धारण हेतु अब तक अनेकों नियम और कानून लाए जा चुके हैं, जिसमें ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े ईश्वरचंद्र विद्यासागर, बी.एम. मालाबारी सहित ब्रिटिश भारतीय वायसराय और गवर्नर जनरल जैसे नार्थ बुक आदि लोगों ने समय समय पर अनेकों प्रयास किये और नियम कानून आदि बनाये गए। परन्तु हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व न्यायमित्र इंदिरा जयसिंह ने इस विषय को और भी ज्वलंत कर दिया है।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से सहमति से शारीरिक संबंध बनाने के लिए वैधानिक उम्र 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने का अनुरोध किया है, ताकि किशोरों के बीच आपसी सहमति से बने संबंधों को अपराध न माना जाए। उन्होंने तर्क दिया कि मौजूदा कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए संबंधों को अपराध मानता है और उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। लेकिन इस याचिका को लेकर देश भर में आक्रोश की स्थिति देखने को मिल रही है, सामाजिक और राजनैतिक संगठनों के साथ धार्मिक अनुयायिओं ने भी इसके खिलाफ अपने विरोध प्रारंभ कर दिए हैं, इसी क्रम में शहर के धार्मिक संस्थान वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज की अध्यक्षता में एक पत्रकार वार्ता कर उक्त प्रकरण का विरोध दर्ज किया गया।

डॉ दिव्या गुप्ता ने बताया कि एक तरफ देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है वहीं दूसरी ओर समय पूर्व बच्चियों के शारीरिक सम्बन्ध से न केवल शारीरिक बल्कि सामाजिक और मानसिक अक्षमतायें भी जन्म लेंगी। उन्होंने बताया की गुरुकुल पद्धति के अनुसार चारु आश्रम का वर्णन किया गया है जिनकी अलग अलग आयु निर्धारित की गयी है, और वह पद्धति भारत ही नहीं अपितु विश्व में सर्वश्रेष्ठ पद्धति है, परन्तु आधुनिकता के चलते बच्चों पर अनावश्यक बोझ धर्म के साथ संविधान के भी असंगत है। वार्ता में उपस्थित एडवोकेट सौरभ अग्रवाल ने भी वरिष्ठ अधिवक्ता के कोर्ट में किये गए इस अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि विज्ञान भी जहाँ कम उम्र में गर्भ धारण को लेकर शारीरिक वीकृति को प्रमाणित कर चुकी है तो ऐसे में विवाह की आयु में कमी करना आने वाली पीढ़ी के लिए घातक हो सकती है।

वार्ता में उपस्थित आचार्य गौरव शास्त्री अनिल तिवारी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह, दीप सक्सेना, इशू कुमार, विकास शर्मा, एके त्रिपाठी, मृत्युंजय शर्मा सहित अन्य लोगों ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत कर विरोध प्रकट किया।

## थारू जनजाति गांव में आयोजित हुआ कैंप

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

थारू क्षेत्र के गांवों में सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा उनका लाभ लोगों को देने के लिए चिन्नांकन और पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। यह विकास खंड गैंसड़ी एवं पचपेड़वा में थारू जनजाति गांवों में आयोजित हुआ। जिसमें सभी प्रकार की पेंशन एवं विभिन्न योजनाओं में सहायता हेतु लाभार्थियो के चिन्हांकन और पंजीकरण के लिए बताया गया तथा पात्र लोगों का पंजीकरण किया भी गया। इस दौरान दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन, विधवा पेंशन, स्कूली स्कालरशिप, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, आधार नामांकन और शुद्धिकरण, सीएम युवा, दिव्यांगों हेतु सहायक उपकरण जैसे बैशाकी व्हीलचेयर इत्यादि मुफ्त में, मनरेगा जॉब कार्ड, किसी भी प्रकार के ट्रेनिंग की आवश्यकता, खेल मैदान/ आंगनवाड़ी /मनरेगा पार्क, कुआं जीर्णोधार, सामुदायक भवन, जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व वंदना योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सहित बच्चों से भी संबंध तमाम योजनाओं की जानकारी देकर पंजीकरण कराया गया।

## 'ग्रामीण महिलाओं के जीवन पर संचार माध्यमों का प्रभाव' शीर्षक शोध किया प्रस्तुत

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के बाबा बरुआदास पी.जी. कॉलेज परुइय्या आश्रम के समाज शास्त्र विभाग में डॉ.अमरनाथ के निर्देशन में शोधार्थिनी पूनम देवी ने ग्रामीण महिलाओं पर संचार माध्यमों के प्रभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन शीर्षक अपना शोध प्रबंध मूल्यांकन हेतु विभागीय शोध समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अपने शोध उद्देश्य एवं प्राप्तियों से शोध समिति को अवगत कराया। शोध निर्देशक डॉ.अमर नाथ ने कहा कि वर्तमान समय में संचार माध्यमों की भूमिका अत्यंत प्रभावकारी हो गई। सूचना और संचार माध्यमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियों को शिक्षा,स्वास्थ्य एवं एवं रोजगार के अवसरों को उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक स्तर पर सशक्त बनाने में योगदान दिया है। इसके अलावा यह शोध प्रबंध ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन और अवरोधक तत्वों की पड़ताल करके अपने निष्कर्षों के माध्यम से शासकीय योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन की चुनौतियों को समझने में प्रासंगिक होगा।

तत्पश्चात् विभागीय शोध समिति ने सम्यक विचार- विमर्श के उपरान्त पूनम देवी के उक्त शोध प्रबंध को मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पांडेय, उपप्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्त, शोध एवं विकास समिति के संयोजक अखिलेश कुमार यादव, विभागीय शोध समिति तथा शोध निर्देशक डॉ. अमर नाथ ने शोधार्थिनी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान किया।

## सशस्त्र सीमा बल की संदीक्षा सदस्यों ने आयोजित किया मेहंदी तथा नृत्य प्रतियोगिता




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 50वीं वाहिनी के संदीक्षा सदस्यों ने मंगलवार को देर शाम हरियाली तीज के उपलक्ष में मेहंदी तथा नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया। जानकारी के अनुसार 29 जुलाई देर शाम तक चले कार्यक्रम में नित्य तथा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 28 एवं 29 जुलाई को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में संदीक्षा अध्यक्षा 50वीं वाहिनी ममता कुमारी की उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय बलरामपुर में संदीक्षा सदस्यों के द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता एवं नृत्य गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी में उपस्थित सभी संदीक्षा सदस्यों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उनके परिवार और बच्चे एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

## नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार को नवप्रवेशित बीए, बीएससी व बीकॉम के छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के साथ साथ महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्स की जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह, आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रो0 तबस्सुम फरखी, विज्ञान समन्वयक प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी, कला समन्वयक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा व वाणिज्य विभाग के समन्वयक डॉ एस के त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। उपस्थित नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक रोमांचक और महत्वपूर्ण समय है, क्योंकि आप सभी अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। आप सभी ने इस संस्थान को चुना है। यह एक ऐसा स्थान है जहां शिक्षा, ज्ञान और उत्कृष्टता का वातावरण है। यहां के सभी शिक्षकगण, आपके उज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं और आपको वह सब कुछ प्रदान करने के लिए तत्पर हैं जो आपको सफल होने के लिए आवश्यक है। प्रो0 वीणा सिंह ने एन्टी रैगिंग सेल व सेक्सुअल हरिशमेंट सेल के बारे में एवं आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रो0 फरखी ने आई क्यू ए सी की ओर से आयोजित होने वाले सेमिनार व वर्कशॉप की विधिवत जानकारी दी। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह, रोवर्स प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी ने रोवर्स-रेंजर्स के बारे में जानकारी दी। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ प्रखर त्रिपाठी ने पुस्तकालय के डिजिटलीकरण की जानकारी देते हुए पुस्तकों के वितरण के बारे में बताया। क्रीड़ाधिकारी डॉ बी एल गुप्त ने महाविद्यालय में आयोजित होने वाले खेलों तथा महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने एन सी सी में प्रवेश के नियम तथा B व C सर्टिफिकेट से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र डॉ दिनेश कुमार मौर्य व डॉ जितेन्द्र कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## विधायक ने किया गौ संरक्षण केंद्र का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के विधानसभा तुलसीपुर क्षेत्र से विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने मंगलवार को बृहद गौ आश्रय केंद्र का लोकार्पण किया।

जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने हरैया सतघरवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मोतीपुर कला में वृहद गौशाला का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार में पशु धन मंत्री धर्मपाल ने ऑनलाइन किया। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों में गौ आश्रय स्थल का लोकार्पण किया। मोतीपुर कला में नव निर्मित गौशाला में लगभग 500 गौ वंश के रहने एवं चारा पानी की व्यवस्था है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शर्मा, नोडल अधिकारी ग्राम प्रधान मौर्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता राघव राम पाण्डेय, ओम प्रकाश शुक्ला, धर्मेंद्र उपाध्याय सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज की हाईस्कूल व इंटर साइंस वर्ग की मान्यता रद्द

## भूमि के अनियमित उपयोग व नियम उल्लंघन पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के सुजानगंज क्षेत्र स्थित ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज, चैनपुर, नगौली की हाईस्कूल (2018) तथा इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग (2022) की मान्यता को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय राज्यपाल की स्वीकृति के उपरांत लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, उक्त संस्था को हाईस्कूल की मान्यता वर्ष 2018 से एवं इंटर साइंस वर्ग की मान्यता वर्ष 2022 से प्रदान की गई थी। मगर संयुक्त शिक्षा निदेशक, वाराणसी मण्डल, वाराणसी की जांच रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। विद्यालय परिसर/भूमि का अनियमित व आपत्तिजनक उपयोग, इंटर कॉलेज भवन में प्राथमिक कक्षाओं का संचालन, शैक्षणिक मानकों की उपेक्षा, और भूमि से संबंधित नियमों का उल्लंघन प्रमुख बिंदु रहे।

इन तथ्यों के आधार पर माध्यमिक शिक्षा परिषद की मान्यता समिति की 4 सितंबर 2024 को आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि विद्यालय की मान्यता प्रत्याहित की जाए।

### राज्यपाल से स्वीकृति के बाद आदेश जारी

सम्बंधित जांच रिपोर्टों के आधार पर शिक्षा विभाग की बैठक 18 नवम्बर 2024 को विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। शासन स्तर पर विचार-विमर्श के उपरांत 3 दिसंबर 2024 को विस्तृत जांच आख्या तलब की गई, जो मार्च 2025 में शासन को प्राप्त हुई। इस सम्यक विचारोपरांत, 28 जुलाई 2025 को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद विद्यालय की हाईस्कूल एवं इंटर विज्ञान वर्ग की मान्यता रद्द करने का आदेश जारी किया गया।

### प्रशासन को भेजी गई प्रतिलिपियां

यह आदेश विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित कर जारी किया गया। इसकी प्रतिलिपि जिलाधिकारी जौनपुर, शिक्षा निदेशक (मा0) लखनऊ, माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज, वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय, संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल, जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर एवं विद्यालय प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

## जौनपुर जलालपुर क्षेत्र में नहोरा गांव श्री नेहरू स्मारक इंण्टर कॉलेज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पेरेंट्स मीटिंग बुलाई गई है बच्चों को लेकर गार्जियन को बच्चों के परत गार्जियन का संदेश दिया गया विद्यालय के तरफ से कि आप लोग बच्चों पर ध्यान दीजिए। बच्चों अगर पढ़ लिख नहीं रहे हैं तो आपका भी जिम्मेदारी हैं कि घर पर उनसे भी पूछे क्या पढ़ाई हो रहा है जहां पर गार्जियन का कोई जिम्मेदारी ही नहीं होता बच्चों के लिए। श्री नेहरू स्मारक इंण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य मनोज चौबे बच्चों को लेकर गार्जियन को बच्चों के प्रीत थोड़ा ध्यान दीजिए घर पर और विद्यालय में अध्यापक बच्चों का पूरा ध्यान रखते हैं प्रधानाचार्य मनोज चौबे यह भी कहा जो बच्चों को कुछ नहीं आता है वह अपने क्लास टीचर से पूछ सकते हैं। विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित थे प्रधानाचार्य मनोज चौबे बड़े बाबू नागेंद्र प्रसाद सिंह अध्यापक पंकज सिंह शैलेंद्र नरेंद्र ज्ञानेंद्र जितेंद्र हरीश छोटेलाल विजय हवलदार दिनेश गिरजा शंकर अशोक कुमार आदि सभी लोग उपस्थित होकर पेरेंट्स मीटिंग।

## शासन के निर्देश के क्रम जनपद में आकांक्षा हाट कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



मंगलवार को कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में आकांक्षा हाट सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के निर्देश के क्रम में नीति आयोग के द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्ड के रूम में रामपुर और मछलीशहर चिन्हित किया गया है। आज का कार्यक्रम किसानों को समर्पित हैं। किसान भाई अन्नदाता होने के साथ साथ औद्योगिक गतिविधियों को केन्द्र बिन्दु होते है। कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था में कृषकों का योगदान सर्वोपरि है। उन्होने उपस्थित सभी लोगो से अपील किया कि अधिक से अधिक जैविक खेती करते हुए अपनी फसलों का उत्पादन करे। जिलाधिकारी ने किसानों को फल, फूल, सब्जी की खेती और पशुपालन करने पर जोर दिया। उप निदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय ने बताया कि आकांक्षात्मक विकास खण्ड मछलीशहर में 58 हजार 01 सौ 17 किसानो पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ, 1475 किसानों का मृदा परीक्षण और शासन के द्वारा निर्धारित 02 एफपीओ के लक्ष्य के सापेक्ष 04 एफपीओ बनाये गये है। आकांक्षात्मक विकास खण्ड रामपुर में 45 हजार 2 सौ 65 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ, 1475 किसानों का मृदा परीक्षण और शासन के द्वारा निर्धारित 02 एफपीओ के लक्ष्य के सापेक्ष 06 एफपीओ बनाये गये है, जो कृषि एवं संबंध के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डा0सुरेश कन्नौजिया के द्वारा विस्तार से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) विधि से धान की खेती के सम्बन्ध में जानकारी दी। डिप्टी पीडी आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव ने किसानों को कृषि विभाग से संचालित योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, खरीफ की फसलों मे उत्पादन और उत्पादकता बढाने वाली आधुनिक तकनीकियो के बारे में जागरूक किया। जिलाधिकारी के द्वारा विकासखण्ड रामपुर और मछलीशहर के उत्कृष्ट किसानों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों सहित फ्रंटलाइन वर्कर्स को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उपनिदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, परियोजना निदेशक के0के0 पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी डा0 अरुण यादव सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# महाप्रसाद ग्रहण करने उमड़े श्रद्धालु





- लायंस क्लब जौनपुर गोमती ने जरुरतमंदों में वितरित किया तहरी, कोतवाली चौराहे पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा मंडल के वन डे वन सर्विस एक्टिविटी के इस माह के हंगर कार्यक्रम के तहत कोतवाली चौराहा स्थित हनुमान जी के मंदिर के पास महाप्रसाद वितरित किया गया।

जिसमें तहरी, चना, लड्डू व जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया गया। क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 600 से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

अध्यक्ष डा राजेश मौर्या ने बताया कि मंडलाध्यक्ष के आह्वान पर मंडल हंगर चेयरपर्सन माला मिश्रा व को-चेयरपर्सन वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में प्रत्येक माह इस तरह के कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित चीफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनीष गुप्ता ने क्लब के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बताया कि लायंस इंटरनेशनल द्वारा लोगों को भूख से निवृत्ति एवं भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल द्वारा हंगर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी क्लबों से हंगर कार्यक्रम पर सेवा कार्य करने की अपील की। सेवा कार्य में कार्यक्रम संयोजक/हंगर चेयरपर्सन अरविंद बैंकर, रीजन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता, जोन चेयरपर्सन धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव खुशबू गुप्ता, कोषाध्यक्ष नूपुर सिंह, संजीव गुप्ता, जागेश्वर केसरवानी, डा रश्मि मौर्या, धीरज गुप्ता, संतोष साहू, गौरव श्रीवास्तव, सुनील जायसवाल, दिनेश जायसवाल, अनिल अग्रहरि, सुधीर साहू, नवीन मिश्रा आदि सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा।

## टाइम सिटी कम्पनी के धोखाधड़ी मामले में मेरा परिवार निर्दोष: सीपी शुक्ल

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बीजेपी से कप्तानगंज विधानसभा के पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश शुक्ल ने टाइम सिटी कम्पनी में धोखाधड़ी मामले में दर्ज मुकदमें के सम्बन्ध में कहा है कि वे और उनका परिवार पूरी तरह से निर्दोष है। उन्हें और उनके भाई दीप चन्द्र शुक्ल को षड़यंत्र पूर्वक फंसाया जा रहा है। उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। सच्चाई सामने आयेगी और उनके परिवार को न्याय मिलेगा। वे बुधवार को कप्तानगंज स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश शुक्ल ने पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2010 में टाइम सिटी कम्पनी की शुरुआत पंकज कुमार पाठक, संतोष कुमार सिंह, सुशील कुमार मिश्रा और उनके साथ हुई थी जिसमें वे अवैतनिक डायरेक्टर थे। कंपनी से अलगाव और उसके बाद के घटनाक्रमको देखते हुये उन्होने सितंबर 2017 में अपनी राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण कंपनी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद, पंकज कुमार पाठक चेयरमैन बन गए और कंपनी का संचालन करने लगे। सितंबर 2019 में उनके छोटे भाई दीप चन्द्र शुक्ल ने भी जमाकर्ताओं के भुगतान न होने के कारण कंपनी छोड़ दी और 2020 में इस्तीफा दे दिया। उनके भाई दीप चंद्र शुक्ल के पास कोई वित्तीय अधिकार नहीं था। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश शुक्ल ने बताया कि इस्तीफे के बाद पंकज पाठक ने संतोष सिंह, सुशील मिश्रा, अशोक सिंह और रीना (कंपनी की जीएम) के साथ मिलकर लोगों को ठगना शुरू कर दिया।

इन लोगों ने कंपनी के खातों से करोड़ों रुपये निकालकर अपनी संपत्ति बनाई और सैकड़ों एकड़ जमीन बर्बाद कर दी। एक साल के भीतर महंगी जमीनें, गाड़ियां और आलीशान मकान बनाए गए।

## जौनपुर 1 अगस्त को अटेवा का रोष मार्च- NPS/PS और विद्यालय मर्जर के खिलाफ मुखर होगा विरोध

- 1 अगस्त को अटेवा का रोष मार्च- हृक्क्र/क्क्र और विद्यालय मर्जर के खिलाफ मुखर होगा विरोध

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



हृक्क्र/क्क्र प्रणाली और विद्यालय मर्जर के विरोध में अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर 1 अगस्त को जिला मुख्यालय पर जोरदार रोष मार्च निकालेगा। इस संदर्भ में मंगलवार को अटेवा की कोर कमेटी की बैठक होटल रिवर व्यू में आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की रणनीति और सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मण्डल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव ने कहा कि विद्यालय मर्जर की व्यवस्था वंचित वर्गों और बालिका शिक्षा पर सीधा कुठाराघात है। प्रदेश सह संयोजक महिला विंग डॉ. यामिनी सिंह ने कहा कि एक ओर सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ का नारा देती है, वहीं दूसरी ओर बालिकाओं के विद्यालयों को बंद कर शिक्षा से उन्हें वंचित किया जा रहा है। माण्डलिक महामंत्री संदीप चौधरी ने कहा कि हृक्क्र और क्क्र केवल कर्मचारियों के लिए ही नहीं, बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे के लिए भी घातक हैं। जिला संयोजक चन्दन सिंह और जिला महामंत्री इंदु प्रकाश यादव ने कहा कि अटेवा निजीकरण और पूंजीवादी नीतियों का पुरजोर विरोध करता है। जिला कोषाध्यक्ष नंद लाल पुष्पक ने आंदोलन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जितने अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से आंदोलन से जुड़ेंगे, यह आंदोलन उतना ही ताकतवर होगा। जिला कैडर प्रभारी टी.एन. यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और तन्मयता के साथ आगामी कार्यक्रम की तैयारी में जुट जाएं।

बैठक की अध्यक्षता सुभाष सरोज ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री इंदु प्रकाश यादव ने किया।

इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अरविंद यादव, सुभाष सरोज, संदीप यादव, जिला सह कैडर प्रभारी जगदीश यादव, प्रदीप चौहान, उदय राज पटेल, अनिल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, मनीष यादव, कृपा निधि यादव, सूरज कन्नौजिया, त्रिपुरेश, माणिक चंद पटेल, अखिलेश सिंह, अखिलेश यादव, लाल बहादुर यादव, शशि राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे

# परशुरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची दारू माफियाओं का आतंक! पुलिस नहीं करती कार्यवाही?

- मनोरमा नदी के साथ में बहता है कच्ची शराब का दरिया! पुलिस की संदिग्ध चुप्पी?
- बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से बन रहा है दुखेड़ी, अचरवल, हननहवा, हरिगाँव, नागपुर वेरता यरता सहित दर्जनों गांव में कच्ची शराब! परसरामपुर पुलिस बेखबर

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**






परशुरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची शराब माफियाओ के हौसले इस कदर बुलंद है कि खुलेआम धड़ल्ले से कच्ची शराब का कारोबार कर रहे हैं। इन धंधेबाजों को परशुरामपुर पुलिस व आबकारी का जरा सा भी खौफ नहीं है।

बस्ती जिले के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के सख्त निर्देश के बावजूद भी परशुरामपुर पुलिस व आभाकारी विभाग की नाकामी के चलते थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों के हौसले सातवें आसमान पर है। अवैध कच्ची शराब के कारोबारी हजारों परिवार की जिंदगी बर्बाद कर रहे है। जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र में मनोरमा नदी के साथ-साथ कच्ची शराब का दरिया भी बहता है।

कच्ची शराब के उत्पादन और बिक्री में परसरामपुर अव्वल है। कुटीर उद्योग के रूप में पांव पसार चुके इस कारोबार में स्थानीय पुलिस की हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है।

यही वजह है कि शासन-प्रशासन के निर्देशों का स्थानीय पुलिस को कोई असर नहीं होता। कच्ची शराब निमार्ताओं व विक्रेताओं पर पुलिस तभी शिकंजा कसती है, जब ऊपर से अधिकारी ज्यादा सख्ती करते हैं। पुलिस कुछ भट्ठियां व शराब पकड़ कर चंद लोगों पर कार्यवाही कर कोरम पूरा करती है।

### युवा भी हो रहे नशे से बर्बाद, कही अपराध की जड़ है नशा तो नहीं!

आजकल के युवा इस नशे के दलदल में फंसते जा रहा है। लेकिन पुलिस के कान में जू नहीं रेग रहा है। सवाल क्या पुलिस को किसी बड़ी घटना का इतंजार है? परसरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार बहुत तेजी से फैल रहा है। इसमें युवाओं की भी भूमिका सक्रिय है। नशा एक फैशन सा बन गया है। शादी हो या पार्टी किसी भी अवसर पर शराब के शौकीन युवा नशा करने से नहीं चुकते। इसका खामियाजा भी जनपदवासियों को भुगतना पड़ रहा है। हर रोज दुर्घटनाएं, हत्या, लूट एवं डकैती की घटनाएं हो रही हैं। इसके पीछे कच्ची शराब का भी सहयोग है। युवाओं के अंदर बढ़ रही नशा की लत से समाज में कई तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। जो देश समाज के लिए अच्छी खबर नहीं है।

### सैकड़ो घर कच्ची शराब से हो चुके बर्बाद, फिर भी नहीं चेत रही परसरामपुर पुलिस

इस कच्ची शराब ने न जाने कितने घर परिवार को बर्बाद कर दिया है फिर भी बेचने वाले को पीने वाले इस चीज से बाज नहीं आ रहे हैं। कच्ची शराब का धड़ल्ले से हो रहा कारोबार समाज के लिए ठीक नहीं है। इस कच्ची के लत की वजह से गांवों एवं नर्सरियों के बच्चे जवान होने से पहले ही बूढ़े हो जाते हैं। कितनों ने तो नशा की लत में अपने बीवी के गहने, बर्तन आदि बेच डाले। इससे भी मन नहीं भरता तो खेत भी गिरवी रख देते हैं। कुछ तो खेतों को बेचकर भूमिहीन हो गए। उनके बच्चे बेघर हो गए।

### इन जगहों धड़कती है मौत की भट्टी! पुलिस, आभाकारी की संदिग्ध चुप्पी पर गंभीर सवाल?

परसरामपुर पुलिस की नाकामी के चलते पुलिस चौकी से महज कुछ दूर ही अचरवल गांव, में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब के माफिया बेखौफ होकर धंधे को चला रहे हैं। लेकिन परसरामपुर पुलिस कुंभ करणी नींद में सो रही हैं। वहीं मखौड़ा से कुसमोर बंधे के बगल हड़ही गांव के नाले के पास व मखौड़ा से सालेपुर रोड के बगल लाला बगिया में धंधेबाज कच्ची दारू बना रहे है। कच्ची माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद है कि इनको पुलिस का जरा सा भी डर नहीं है। थाना क्षेत्र के सैकड़ो गांव में मौत का जाम छलकता है। आबादी के बीच कई गांव में अवैध कच्ची शराब वेरता, करिगहना, हननहवा, नागपुर कुंवर, हरीगांव, सिकंदरपुर, अचरवल, नेदुला, रजवापुर, दुखेड़ी में धड़ल्ले अवैध कच्ची शराब बिक रही है।

### हल्का इंचार्ज की निष्क्रियता! वेरता टावर के पास कच्ची माफिया कालू लोगो को पीला रहा मौत का जाम पुलिस नहीं कर रही है कार्यवाही?

आखिर कच्ची माफिया कालू के ऊपर क्यों नहीं कार्यवाही हो रही है? कच्ची माफिया कालू के ऊपर आभकारी अभिनयम के तहत पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। इसके बावजूद वह लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर मौत का जाम परोस रहा है। जिससे आसपास के लोग इसके कारनामे से काफी परेशान है आए दिन कच्ची शराब पीकर लोग बवाल करते रहते हैं।

> अवैध कच्ची दारू माफियों के खिलाफ जल्द ही अभियान चला कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी अवैध कच्ची कारोबारी का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा।
>
> **कड़ी कार्यवाही की जाएगी**
> **राजेश कुमार**
> **जिला आभकारी अधिकारी बस्ती**

> कोई भी अवैध कच्ची के धंधेबाज बचेगा नहीं,पुलिस जल्द ही अभियान चला कर अवैध कच्ची माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी।
>
> **संजय सिंह**
> **क्षेत्राधिकार हरैया**

नशे की लत से समाज में कई तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। जो देश समाज के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। लेकिन हल्का इंचार्ज की निष्क्रियता,नाकामी के चलते खुले आम लोगों को मौत का जाम पिलाने वाले कालू पर कार्यवाही नहीं होती है।

### हरिगाँव में धेलही बनाता है बड़े पैमाने पर कच्ची दारू! पुलिस नहीं कर रही है कार्यवाही!

हरिगाँव के आसपास में धेलही बेख़ौफ़ होकर बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब बना रहा है। धंधेबाज को पुलिस का बिल्कुल भी डर नहीं है।

लोगों की माने तो हल्के के एक सिपाही का संरक्षण प्राप्त है। इसलिए बेखौफ होकर लोगों को मौत का जाम पिला है। जन एक्सप्रेस जल्द ही कच्ची के धंधेबाजों को संरक्षण देने वाले पुलिस कर्मियों का खुलासा करेगा।

## पुलिस ने ट्रांसजेंडरों से किया मन की बात, प्राथमिकता पर होगा समस्याओं का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



बस्ती पुलिस कप्तान अभिनंदन ने ट्रांसजेंडरों के समस्याओं के लिए अनोखी पहल की शुरुआत किया है। बुद्धवार को दिन में लगभग 3 बजे बस्ती पुलिस द्वारा ट्रांसजेंडरों के मन की बात पुलिस के साथ कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। कार्यक्रम में जनपद भर के किन्नर समाज के लोगों को बुलाया गया, पुलिस लाइन के सभागार में एसपी अभिनंदन की अध्यक्षता में ट्रांसजेंडरों के मन की बात सुनी, उनकी समस्याओं के बारे में जाना, किन्नरों ने अपनी समस्याओं के बारे एसपी से विस्तार से बताया, पुलिस विभाग ने किन्नरों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया है, जिसमें एसपी समेत जिले के आला अधिकारी रहेंगे, इस ग्रुप में जनपद के किन्नरों के मोबाइल नंबर को जोड़ा जाएगा ताकि वह अपनी समस्या सीधे पुलिस तक पहुंचा सके, और उनका का निस्तारण किया जा सके।

वहीं किन्नर समाज के सदस्यों ने कहा कि पुलिस की इस पहल से हम बहुत खुश हैं, सभी थानों में किन्नर समाज की समस्याओं के निस्तारण के लिए सेल का गठन किया गया, अब हम अपनी समस्याओं का आसानी से निस्तारण कर पाएंगे, पहले हमे बहुत से समस्याओं का सामना करना पड़ता था हम अपनी समस्या को उचित फोरम पर नहीं उठा पाते थे, अब पुलिस ने हमारी समस्याओं के निस्तारण के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया है अब हम अपनी समस्याओं के सीधे पुलिस के आला अफसरों तक पहुंचा सकेंगे। एसपी अभिनंदन ने बताया कि किन्नरों को लेकर सरकार संवेदनशील है हर जिले में किन्नरों के लिए सुरक्षा प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, किन्नरों को लेकर बस्ती पुलिस ने एक पहल शुरू की है, किन्नरों के साथ बस्ती पुलिस संवाद स्थापित कर रही है, कई बार देखा जाता है कि थानों पर संवेदनशीलता का अभाव होने की वजह से इनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है, इन से संवाद बना कर जिले भर के किन्नरों की जानकारी इकट्ठा की गई है इनके लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है जिसमें जिले भर में किन्नरों के नंबर को जोड़ा गया है, पुलिस विभाग के अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से इनके साथ जुड़े रहेंगे, इन की समस्याओं की मॉनिटरिंग करेंगे, कई बार अन्य विभागों में इनकी समस्याएं रहती हैं, उनको भी विभागों से कॉर्डिनेट कर हल कराने की कोशिश करेंगे, पुलिस की इस पहल का लोगों ने स्वागत किया है इस तरह का नवाचार आगे भी पुलिस जारी रखेगी, किन्नरों की हर समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।

### मनबढो ने कुल्हाड़ी से की हत्या, बहन का प्रेम बना हत्या की वजह

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** मुफ्तीगंज केराकत कोतवाली के पसेवा गांव के चौहान बस्ती में बुधवार की दोपहर करीब दो बजे अपनी बहन को परेशान करने वाले युवक को पूछताछ करना और मना करना युवती के भाई को महंगा पड़ गया नाराज मनबढो ने युवती के भाई को कुल्हाड़ी मार दी घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेजा जा रहा था जहा रास्ते मे घायल ने दम तोड़ दिया मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ में जुटी केराकत कोतवाली के पसेवा के चौहान बस्ती का रहने वाले शमशेर चौहान उम्र 21 वर्ष मुम्बई में रहते थे धान की खेती करने के लिए वह इसी माह घर आये थे मृतका की बहन काजल चौहान बारहवीं की छात्रा थी आरोप है कि पड़ोस के गांव का एक व्यक्ति आये दिन उसकी बहन को आते जाते परेशान करता था इस बात की जानकारी जब मृतक शमशेर को हुई तो उसने परेशान कर रहे युवक शिवम सिंह को मना किया और दोबारा नही करने की चेतावनी दी आज मृतक का भाई सूरज चौहान गांव के सरकारी ट्यूबेल पर पाइप डालने का कार्य कर रहा था तभी चार लोग वहा पहुंचे और सूरज की पिटाई शुरू जब इस बात की जानकारी शमशेर को हुई

### ट्रांसफार्मर जलने से भड़के ग्रामीण, की नारेबाजी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** धर्मापुर ब्लाक के गोपालापुर गांव में लगे एक सौ केवीए के ट्रांसफार्मर के बार बार जलने से ग्रामीण खासे नाराज हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह बुलेट के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कहां मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी घोर लापरवाही बरत रहे हैं। अब इस मामले को लेकर सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में ही गुहार लगाई जाएगी। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि 15 दिनों के अंदर तीन बार यह ट्रांसफार्मर जल चुका है। कबीरुद्दीनपुर विद्युत उपकेंद्र से संबद्ध इस ट्रांसफार्मर से गोपालापुर के साथ ही तीन और गांवों चक मुस्तफाबाद, याकूब चौकिया, महरुपुर को सप्लाई दी जाती है। जिससे ओवर लोड की वजह से बार बार जल जा रहा। कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से इसकी क्षमता बढ़ाकर 250 केवीए करने की मांग की गयी। लेकिन अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकर्षित कर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाये जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में दादीबल यादव, संजीव सिंह, संजय मौर्य, दिलीप यादव, गंगाजली देवी, मालती देवी, भुनई यादव, सनी यादव, मीरा देवी, जड्डू प्रजापति, सर्वेश मौर्य आदि रहे।



# साइकिल रैली से गूंजा पर्यावरण और शिक्षा का संदेश

■ देवा से बंकी तक राजभवन के अधिकारियों की साइकिल यात्रा बनी प्रेरणा का स्रोत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन के पुनीत द्विवेदी आईपीएस एडीसी टू गवर्नर यूपी, डॉ. नरेन्द्र देव चिकित्साधिकारी राजभवन, अनुराग यादव राजपरिवार नियंता राजभवन, डॉ रईस अहमद फिजिशियन राजभवन, मनोज सिंह एवं विमल सिंह नोडल ऑफिसर द्वारा बाराबंकी, लखनऊ एवं उन्नाव के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का भ्रमण साईकिल रैली द्वारा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत राजभवन लखनऊ से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दो दिवसीय साइकिल रैली, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान जनपद बाराबंकी में चलाया गया। इस दौरान देवा एवं बंकी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पर्यावरण, शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता से जुड़ी कई प्रेरणादायक गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

राजभवन से आई टीम के बाराबंकी जनपद की सीमा पर पहुँचने पर एसडीएम नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार, सीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, बीईओ सुनील कुमार गौड़, जिला समन्वयक पुनीत श्रीवास्तव सहित अन्य प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इसके उपरांत राम स्वरूप मेमोरियल विष्वविद्यालय परिसर में सभी प्रतिभागियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय देवा में टीम के आगमन पर वार्डन सीमा, गाइड छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया।

इसके उपरांत एडीजे गवर्नर पुनीत द्विवेदी, डॉ. नरेंद्र देव, डॉ. रईस अहमद, अनुराग यादव समेत अन्य अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में नीम, जामुन, मौलश्री, बॉटल ब्रश, सहजन, छितवन और अमरूद के कुल 200 पौधों का वृक्षारोपण किया।

साइकिल रैली के प्रतिभागी अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके अनुशासन, शैक्षिक स्तर एवं जागरूकता की सराहना की। एडीजे गवर्नर पुनीत द्विवेदी ने छात्राओं को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हुए राजभवन आने का निमंत्रण भी दिया। स्वच्छता, पर्यावरण और शिक्षा विषयक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं, शिक्षकों और अधिकारियों ने सहभागिता की।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार, बीडीओ देवा डॉ. नेहा शर्मा, बीडीओ बंकी डॉ. संस्कृता मिश्रा, बीईओ देवा सुनील कुमार गौड़, बीईओ बंकी चंद्रशेखर यादव, बीईओ सुषमा सेंगर, बीईओ जैनेंद्र कुमार गुप्ता, देवा रेंजर मयंक सिंह सीएचसी देवा के डॉ. जावेद हसन वेग, प्रभारी एडीओ पंचायत देवा कुवर स्वरुप, शैलेन्द्र सिंह, जुगल किषोर व उनकी टीम कस्तूरबा विद्यालय देवा व बंकी की वार्डन एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

### कस्तूरबा बंकी विद्यालय में हुआ स्वागत

जब साइकिल रैली कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बंकी पहुँची तो खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, जिला स्काउड मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी, वार्डन पूनम मिश्रा, ग्राम प्रधान, एवं अन्य ने रोली-अक्षत और पुष्पवर्षा से सभी का स्वागत किया। यहां भी विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधों का रोपण एवं सफाई अभियान सफलतापूर्वक संचालित हुआ। इस अभियान ने जहां पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई, वहीं शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक जागरूकता को भी एक नई दिशा दी। राजभवन द्वारा किया गया यह प्रयास जनपद के लिए प्रेरणा और गौरव का विषय बन गया है।

### आज पहुंचेगी हरख में साइकिल रैली

आगामी 31 जुलाई को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख में प्रात: 7 बजे उक्त साइकिल रैली टीम सहित पहुचेंगी, टीम के सदस्यों द्वारा कस्तूरबा हरख में पौधरोपण, सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें पौधरोपण और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

## हाईवे किनारे मिली महिला पुलिसकर्मी की लाश



मृतका महिला सिपाही



घटनास्थल का निरीक्षण करते आईजी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**मसौली।** थाना मसौली क्षेत्र में बुधवार सुबह हाईवे किनारे एक महिला पुलिसकर्मी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला का अर्धनग्न शव अपने साथ बीती घटना को बयां कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी देकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार बुधवार सुबह गांव बिंदोरा के निकट लखनऊ अयोध्या हाईवे मार्ग के किनारे एक महिला पुलिसकर्मी का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा देखा गया। महिला ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी उसकी वर्दी पर लगी नेम प्लेट पर विमलेश नाम लिखा था। पुलिस की शुरुआती जांच में मृतक महिला पुलिसकर्मी की उम्र (24)वर्ष होना बताया जा रहा है वह बाराबंकी के सुबेहा थाने में 11अगस्त 2024 से तैनात थी। बीते 28 जुलाई सोमवार को महादेवा मंदिर में उसकी ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन इससे पूर्व 26 जुलाई से ही वह लापता थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए मसौली थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल का बारीकी जायजा लिया। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतका पुलिसकर्मी के बारे क्षेत्रीय पुलिस से पूरी जानकारी ली। इस दौरान मीडिया से अपनी बात रखते हुए कहा, वर्दी पर लगी नेम प्लेट पर विमलेश नाम लिखा है हालांकि शव वर्दी में है फिर भी इसकी पुष्टि कराई जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणो का पता चल पाएगा।

वहीं इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है पुलिस केस होने के कारण इस रहस्यमयी मौत का जल्द खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

### मृतका ने एक वर्ष पूर्व साथी सिपाही पर दर्ज कराया था रेप का केस

डीआईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार के कथनानुसार एक वर्ष पूर्व अपने साथी सिपाही के साथ मृतका के संबंध थे। जिसको लेकर मृतका विमलेश ने रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें न्यायालय पर मृतका ने 164 के बयान में आरोपी के साथ कोर्ट मैरिज होने का बयान दिया था। इस केस को भी घटना से जोड़कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। वही आरोप में शामिल सिपाही की तलाश की जा रही है।

## ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करें मिनी स्टेडियम : शशांक त्रिपाठी

■ डीएम ने किया बड़ागांव स्थित ग्रामीण मिनी स्टेडियम का निरीक्षण, जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



मसौली। बुधवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विकास खंड मसौली अंतर्गत ग्राम बड़ागांव में युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित ग्रामीण मिनी स्टेडियम के अनुरक्षण के कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि स्टेडियम परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आस-पास के गांवों के बच्चे और युवा यहाँ आकर खेलों में भाग ले सकें। जिलाधिकारी ने स्टेडियम के अनुरक्षण कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो अनुमोदित स्टीमेट के अनुसार कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन करे।

इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद के चार विकासखंडों यथा मसौली, देवा, त्रिवेदीगंज एवं बनीकोडर में युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण मिनी स्टेडियम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से देवा, त्रिवेदीगंज तथा मसौली स्थित स्टेडियमों के अनुरक्षण हेतु शासन से बजट प्राप्त हुआ है, जिसके अंतर्गत कार्य संचालित हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुरक्षण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ इस प्रकार से संपन्न कराया जाए कि ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि खेल सुविधाएं केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि उनका नियमित अनुरक्षण एवं सक्रिय उपयोग भी सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान आई.ए.एस. गुंजिता अग्रवाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पौधों से मिलती है स्वच्छ ऑक्सीजन : आशुतोष वर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरिहा में पौधरोपण अभियान चलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष वर्मा ने शिक्षक रामानंद और अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर में फल, फूल और छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आशुतोष वर्मा ने बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं, जो हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाध्यापक ने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने घरों पर भी पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त है। सभी बच्चों को अपने माता-पिता के साथ कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने छात्रों को पौधों को पानी देने और उनकी सुरक्षा करने का महत्व भी समझाया, ताकि वे स्वस्थ रहें और बड़े होकर पेड़ बन सकें।

## ट्रांसफार्मर से घरों में आया 11 हजार वोल्ट का करंट

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। विद्युत उपखंड फतेहपुर क्षेत्र के ररिया गांव में देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे। कि तभी बिजली के उपकरण पटाखे की तरह तेज आवाज के साथ फटने लगे। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता हर वह उपकरण तबाह हो गया जो चालू था यह हादसा अचानक से 11 हजार वोल्टेज का करंट हाई टेंशन लाइन में दौड़ने के चलते हुआ। घटना विद्युत वितरण खण्ड फतेहपुर क्षेत्र ररिया गांव की है। जहां पर बीती देर रात गांव में लगे 10केवी के ट्रांसफार्मर की बुशिग अचानक टूट गई। इससे 11 हजार वोल्टेज का करंट सीधे एलटी लाइन में दौड़ने लगा। इससे गांव के बीस घरों में लगे बिजली के उपकरण, बिजली मीटर, मोबाइल चार्ज, टीवी, फ्रिज पंखा सबमर्सिबल पंप सहित काफी इलेक्ट्रॉनिक सामान फुंक गया। ग्रामीणों ने आनन-फानन में घटना की सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी तब जाकर विद्युत केंद्र से विधुत आपूर्ति बंद की गई। बिजली ठीक करने पहुंचे जेई आनंद पांडे ने बताया, बीते सोमवार की रात आकाशीय बिजली ग्यारह हजार लाइन पर गिरी थी जिसके चलते करंट ओवर अप्लाई कर गया था। जिससे एचटीएलटी लाइन टूट कर जमीन पर गिर गई थी इसके साथ ट्रांसफार्मर की बुशिंग भी जलकर नीचे गिर गई थी। सभी चीजों को फिलहाल ठीक कर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू करा दी गई है। जल्द ही नया ट्रांसफार्मर बदलकर व्यवस्था को चाक चैबंद कर दिया जाएगा। वही ग्रामीणों ने नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में एसडीओ मनोज यादव यादव ने बताया, विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा घटना की जांच कराई जाएगी। इस घटना में विभाग की कोई लापरवाही नहीं प्रतीत हो रही है। जल्द ही जले हुए बिजली मीटरों को बदल दिया जाएगा।

### दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर। थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या के मामले में दो लोगों को व फतेहपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के लिए रवाना कर दिया है। मालूम हो मंगलवार को थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के सिगहा गांव में विवाहिता पिंकी द्वारा फंदा लगाकर जान देने के मामले में मृतका के पिता नन्नू निवासी गांव अमेरा की सूचना को आधार मानते हुए दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी पिंकेश कुमार पुत्र दिनेश कुमार व दिनेश पुत्र श्री राम निवासीगण सिंगहा थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी कड़ी में दहेज हत्या मामले में कोतवाली फतेहपुर पुलिस ने दहेज हत्या से सम्बन्धित उपरोक्त धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर आरोपी सर्वेश कुमार उर्फ प्रवेश पुत्र स्व. राजकुमार निवासी देवखेरिया को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

## दूधिया रोशनी से जगमगाएगा मरहला, आजाद मार्ग-गंगा बैराज रोड

■ सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ बाईक रैली निकाल कर क्षेत्र में भ्रमण किया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



रोशनी से जगमगाएगा उन्नाव कानपुर मार्ग- अब इस मार्ग का हर चौराहा बिखेरेगा नई भव्यता, मगरवारा मासवासी शुक्लागंज से कानपुर व मरहला से आजाद मार्ग, बैराज मार्ग होगा रोशन सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा रोड लाइट का शिलान्यास एवं भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया क्षेत्रीय जनता द्वारा नेहरू बाग से सहजनी चौराहा तक भव्य बाइक रैली निकाली गई। जिसमें सदर विधायक ने बाइक चलाकर सहजनी चौराहा पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अपने वक्तव्य में बताया के मुख्यमंत्री जी की अनुकम्पा से लोक निर्माण विभाग यांत्रिक लखनऊ के द्वारा उन्नाव से कानपुर के मार्ग पर हाई मास्क स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य किया जा रहा है पंकज गुप्ता द्वारा पूजन व शिलान्यास कर शुभारंभ किया गया यह मार्ग दूधिया रंग से जगमगा उठेगा। यह शुभारंभ स्थानीय देवतुल्य जनता जनार्दन की उपस्थिति में हुआ, जिनका सहयोग और समर्थन हमेशा प्रेरणादायक रहा है। इस मार्ग को बेहद सुंदर बनाने के सपनों की कड़ी में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। बहुत जल्द मेरी विधानसभा का यह प्रमुख मार्ग चमचमाती रोशनी से जगमगाएगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता, कार्यदाई संस्था के लोगों के साथ मंडल अध्यक्ष सुशील रावत, अवनीश गुप्ता, सर्वेश लोधी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा सुरेश शुक्ला, विनय तिवारीपुर सभासद, कोविंद परमार, विकास मिश्रा, ईशान त्रिवेदी, पंकज पटेल, ज्ञान शंकर, राहुल तिवारी, जावेद, प्रदीप योगी मगरवारा प्रधान राजकुमार, मसवासी प्रधान, पीपरखेड़ा प्रधान सतेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, बृजेंद्र सिंह, होरीलाल लोधी, संतोष, सत्येंद्र सिंह, बच्चा भैया पूर्व प्रधान गलगलहा, रामनरेश यादव, लाल, विक्रम सिंह, धीरज सिंह, रामजस गुप्ता, वीरू, नरेंद्र निषाद, मोनू रावत, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## यशिता ने स्टेट स्केटिंग चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया नगर का गौरव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



लखनऊ मे आयोजित 6 वीं ओपन यू. पी. स्टेट प्रमोशनल चैंपियन शिप 2025 मे गंगाघाट की यशिता गुप्ता ने दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया. रोलर स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता मे 10 से 12 साल कैटेगरी मे 500 मीटर 1000 मीटर दोनों मे दूसरा स्थान प्राप्त किया. यशिता गुप्ता क्लास 5 ष्ट केंद्रीय विद्यालय कानपुर की क्षात्रा है यशिता की माँ प्रियंका गुप्ता एवं पिता आशीष गुप्ता ने बताया की यशिता प्रोफेशनल कोच एम. डी. समीर खान से मार्च से प्रशिक्षण ले रही थी. 26 एवं 27 जुलाई को लखनऊ मे स्टेट लेवल प्रतियोगिता चौक स्टेडियम मे आयोजित की गयी थी जिसमे 500 एवं 1000 मीटर मे दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय, हमारा एवं जनपद का गौरव बढ़ाया. आगे के रास्ते ओलम्पिक तक यही से निकलते है. अक्सर लड़को को स्पोर्ट्स चुनने की आजादी होती है लेकिन लड़कियों के लिए बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. आज के आधुनिक युग मे ऐसी ही बच्चियां अलग - अलग स्पोर्ट्स मे हिस्सा लेकर स्कूल, नगर, प्रदेश एवं देश का गौरव बनती है. दिलचस्प बात यह भी है की नगर पालिका परिषद गंगाघाट की दो बार की अध्यक्ष उमा गुप्ता की पोती है यशिता जोकि महज 10 वर्ष की उम्र मे स्केटिंग स्पोर्ट्स को शौक के तौर पर शुरू किया पेरेंट्स ने बच्ची का क्षमता का आकलन कर प्रोफेशनल ट्रेनिंग करवाना शुरू किया जिसके परिणाम स्वरुप यहगौरव पूर्ण रिजल्ट देखने को प्राप्त हुए. यशिता उन बच्चियों के लिए मिशाल के रूप मे उभर कर आयी जो स्पोर्ट्स मे रूचि रखती तो है लेकिन कई बाध्यताओ के कारण आगे नहीं आती. सभी पेरेंट्स से निवेदन है की यदि आपकी बच्चियां किसी भी स्पोर्ट्स मे रूचि रखती है तो उन्हें एक मौका अवश्य दे।

### डिप्थीरिया के खिलाफ स्कूलों में होगा टीकाकरण

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अगस्त माह में स्कूल-आधारित टीडी और डीपीटी टीकाकरण अभियान चलाएगा। जिसके लिए नवाबगंज सीएचसी में बुधवार दोपहर ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।डॉ राजेश कुमार ने बताया अभियान के तहत क्षेत्र में कक्षा 1, 5 और 10 के बच्चों को टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। बच्चों को डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए महत्वपूर्ण अभियान है।डब्लूएचओ मॉनिटर अजय वर्मा ने बताया टीकाकरण सत्र में ए.ई.एफ.आई. के प्रबंधन हेतु एनाफाइलैक्सिस किट के साथ-साथ पैरासिटामोल टैबलेट की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।इस दौरान एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मौर्या, वीडीओ आशीष पटेल, वरिष्ठ लिपिक संजीव मिश्रा, प्रभारी सीडीपीओ सरोज प्रियदर्शी, यूनिसेफ मॉनिटर मो आसिफ, बीपीएम मलखान सिंह समेत अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सीएचसी अधीक्षक ने आशा एएनएम संगिनी की समीक्षा की

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



पुरवा सीएचसी प्रभारी डां दिनेश कुमार व बीसीपीएम इसहाक अली ने आन लाइन सीएच ओ व ए एन एमव संगिनी व आशा से बैठक करके छ बिंदुओं के कार्यो की समीक्षा हुई। आभा आईडी 1 लाख 67 हजार 989के सापेक्ष 92027 ही बन सकी हैं। दस्त अभियान के तहत डायरिया रोको अभियान के तहत 0से 5वर्ष के बच्चे 11हजार के सापेक्ष 394 की फीडिग ई कवच एप में फीड करे। कुपोषित बच्चे 82 के सापेक्ष 67 की फीडिंग ई कवच में पाई । 24 ए एन एम सेंटर है। जिसमें प्रत्येक सेंटर से तीन तीन परिवार नियोजन कराने के लिए सीएचसी में नसबंदी शिविर एक अगस्त को कराने को कहा गया हैं। बीसीपीएम इसहाक अली ने कार्यो का डेटा प्रस्तुत किये। सीएचसी प्रभारी डां दिनेश कुमार एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने को कहा ।वरना जुलाई माह का वेतन रोकने के लिए चेतावनी दी आन लाइन में प्रियका, लक्ष्मी, उपमा, भाविनी, गरिमा, मनीषा, सुमन, संजू समेत 40 जुडे थे।

## आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण, कायाकल्प, सम्भव अभियान प्रगति समीक्षा की गयी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



बुधवार को विकास भवन सभागार, उन्नाव में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा एफ0आर0एस0, पोषण टैकर, सैम बच्चों का चिन्हांकन, नैफेड एवं टी0एच0आर0 द्वारा आपूर्तित पोषाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति, पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चें, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण, कायाकल्प, सम्भव अभियान प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ज्यादा-ज्यादा लाभान्वित करने तथा सम्भव अभियान 5.0 चिन्हित सैम बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर फींडिग कराने तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों को समय से पूर्ण कराने के सम्बन्ध में सम्बन्धित कन्वर्जन विभागाध्यक्षों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी/ प्रभारी को निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, नवनियुक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार उन्नाव, सहित समिति के अन्य सदस्य, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दंगल में पहलवानों ने आजमाये दांव-पेंच

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। शेषपुर टूटरु में नाग पंचमी के दूसरे दिन परंपरागत हापा मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में हर साल की तरह इस बार भी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बुधवार को आयोजित दंगल में क्षेत्रीय पहलवानों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम की शुरुआत छोटे बच्चों की कुश्ती से हुई। इसके बाद बड़े पहलवानों ने भी अपने दांव-पेंच दिखाए। प्रतियोगिता दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक चलती रही। दंगल में विभिन्न मुकाबले हुए जिनमें विकालू यादव, निखिल तेलवारी, मुलायम यादव, राम पहलवान, गोलू पहलवान, राहुल मापती, बब्बी तेलवारी, सिद्दिक तेलवारी, शेखर पहलवान, विशाल सझीम, अंशू धुरु जैसे कई पहलवानों ने हिस्सा लिया। विजेता पहलवानों को 100 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के नकद पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में भीति, सनावा, रानीपुरवा, सहित आसपास के कई गांवों से लोग पहुंचे। इस मौके पर आयोजक रामू अवस्थी, प्रियांशु, विजय, अनुज सिंह, राघवेंद्र और ज्ञानू बाबा थे। दंगल देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### युवक को दबंग ने पीटा, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। कोतवाली नगर अन्तर्गत मंगलवार दोपहर एक दबंग व्यक्ति ने अपनी दबंगई दिखायी। उसने सरेषाम एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी और जमकर अपमानित किया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली प्रभारी नगर ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली बदोसरांय के ग्राम किन्तूर निवासी प्रभात कुमार यादव पुत्र विनोद यादव बीती 29 जुलाई की दोपहर को बस स्टॉप से कचेहरी अपने चचेरे भाई अंकुर यादव के साथ में कचेहरी जा रहा था तभी कोतवाली बदोसरांय के ग्राम किन्तूर निवासी दबंग व्यक्ति चांदबाबू पुत्र मो. उमर ने प्रभात कुमार का रास्ता रोका और उसको जमकर पहले अपषब्दों से अपमानित किया और जमकर पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो चांद बाबू ने प्रभात कुमार को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से निकल भागा। पीड़ित प्रभात ने कोतवाली नगर में जा करके नामजद तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरु कर दी है। गौरतलब हो कि चांद बाबू का बदोसरांय क्षेत्र में आतंक व्याप्त है और आयेदिन किसी न किसी से मारपीट और बदसलूकी करना उसकी आदत में शुमार है।

### लोकसभा में बोले कांग्रेस सांसद, न्यायालयों में जजों की कमी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने संसद में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन का मामला उठाया। उन्होने नियम संख्या 377 विषेष उल्लेख के माध्यम से अपनी बात रखी। श्री पुनिया ने कहा कि भारत की न्यायिक व्यवस्था बहुत ही कमजोर हो रही है। जजों की कमी और मुकदमों की बढती संख्या के कारण जजों पर अधिक केस सुनने का भी दबाव है। देश के हाई कोर्ट्स में 1,114 पदों में से 350 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं, जिला अदालतों में भी 5 हजार से अधिक जजों के पद रिक्त चल रहे हैं। श्री पुनिया ने यह भी कहा कि न्याय मिलने में देरी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट में 60 हजार और हाई कोर्ट में 58 लाख और जिला अदालतों में 4 करोड 50 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें बडी संख्या में गरीब दलित और आदिवासी हैं। ऐसी स्थिति में शीघ्र न्याय देना बडी चुनौती बन गई है। श्री पुनिया ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 312 के प्रावधानों के अनुसार अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना की जानी चाहिए जिससे राष्ट्रीय न्यायिक चयन प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से भर्ती होने पर अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को भी लाभ प्राप्त हो सकेगा एवं न्यायिक सेवा में आरक्षित वर्गों की कमी को भी पूरा किया जा सकेगा। श्री पुनिया ने मांग करते हुए कहा कि संविधान में दिए गए प्रावधानों के अनुसार अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना की जाए तथा अदालतों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए।

## राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा: नड्डा बोले, 2014 से पहले हर जगह बम ब्लास्ट होते थे

# यूपीए सरकार पाकिस्तान को मिठाई खिलाती रही

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद में मानसून सत्र के 8वे दिन राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर लगातार दूसरे दिन चर्चा हुई। भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले हर जगह बम ब्लास्ट होते थे, लेकिन यूपीए सरकार पाकिस्तानियों को मिठाई खिलाती रही। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- हम पाकिस्तान का सच दुनिया के सामने लाए। खून-पानी एक साथ नहीं चलेगा। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह शाम 6.30 बजे ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा पर राज्यसभा में जवाब देंगे। ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में बहस मंगलवार को जबकि लोकसभा में शुरू हुई थी। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, जेडीयू सांसद संजय कुमार झा सहित कई सांसदों ने भाग लिया।



### टीएमसी सांसद बोलीं, भारत अमेरिका का गुलाम बन गया

टीएमसी सांसद ममता ठाकुर ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कहा- दुनिया देख सकती है कि भारत किस तरह पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अमेरिका का गुलाम बन रहा है। युद्धविराम सफल नहीं रहा। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने राज्यसभा में कहा- मोदी जी एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो। कल शाम टेलीविजन पर शुभम द्विवेदी की पत्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी कुछ चीजों के बारे में बोला, लेकिन मारे गए 26 लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा। अब मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आप सिंदूर की कीमत क्या जानते हो।

### नड्डा ने कहा, 2004 से लेकर 2014 तक हर शहर में धमाके होते थे

नड्डा ने कहा कि 1971 में हमने एक स्वर में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी को पाकिस्तान विभाजन पर बधाई दी थी। जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि 2004 से लेकर 2014 तक हर शहर में धमाके होते थे। उस समय की सरकार असंवेदनशील थी। हमारे पास वही पुलिस और सेना थी, लेकिन उस समय कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। 2009 के एससीओ शिखर सम्मेलन में 2008 में हुए इतने बड़े आतंकी हमले का कोई जिक्र नहीं हुआ। उस समय की सरकार ने मुंबई हमलों को आरएसएस के साथ साजिश बताया और भगवा आतंकवाद के पीछे पड़े रहे।

### नड्डा बोले, पहलगाम पर हमले की पूरी क्रोनोलॉजी समझनी चाहिए

जेपी नड्डा ने कहा कि 2004-2014 का समय देखिए, उस वक्त की सरकार ने कई आतंकी घटनाओं पर कोई एक्शन नहीं लिया। यूपीए के गृहमंत्री कहते थे कश्मीर जाने में डर लगता था। 2005 में श्रमजीवी ब्लास्ट हुआ, कोई एक्शन नहीं हुआ। उस समय की सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। पहलगाम पर सवाल उठाने वाले पहले अपने गिरेबां में झांक कर देखें। जेपी नड्डा ने कहा कि यूपीए के गृहमंत्री कहते थे कश्मीर जाने में डर लगता था। आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकती। हमले होते रहे हम बिरयानी खिलाते रहे। वो आतंकी हमले करते हम डोजियर भेजते रहे। यूपीए सरकार के दौरान जगह-जगह बम धमाके होते थे। पहलगाम पर हमले की पूरी क्रोनोलॉजी समझनी चाहिए। विपक्ष पर अटैक करते हुए कहा कि हाफिज सईद को जी कहकर बुलाते थे।

### नड्डा बोले, पीएम मोदी ने जो कहा, उसे कर दिखाया

नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी की राजनीतिक इच्छाशक्ति देखिए। पहलगाम हमले के बाद मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान ने बहुत बड़ी गलती कर दी थी। उन्होंने पूरी दुनिया को संदेश दिया कि आतंकवादियों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी। इपहलगाम हमले के 13 दिन में ही आतंकियों को करारा जवाब दिया। पहले ये होता था हम देखेंगे, हम जवाब देंगे। पहलगाम पर पीएम मोदी ने पाकिस्तान को करारा संदेश दिया। 300 किमी. अंदर जाकर पाकिस्तान के एयरबेस को तबाह किया। 22 मिनट में ही हमने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले का जवाब दिया।

### राहुल ने कहा, ट्रम्प के आगे पीएम मोदी बोल नहीं पा रहे

प्रधानमंत्री ने ट्रम्प का नाम नहीं लिया। ये सबको मालूम है क्या हुआ है और प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं। अगर इन्होंने बोल दिया, तो ट्रम्प खुलकर बोलेंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे, इसलिए प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं। ट्रम्प बार-बार एक ही बात को इसलिए दोहरा रहे हैं, क्योंकि वो ट्रेड डील में नरेंद्र मोदी को दबाएंगे। आप देखना कैसी ट्रेड डील बनती है।

खड़गे ने कहा- लीडरशिप का मतलब है जिम्मेदारी लेना, न कि किसी को दोष देना। वे (मोदी) जवाब नहीं देंगे, वे अपने दोस्तों-मंत्रियों से कहेंगे कि जाओ जो कहना है कहो। 11 साल में कभी बहस में शामिल नहीं होते। एक व्यक्ति को इतना बढ़ावा मत दो, भगवान मत बनाओ। लोकतांत्रिक रूप से आया है, उसे इज्जत दो, पूजा मत करो।

### सिंधु जल संधि समझौता हैरान करने वाला था: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, सिंधु जल संधि कई मायनों में एक अनूठा समझौता है। मैं दुनिया में ऐसे किसी भी समझौते के बारे में नहीं सोच सकता जहां किसी देश ने अपनी प्रमुख नदियों को उस नदी पर अधिकार के बिना दूसरे देश में बहने दिया हो। इसलिए यह एक असाधारण समझौता था और, जब हमने इसे स्थगित कर दिया है, तो इस घटना के इतिहास को याद करना महत्वपूर्ण है। कल मैंने लोगों को सुना, कुछ लोग इतिहास से असहज हैं। वे चाहते हैं कि ऐतिहासिक चीजों को भुला दिया जाए। शायद यह उन्हें शोभा नहीं देता, वे केवल कुछ चीजों को याद रखना पसंद करते हैं।

## कैश कांड: सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस वर्मा को फटकार

### कहा, आपके व्यवहार से भरोसा नहीं होता, जांच कमेटी की प्रक्रिया पर ऐतराज था तो तभी क्यों नहीं आए



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के आचरण पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि उनका व्यवहार भरोसे के लायक नहीं है और पूछ कि अगर उन्हें जांच समिति की प्रक्रिया पर ऐतराज था तो उन्होंने उसी वक्त उसे चुनौती क्यों नहीं दी। बेंच में शामिल जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ए.जी. मसीह ने कहा कि जस्टिस वर्मा को पहले ही सुप्रीम कोर्ट आना चाहिए था, न कि अब जब जांच समिति ने उन्हें दोषी पाया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि महाभियोग संसद की प्रक्रिया है। मुख्य न्यायाधीश द्वारा महाभियोग की सिफारिश किया जाना गलत है। दरअसल, जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की गई है। रिपोर्ट में घर में कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है।

### जस्टिस वर्मा की याचिका पर पहले दो बार सुनवाई हो चुकी

**28 जुलाई:** सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से पूछा था, आप जांच कमेटी के सामने क्यों पेश हुए। क्या आपने पहले वहां से फैसला अपने हक में लाने की कोशिश की। वहीं, जस्टिस वर्मा की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील रखी।

**23 जुलाई:** जस्टिस वर्मा ने अपनी याचिका को लेकर कहा था कि इसमें कुछ संवैधानिक मुद्दे हैं। कृपया जल्द से जल्द बेंच गठित करें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मामले पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित करेंगे।

### 'घर से नोट मिलना साबित नहीं करता कि ये मेरे थे'

18 जुलाई को जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने तर्क दिया था कि उनके आवास के बाहरी हिस्से में कैश बरामद होने मात्र से यह साबित नहीं होता कि वे इसमें शामिल हैं, क्योंकि आंतरिक जांच समिति ने यह तय नहीं किया कि नकदी किसकी है या परिसर में कैसे मिली। समिति के निष्कर्षों पर सवाल उठाते हुए उनका तर्क दिया है- ये अनुमान पर आधारित है। याचिका में जस्टिस वर्मा का नाम नहीं है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट डायरी में इसे 'एक्सएक्सएक्स बनाम भारत सरकार व अन्य' के टाइटल से दर्ज किया गया है।

## बाबाविश्वनाथ के किया था श्रीरामचरितमानस की सत्यता और पवित्रता को प्रमाणित


जन एक्सप्रेस। विशेष

जन्म लेते ही राम नाम को उच्चारित करनें वालें रामबोला नें रामचरितमानस के सरल और मंगलमय रचना द्वारा अवधी और ब्रज भाषा को शिखर पर पहुंचा दिया ।साथ ही अपनी रचना द्वारा भगवान राम को मर्यादापुरुषोत्तम ,शीलवान ,धैर्यवान और शक्तिवान आदि विशेषणों से महिमामंडित करतें हुए ,श्रीराम के चरित्र को आम जन के समझनें लायक बना दिया। गोस्वामी जी की ज्यादातर रचनाएँ अवधि और ब्रज भाषा में हैं,जिनका सार एक अनपढ़ भी सुनकर समझ सकता हैं। इस घोर कलियुग में तुलसीदास जी कवि और संत दोनों परंपराओं का तन्मयता के साथ निर्वहन किया। रामचरितमानस की रचना की प्रेरणा तुलसीदास को भगवान शिव द्वारा ही प्राप्त हुई थी ,जब तुलसीदास जी यमुना तीर बसें अपनें गाँव से गंगा किनारे बसें काशी में आकर रहनें लगें थें,वहीं पर एक दिन सपने में भगवान शिव ने तुलसीदास को अपनी भाषा में काव्य रचना का आदेश दिया। जैसा योग रामजी के जन्म के समय था वैसे ही योग में तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस की रचना प्रारम्भ की ।आज वाराणसी का तुलसीघाट वही स्थान हैं,जहां गोस्वामी जी नें ज्यादातर गंगा किनारे बैठकर रामचरितमानस की रचना की हैं



प्रतीक तिवारी





और आज जहां वाराणसी में संकटमोचन मंदिर हैं वहां रूद्रावतार हनुमान नें तुलसीदास जी को समय -समय पर दर्शन देकर रामचरितमानस कि रचना में मार्गदर्शन किया हैं। दो वर्ष, सात महीने और छब्बीस दिन में यह अद्भुत ग्रन्थ सम्पन्न हुआ। वहाँ उन्होंने भगवान विश्वनाथ और माता अन्नपूर्णा को अपनें द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस को सुनाया। उनकीं प्रसिद्धि से उस समय के बड़े-बड़े विद्वान,पंडित उनसे जलने लगें,विद्वानों नें यह मानना अस्वीकार कर दिया की कोई साधारण सा संत या कवि भगवान राम के चरित्र का सटीक वर्णन क्षेत्रीय भाषा में कैसें कर सकता हैं,गोस्वामी जी नें हर एक बात संत समाज के सामनें रखी पर कोई उनपर विश्वास करनें को तैयार नहीं था,सब उनकी बातों का खंडन कर रहें थें। तब निर्णय लिया गया कि रात्रि में रामचरितमानस की कृतियाँ बाबा विश्वनाथ जी के गर्भगृह में रखीं जाऐंगी ,वही इस कृति की वस्तुनिष्ठता , विश्वसनीयता और सत्यता को प्रमाणित करेंगे ।रात्रि को पुस्तक विश्वनाथ मन्दिर के गर्भगृह में रख दी गयी, प्रातःकाल जब मन्दिर के पट खोले गये तो पुस्तक पर सत्यं शिवं सुन्दरम् लिखा हुआ पया गया जिसके नीचे भगवान शंकर की सही (पुष्टि) थी। उस समय वहाँ उपस्थित लोगों ने सत्यं शिवं सुन्दरम् की आवाज भी अपनें कानों में गुंजायमान होतें हुए महसूस किया । बाबा विश्वनाथ नें अपनें इस संकेत और हस्ताक्षर द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस ग्रंथ की सत्यता और पवित्रता को प्रमाणित कर दिया ,और अपनें भक्त की लाज रख ली और रामचरितमानस मानस जैसें पवित्र और मंगलकारी ग्रंथ को विद्वान एव संत समाज के साथ संपूर्ण विश्व ने बड़े आदरभाव से स्वीकार कर लिया।

## गाजियाबाद के नए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदार ने संभाला कार्यभार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में किए गए आईएएस अधिकारियों के तबादले के तहत गाजियाबाद को नया जिलाधिकारी (डीएम) मिला है। रविंद्र कुमार मंदार ने गाजियाबाद के नए जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह प्रयागराज के जिलाधिकारी के पद पर तैनात थे, जहां उन्होंने महाकुंभ 2025 जैसे विशाल आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया था। 1988 में जयपुर, राजस्थान में जन्मे रविंद्र कुमार मंदार 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी प्रशासनिक सेवा के दौरान रामपुर, जौनपुर, फिरोजाबाद और आगरा जैसे जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। प्रयागराज में उनके कार्यकाल के दौरान 900 से अधिक तालाबों का निर्माण करवाकर जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके अलावा, उन्होंने मिशन समर्थ के तहत 61 दिव्यांग बच्चों की सर्जरी करवाकर और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बेघरों को आवास प्रदान कर सामाजिक कार्यों में भी सराहनीय योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 28 जुलाई 2025 की देर रात 23 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए, जिसमें गाजियाबाद के पूर्व डीएम दीपक मीणा को गोरखपुर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं, रविंद्र मंदार को प्रयागराज से गाजियाबाद स्थानांतरित किया गया। इस फेरबदल को राज्य सरकार की विकास योजनाओं को गति देने और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यहां के नए जिलाधिकारी के रूप में रविंद्र मंदार के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें यातायात प्रबंधन, अवसंरचना विकास, और ग्रेटर गाजियाबाद जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स को गति देना शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में घोषित ग्रेटर गाजियाबाद प्रस्ताव के तहत नए डीएम पर विकास कार्यों कार्यभार संभालने के बाद रविंद्र कुमार मंदार ने कहा, गाजियाबाद एक गतिशील और महत्वपूर्ण जिला है। मेरा प्रयास होगा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए और जिले के समग्र विकास के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम किया जाए।

## इसरो ने सबसे महंगा और पावरफुल सैटेलाइट निसार लॉन्च किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीहरिकोटा

अब तक के सबसे महंगे और सबसे पावरफुल अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट निसार को आज यानी, बुधवार 30 जुलाई को लॉन्च किया गया। इस मिशन पर 1.5 बिलियन डॉलर यानी करीब 12,500 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5ः40 बजे जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। ये रॉकेट निसार को 743 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूरज के साथ तालमेल वाली सन-सिंक्रोनस कक्षा में स्थापित करेगा, जिसका झुकाव 98.4 डिग्री होगा। इसमें करीब 18 मिनट लगेंगे। इस सैटेलाइट को नासा और इसरो दोनों ने मिलकर बनाया है। निसार 747 किमी की ऊंचाई पर पोलर ऑर्बिट में चक्कर लगाएगा। पोलर ऑर्बिट एक ऐसी कक्षा है जिसमें सैटेलाइट धरती के ध्रुवों के ऊपर से गुजरता है। इस मिशन की अवधि 5 साल है।

## ज्यादा शिकायत किया तो आप पेशेवर शिकायतकर्ता घोषित हो जायेंगे

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

अगर आप गाजियाबाद नगर निगम के कमियों को उजागर करके लगातार जनता के हितों की बातें करेंगे तो आप पेशेवर शिकायतकर्ता घोषित हो सकते हैं , जी हां ऐसा खुद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक कह रहे हैं। जिसके बाद सोशल मीडिया में जमकर उनकी आलोचना शुरू हो गई है। लेकिन ना उनके और ना ही विभाग के सेहत पर कुछ फ़र्क पड़ने वाला है। जनता की शिकायतों पर निगम प्रशासन अथवा निगम अधिकारी कितने सजग रहते हैं , उसका जवाब हल्की बरसात के बाद जिले में जल भराव देखकर किया जा सकता है। पानी निकासी के दावे और प्रचार हवा हवाई साबित हो रहे हैं।

### कानूनी नोटिस पर क्यों बिफरे नगरायुक्त

गाजियाबाद के वसुंधरा क्षेत्र के निवासी और व्यवसायिक गतिविधियों के साथ सामाजिक कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अमित किशोर ने नगर निगम की व्यवस्थाओं को कारक बताते हुए उनके महंगी गाड़ी के क्षति की भरपाई के लिए कानूनी नोटिस भेजा । जिसके बाद नगर निगम गाजियाबाद प्रशासक विक्रमादित्य सिंह मलिक खुद सामने आकर शिकायतकर्ता के सवालों के जवाब देने के साथ उन्हें पेशेवर शिकायतकर्ता के रूप में चिन्हित किया। क्या सरकारी सेवाओं की कमियां उजागर और निवारण की शिकायत करना गलत है ? यह प्रश्न अब बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। नगर निगम की कार्यशैली कागजों पर सक्रिय तो जमीनी हक़ीक़त उससे बिल्कुल उलट है। कूड़ा निस्तारण से लेकर विकास योजनाओं का खाका बनाकर भले सोशल मीडिया में वाहवाही लूटी जा रही हो लेकिन जनता आज भी निगम और उसके अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर खिन्न है।




### ट्रिपल इंजन सरकार फिर भी भाजपाई पार्षद लाचार

नगर निगम गाजियाबाद प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली की बात करें तो खुद सदन की कार्यवाही रजिस्टर की प्रति पाने के लिए भाजपा पार्षदों को धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और जिले के विधायक सुनील शर्मा , सांसद अतुल गर्ग , महापौर सुनीता दयाल सहित भाजपा विधायकों की उपस्थिति में निगम की हुई बोर्ड बैठक में डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स वसूली निरस्त करने सहित अन्य प्रस्ताव सर्व सम्मति से स्वीकृत हुए । लेकिन अभी तक निगम अधिकारी पार्षद दल को उसकी लिखित में मिनट्स नहीं दे रहे हैं। ये है गाजियाबाद नगर निगम की कार्यशैली । उसके बाद भी उसे जनता के हितों के साथ खड़े होने वाले पेशेवर शिकायतकर्ता दिखते हैं।

### भाजपा संगठन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी

हाउस टैक्स वृद्धि के मुद्दे पर भरे सदन से प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद जिस प्रकार से लगातार बिल जारी हुए उससे जनता में आक्रोश और बढ़ने लगा है । नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों की कार्यशैली पर खुद भाजपा पार्षद और नेता प्रश्नचिन्ह उठा रहे है। भाजपा महानगर अध्यक्ष सहित महापौर सहित सांसद,विधायक की रहस्यमी चुप्पी नगर आयुक्त के प्रभाव को दिखाती है। खुद भाजपा के नेता और पार्षद सदन के मिनट्स के लिए धरना देने मजबूर हो रहे हो मंत्री, सांसद और विधायक से मुलाकात कर रहे हो उसके बाद भी एक पखवारे के बाद भी संतोषपूर्ण कार्यवाही नहीं होना भाजपा के नेताओं की भूमिका पर बड़ा प्रश्नचिन्ह भी खड़ा कर दिया है। आगामी आने वाले समय में जनता अब सीधे ऐसे जनप्रतिनिधि से सवाल जरूर करेगी जिसका जवाब आसान नहीं होगा।

## गाजियाबाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई: 10 घंटे से कम समय में हत्या की घटना का खुलासा

- हत्या के बाद शव को छिपाने के उद्देश्य से नाले में फेंकने वाले अभियुक्त को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्या की घटना का पुलिस ने मात्र 10 घंटे से कम समय में खुलासा कर अपनी तत्परता और दक्षता का परिचय दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सैन विहार नाले में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। साथ ही, अज्ञात महिला की पहचान और हत्यारे की तलाश के लिए थाना स्तर पर तीन विशेष टीमें गठित की गईं। मृतक महिला की शिनाख्त दिल्ली निवासी पूजा के रूप में की। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मैनुअल इनपुट्स के आधार पर हत्यारे की पहचान की। हत्या के बाद शव को छिपाने के उद्देश्य से नाले में फेंकने वाले अभियुक्त को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस की इस तेजी और कुशलता ने न केवल मामले का 10 घंटे से कम समय में खुलासा किया।

## सेना का ऑपरेशन शिवशक्ति, पुंछ में 2 आतंकी ढेर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। अधिकारियों के मुताबिक, बॉर्डर पर तैनात जवानों ने मंगलवार देर रात देगवार सेक्टर के मालदीवलन इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी। जिसके बाद एनकाउंटर शुरू हुआ। इस ऑपरेशन को शिवशक्ति नाम दिया गया। आतंकियों के पास से 3 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। पिछले तीन दिनों में सेना का यह दूसरा एनकाउंटर है। श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को ढेर किया था।

## संयुक्त राष्ट्र ने माना- पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ जिम्मेदार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सेंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने ग्लोबल टेररिस्ट संगठनों पर बुधवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें माना कि पहलगाम हमले के लिए द रेजिस्टेंस फ्रंट जिम्मेदार है। टीआरएफ ने हमले के बाद दो बार जिम्मेदारी ली। टीआरएफ ने हमले वाले दिन 22 अप्रैल को घटनास्थल की फोटो भी प्रकाशित की थी। अगले दिन फिर से जिम्मेदारी ली, लेकिन 26 अप्रैल को अचानक अपना दावा वापस ले लिया। इसके बाद टीआरएफ ने कोई और बयान नहीं दिया और किसी अन्य संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। संयुक्त राष्ट्र की यह 36वीं रिपोर्ट आतंकी संगठनों आईएसएलएल, अल-कायदा और उनसे जुड़े गुटों पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सदस्य देश ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा की मदद के बिना संभव नहीं था। टीआरएफ और एलईटी के बीच संबंध हैं। जबकि एक अन्य सदस्य देश ने एलईटी को निष्क्रिय बताया और इन दावों को खारिज किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पहलगाम क्षेत्र में हालात बहुत संवेदनशील हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)